**सच, सिर्फ सच** **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 04 अक्टूबर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 270, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स 1,769 अंक लुढ़का

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से पैदा हुई चिंता के बीच सेंसेक्स में 1,769 अंक और निफ्टी में 547 अंक की भारी गिरावट दर्ज की गयी। } 14

## युवा पीढ़ी के बल पर विकसित होगा भारत

2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। आपकी पीढ़ी के योगदान के बल पर ही यह राष्ट्रीय लक्ष्य प्राप्त करना संभव होगा। मैं आशा करती हूं कि आप राष्ट्र निर्माण में यथाशक्ति योगदान देंगे। } 16



## द्वितीयं-ब्रह्मचारिणी



दधाना करपद्माभ्यामक्षमला कमण्डलू।
देवीप्रसीदतु मयि ब्रह्मद्दचारिण्यनुत्तमा॥
शिवजी को पति के रूप में प्राप्त करने के लिये उन्होंने ब्रह्म अर्थात ईश्वर का कठिन तप किया एवं शिव पत्नी हुई।

## योनेक्स सनराईज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता बैडमिंटन चैम्पियनशिप आज से

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योनेक्स सनराईज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल उप्र स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप, गोमती नगर स्थित बीबीडी अकादमी के बैडमिंटन हॉल में 4 से 6 अक्टूबर तक संपन्न होगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की स्मृति में प्रति वर्ष सम्पन्न करायी जाती है, जो स्वयं में एक जाने-माने खिलाड़ी रहे हैं। उप्र बैडमिंटन अकादमी उन्हीं के नेतृत्व में मूर्त रूप ले सकी है। जिसमें प्रतिवर्ष होनहार बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

इस चैम्पियनशिप का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि उप्र बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास और प्रसार भारती के चेयरमैन व उप्र बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल करेंगे।

यह जानकारी देते हुए उप्र बैडमिंटन संघ के सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह ने गुरुवार को बताया कि इस चैम्पियनशिप में प्रदेश के करीब 200-250 पुरुष-महिला खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस चैम्पियनशिप के आधार पर राज्य की टीम चुनी जायेगी, जो दिसम्बर माह में कर्नाटक में राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप मे हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को कुल पांच लाख रुपये की पुरस्कार राशि के रूप में दी जायेगी। जो प्रतिवर्ष की भांति बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ के सौजन्य से उपलब्ध करायी गयी है। इस चैम्पियनशिप ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कांग्रेस ने देश को जाति, धर्म, भाषा व क्षेत्र के नाम पर बांटा

### चुनाव प्रचार के अंतिम दिन हरियाणा के कलायत में विपक्ष पर गरजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी**

कैथल। हरियाणा के कलायत में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज को जाति, धर्म, भाषा व क्षेत्र के नाम पर बांटना कांग्रेस के डीएनए में शामिल है। कांग्रेस ने समाज को टुकड़ों में बांट कर समाज का आधार कमजोर किया है। यदि आधार कमजोर तो सनातन समाज कमजोर होगा। यदि सनातन समाज कमजोर होगा तो देश कमजोर होगा। कांग्रेस का हाथ सदा ही माफिया व दंगाइयों के साथ रहा है।

वहीं, भाजपा पूरे देश में समान रूप से विकास करवा कर देश को एक कड़ी में पिरो रही है। योगी ने कहा कि कांग्रेसजो काम 65 साल में नहीं कर सकी, उसे भाजपा ने कुछ ही समय में पूरा करके दिखा दिया। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या कांग्रेस राम मंदिर बनवा सकती थी। क्या कांग्रेस पार्टी कश्मीर से धारा 370 हटवा सकती थी। कांग्रेस ने तो लोकसभा चुनाव में कहा था कि अगर द भाजपा सत्ता में आई तो संविधान समाप्त कर देगी और देश से आरक्षण को समाप्त कर देगी। भाजपा सत्ता में आई और ऐसा कुछ हुआ क्या। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल झूठ की राजनीति करती है। कोई भी सभ्य व ईमानदार व्यक्ति कांग्रेस के साथ नहीं खड़ा है।



योगी ने कहा कि हरियाणा में यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो फिर से माफिया हावी होंगे और क्षेत्रवाद व परिवारवाद बढ़ेगा। हरियाणा का मतदाता बहुत ही समझदार हैं। वह कभी भी कांग्रेस की झूठी और फरेबी बातों में नहीं आएंगे। इसलिए वे कलायत में आकर भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट मांग रहे हैं। निवर्तमान विधायक के पिछले कार्यकाल की सराहना करते हुए योगी ने कहा कि उन्होंने वैसे तो पूरे विधानसभा में समान विकास कार्य करवाए हैं। सबसे बेहतर बात यह है कि उन्होंने अपने छोटे से विधानसभा क्षेत्र में तीन-तीन महिला कॉलेज शुरू किए हैं, जिसके लिए वे उनको साधुवाद देते हैं। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि कलायत से भाजपा प्रत्याशी को विधायक बनाने से ही उनकी केंद्र में ताकत बढ़ेगी। कलायत से मतदाता निवर्तमान विधायक को ही नहीं, बल्कि उन्हें और नरेंद्र मोदी को भी मजबूत कर रहे हैं।

## संक्षेप

### अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

बरेली। सिरौली के कल्याणपुर गांव में अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से पांच मकान ढहने और 6 लोगों की मौत के बाद जहां मुख्य आरोपी नासिर को गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं, एसएसपी अनुराग आर्य ने दरोगा देशराज सिह, नाहर सिंह, सिपाही अजय व सुरेंद्र के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। साथ ही थाना प्रभारी रवि कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। सीओ गौरव सिंह व सीएफओ चंद्रमोहन शर्मा के विरुद्ध जांच बैठा दी है। पटाखा फैक्ट्री का लाइसेंस पहले ही निरस्त किया जा चुका है। सवाल यह उठ रहा है कि इस अवैध पटाखा फैक्ट्री में इतनी बड़ी तादाद में बारूद कहां से आया। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया। गौरतलब हैकि थाना सिरौली के कऊआटोला निवासी नासिर के घर में 21 सितंबर को छत पर रखी

### हरियाणा विस चुनाव के लिए प्रचार थमा

चंडीगढ़। हरियाणा में पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान बृहस्पतिवार शाम समाप्त हो गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता विरोधी लहर को मात देकर लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए प्रयासरत है, वहीं कांग्रेस को उम्मीद है कि एक दशक के लंबे अंतराल के बाद उसकी सत्ता में वापसी होगी। चुनाव में दो करोड़ से अधिक मतदाता मतदान के पात्र हैं जिनमें 8,821 मतदाताओं की उम्र 100 साल से अधिक है। शाम छह बजे चुनाव प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले, प्रमुख दलों भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, इनेलो-बसपा और जजपा-आज़ाद समाज पार्टी ने रैलियां और रोड शो कर मतदाताओं को आकर्षित करने के प्रयास किए।

# राष्ट्रीय कृषि विकास और उन्नति योजना को मंजूरी

### किसानों से जुड़ी 1.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक की योजनाएं स्वीकृत, खाद्य तेल-तिलहन पर राष्ट्रीय मिशन को हरी झंडी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहन और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बृहस्पतिवार को एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय वाली दो बड़ी कृषि योजनाओं को मंजूरी दी। इन योजनाओं के नाम पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई) और कृषोन्नति योजना (केवाई) हैं।

मंत्रिमंडल ने टिकाऊखेती को बढ़ावा देने के लिए पीएम-आरकेवीवाई और आत्मनिर्भरता के लिए खाद्य सुरक्षा हासिल करने के लिए कृषोन्नति योजना को मंजूरी दी। सरकार ने

**❍ केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मराठी, बांग्ला समेत पांच भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने को मंजूरी दी**

सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा कि इन दोनों कृषि योजनाओं पर कुल मिलाकर 1,01,321.61 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके मुताबिक, मंत्रिमंडल ने कृषि मंत्रालय के तहत संचालित होने वाली सभी केंद्र-प्रायोजित योजनाओं को दो विस्तृत योजनाओं में युक्तिसंगत बनाने की मंजूरी दी है। वहीं एक अन्य निर्णय में सरकार ने भारत को खाद्य तेलों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए 10,103 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ खाद्य तेल-तिलहन पर राष्ट्रीय मिशन को मंजूरी दी है। भारत अपनी खाद्य तेल की वार्षिक जरूरत का 50 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा अगले सात वर्षों में तिलहन उत्पादन मामले में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के मकसद से मंत्रिमंडल ने वर्ष 2024-25 से वर्ष 2030-31 के लिए 10,103 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ-तिलहन) को मंजूरी दी है। सरकार ने कहा कि मिशन का लक्ष्य वर्ष 2022-23 के प्राथमिक तिलहन उत्पादन को 3.9 करोड़ टन से बढ़ाकर वर्ष 2030-31 तक 6.97 करोड़ टन करना है। इसमें कहा गया है, इसका उद्देश्य तिलहन की खेती को अतिरिक्त 40 लाख हेक्टेयर में बढ़ाना है। भारत, इंडोनेशिया और मलेशिया से पामतेल तथा ब्राजील और अर्जेंटीना से सोयाबीन तेल का आयात करता है। यहां सूरजमुखी को मुख्य रूप से रूस और यूक्रेन से आयात किया जाता है। वहीं केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बांग्ला भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, यह एक ऐतिहासिक निर्णय है और यह फैसला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राजग सरकार के हमारी संस्कृति को आगे बढ़ाने, हमारी विरासत पर गर्व करने और सभी भारतीय भाषाओं तथा हमारी समृद्ध विरासत पर गर्व करने के दर्शन के अनुरूप है।

सरकार ने कहा कि शास्त्रीय भाषाएं भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की संरक्षक के रूप में काम करती हैं, तथा प्रत्येक समुदाय के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक सार को प्रस्तुत करती हैं। भारत सरकार ने 12 अक्टूबर 2004 को शास्त्रीय भाषा के रूप में भाषाओं की एक नई श्रेणी बनाने का निर्णय लिया, जिसके तहत तमिल को शास्त्रीय भाषा घोषित किया गया तथा उसके बाद संस्कृत, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और उड़िया को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि 2013 में महाराष्ट्र सरकार की ओर से एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था जिसमें मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने का अनुरोध किया गया था। इस प्रस्ताव को भाषा विज्ञान विशेषज्ञ समिति (एलईसी) को भेज दिया गया था। एलईसी ने शास्त्रीय भाषा के लिए मराठी की सिफारिश की। महाराष्ट्र में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं और यह राज्य में एक बड़ा चुनावी मुद्दा था। बयान में कहा गया कि ...शेष पृष्ठ 14 पर



### रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों का कार्यकुशलता बोनस मिलेगा

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11.72 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों को 2028.57 करोड़ रुपये के 78 दिनों के कार्यकुशलता से जुड़े बोनस के भुगतान को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, यह राशि रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य कर्मचारियों को दी जाएगी। कार्यकुशलता से जुड़े बोनस का भुगतान रेलवे के कार्यक्षमता में सुधार की दिशा में काम करने के लिए रेलवे कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहन के रूप में दिया जाएगा।

### अजहरुद्दीन को एचसीए मामले में ईडी ने किया तलब



हैदराबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 61 वर्षीय पूर्व सांसद को यहां फतेह मैदान रोड पर संघीय एजेंसी के कार्यालय में पेश होने और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि पूर्व क्रिकेटर ने एजेंसी से और समय मांगा। सूत्रों ने बताया कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अमेठी में दो मासूमों समेत चार की हत्या

### शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात

**जिला संवाददाता**

तिलोई, अमेठी। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अहोरवा भवानी चौराहे पर अज्ञात लोगों ने गोली मारकर चार लोगों की हत्या कर दी। मृतकों में पति-पत्नी और उनके दो बच्चे शामिल हैं।

मृतक सुनील कुमार रायबरेली जिले के जगतपुर थाना क्षेत्र के सुदामापुर गांव के निवासी थे और अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ अहरोवा भवानी चौराहे पर किराए के मकान में रहते थे। सुनील कुमार सरकारी अध्यापक थे और सिंहपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय पन्होना में तैनात थे। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची शिवरतनगंज पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इस सम्बंध में जब पुलिस क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हर बिन्दु पर पुलिस टीम काम कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। एएसपी हरेंद्र प्रताप ने बताया कि शिवरतनगंज थानाक्षेत्र में अहोरवा भवानी कस्बे के मुख्य चौराहे पर किराए के मकान में टीचर सुनील ...शेष पृष्ठ 14 पर



## ब्रिटेन ने मॉरीशस को दिया चागोस द्वीपसमूह

लंदन। ब्रिटेन ने हिंद महासागर में स्थित और लंबे समय से विवादित चागोस द्वीप समूह की संप्रभुता मॉरीशस को सौंपे जाने के ऐतिहासिक समझौते का बृहस्पतिवार को ऐलान किया। समझौते के तहत डिएगो गार्सिया पर ब्रिटेन-अमेरिका का संयुक्त सैन्य अड्डा बरकरार रहेगा।

यह समझौता डिएगो गार्सिया में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ब्रिटेन-अमेरिका सैन्य अड्डे के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए किया गया है। चागोस, हिंद महासागर में 60 से अधिक द्वीपों का एक द्वीपसमूह है। ब्रिटेन सरकार ने एक बयान में कहा कि इस समझौते को अमेरिका सहित अंतरराष्ट्रीय साझेदारों का पुरजोर समर्थन प्राप्त है। इस सप्ताह घोषित समझौते के तहत, क्षेत्र की स्थिरता एवं अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भेदभावपूर्ण जेल नियमावली खारिज

### उच्चतम न्यायालय ने 11 राज्यों को संशोधन का दिया निर्देश

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को करीब 11 राज्यों की जेल नियमावली के भेदभावपूर्ण प्रावधानों को खारिज कर दिया तथा जाति के आधार पर काम के वितरण और कैदियों को अलग-अलग वार्ड में रखने के चलन की निंदा की।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जेलों में जाति आधारित भेदभाव समाप्त करने के लिए कई निर्देश जारी करते हुए कहा राज्य का इस तरह के भेदभाव को रोकने का एक सकारात्मक दायित्व है। पीठ ने राज्यों को तीन महीने के भीतर अपने जेल नियमावली में संशोधन करने का निर्देश भी दिया। पीठ ने कहा ऐसे सभी प्रावधान असंवैधानिक माने जाते हैं। सभी राज्यों को निर्देश दिया जाता है कि वे फैसले के अनुसार (जेल नियमावली में) बदलाव करें। प्रधान न्यायाधीश ने खचाखच भरी अदालत कक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा,



आदतन अपराधियों का उल्लेख आदतन अपराधी कानूनों के संदर्भ में होगा और राज्य कारागार नियमावली में आदतन अपराधियों का उल्लेख यदि जाति पर आधारित है तो उसे असंवैधानिक घोषित किया जाता है। शीर्ष अदालत ने जेलों के अंदर जाति-आधारित भेदभाव के मामलों का भी स्वतः संज्ञान लिया और शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि इसे तीन महीने बाद जेलों के अंदर भेदभाव के संबंध में शीर्षक के साथ सूचीबद्ध किया जाए। उसने राज्यों से फैसले की अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। शुरुआत में, सीजेआई ने कहा कि जनहित याचिका में राज्य जेल नियमावली के प्रावधानों को भेदभावपूर्ण होने के आधार पर चुनौती दी गई है। ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ केजीएमयू में स्थापित होगी बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट (पृष्ठ-02)
❍ उत्तर प्रदेश के नये उद्योगों को मिला मंच (पृष्ठ-02)
❍ बांग्लादेश को बिजली निर्यात के समझौते पर हस्ताक्षर (पृष्ठ-14)
❍ रुपया 14 पैसे टूटकर 83.96 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
❍ हिमाचल में पर्यटन को दिया जायेगा बढ़ावा (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** चयनित युवाओं को मिलेगी 5,000 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता, 12 महीने के लिए होगी इंटर्नशिप

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना से रोजगार कुशल बनेंगे युवा

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सरकार ने युवाओं को रोजगार के काबिल बनाने के मकसद से बृहस्पतिवार को पायलट आधार पर प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना शुरू की। योजना के तहत इंटर्नशिप के लिए चयनित युवाओं को 5,000 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता मिलेगी। इसके अलावा, उन्हें इंटर्नशिप जॉइन करने को लेकर एकबारगी 6,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। इंटर्नशिप 12 महीने के लिए होगी।

सरकारी सूत्रों ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में 1.25 लाख इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराने की योजना है। इस पर 800 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है। योजना के तहत पांच साल में एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के अपने बजट भाषण में कहा था कि सरकार इंटर्नशिप प्रदान करने के लिए एक व्यापक योजना शुरू करेगी। इसके तहत पांच साल में एक करोड़ युवाओं को 500 शीर्ष कंपनियों में प्रशिक्षण का अवसर दिया जाएगा। उन्हें वास्तविक रूप से कारोबारी माहौल, विभिन्न कारोबार क्षेत्रों में 12 महीने कामकाज के गुर सीखने का मौका मिलेगा और साथ ही रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। सूत्रों ने कहा योजना को ऑनलाइन पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट पीएमइंटर्नशिप डॉट एमसीए डॉट जीओवी डॉट इन के जरिये लागू किया जाएगा। पोर्टल का विकास कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने किया है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में उम्मीदवार पोर्टल पर 12 से 25 अक्टूबर के बीच अपना पंजीकरण करा सकते हैं। आवेदनकर्ताओं को 26 अक्टूबर को छांटा जाएगा।




सूत्रों ने कहा कि कंपनियां उम्मीदवारों का चयन 27 अक्टूबर से सात नवंबर के दौरान करेंगी। उसके बाद चुने गये उम्मीदवारों के पास कंपनियों की इंटर्नशिप पेशकश स्वीकार करने के लिए आठ से 15 नवंबर तक का समय होगा। इंटर्नशिप दो दिसंबर से शुरू होगी और 12 महीने के लिए होगी। इंटर्नशिप के लिए चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा कवर दिया जाएगा। इसके लिए प्रीमियम का भुगतान सरकार करेगी। इसके अलावा, कंपनियां चयनित उम्मीदवार को अतिरिक्त दुर्घटना बीमा उपलब्ध करा सकती हैं। सूत्रों ने कहा कि पायलट परियोजना का पहला चरण दिसंबर के पहले सप्ताह में पूरा होने की उम्मीद है। उसके बाद इसे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## छात्रवृत्ति वितरण के लिए यूपी के प्रमुख संस्थान होंगे पंजीकृत

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। फीस जमा कराने में देरी के कारण आईआईटी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान) की सीट लगभग गंवा देने वाले उत्तर प्रदेश के एक दलित छात्र का मामला सामने आने के बाद प्रदेश सरकार ने विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए राज्य के समाज कल्याण विभाग के साथ सभी आईआईटी, आईआईएम (भारतीय प्रबन्धन संस्थान) और अन्य प्रमुख संस्थानों को पंजीकृत करने की योजना बनाई है। इस योजना के तहत पंजीकृत होने वाला पहला संस्थान आईआईटी धनबाद होगा। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आईआईटी धनबाद को मुजफ्फरनगर के टिटोरा गांव के एक दिहाड़ी मजदूर के बेटे अतुल कुमार (18) को दाखिला देने का निर्देश दिया था। कुमार, तय समय के भीतर 17,500 रुपये की प्रवेश फीस का भुगतान करने में विफल रहा था, जिस कारण उसने आईआईटी धनबाद में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की अपनी सीट गंवा दी थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को घोषणा की थी कि वह छात्रवृत्ति के माध्यम से कुमार की पूरी फीस वहन करेगी। राज्य सरकार अब कुमार जैसे सभी विद्यार्थियों की मदद करने की योजना बना रही है।

**❍ दलित छात्र का आईआईटी दाखिला : समाज कल्याण विभाग की अनूठी पहल**

# केजीएमयू में स्थापित होगी अत्याधुनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट

## राज्यपाल की उपस्थिति में केजीएमयू, आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन और कैनकिड्स किड्सकैन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राज्यपाल एवं विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में गुरुवार राजभवन में किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,

- **जब हम मां को बचायेंगे, तभी बच्चे और परिवार बचेगा : आनंदीबेन पटेल**

आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन और कैनकिड्स किड्सकैन के बीच एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। यह एमओयू किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में अत्याधुनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट की स्थापना के संबंध में है, जो सीएसआर निधि से पूरी तरह से वित्त पोषित होगा।

इस अवसर पर राज्यपाल ने इस पहल की सराहना की और कहा कि यह कदम न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के निर्वहन का उत्कृष्ट उदाहरण भी है। राज्यपाल ने संस्थाओं को बधाई देते हुए कहा इस एमओयू के पीछे एक पवित्र उद्देश्य है। किसी की जिंदगी बचाना एक बहुत ही पुण्य कार्य है। कैंसर से पीड़ित लोगों की मानसिक और आर्थिक स्थिति अत्यंत कठिन होती है, ऐसे में यह एमओयू उन लोगों के लिए वरदान साबित होगा।

उन्होंने केजीएमयू के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि केजीएमयू न केवल चिकित्सीय सेवाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहा है बल्कि अनुसंधान कार्यों में भी अग्रणी है। इसके अलावा विश्वविद्यालय में बेटियों को सर्वाइकल कैंसर का निःशुल्क टीकाकरण भी किया जा रहा हैए जो एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि जब हम मां को बचाएंगे, तभी बच्चे और परिवार बचेगा। एक मां अपने बच्चों के बारे में सोचती है, लेकिन बच्चे केवल अपने बारे में सोचते हैं। इसलिए, मां का इलाज सर्वप्रथम होना चाहिए। राज्यपाल ने यह भी साझा किया कि जब वह विभिन्न विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोहों में जाती हैं, तो देखती हैं कि 80 प्रतिशत से अधिक पदक और डिग्रियां बेटियां प्राप्त करती हैं। परंतु जब उनकी शारीरिक स्थिति पर नजर डालती हैं तो वे कमजोर दिखती हैं, जो चिंताजनक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बेटियों को कैंसर की वैक्सीन अवश्य लगवानी चाहिए। अक्सर माता-पिता बेटियों की शादी में लाखों रुपये खर्च कर देते हैं, लेकिन जब उनके स्वास्थ्य की बात आती है, तो वे पीछे हट जाते हैं। राज्यपाल ने कहा कि वैक्सीनेशन के माध्यम से पहले से ही रोकथाम करना आवश्यक हैए क्योंकि जब बीमारी बढ़ जाती है, तो इलाज कठिन और महंगा हो जाता है। राज्यपाल ने ग्रीन आर्मी की ग्रामीण महिलाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि ये महिलाएं, समाज में नशामुक्ति, बच्चों का स्कूल में दाखिला, और अमृत सरोवरों की खुदाई जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। इन महिलाओं के प्रयासों को सराहते हुए राज्यपाल ने उन्हें 1,000 साड़ियां प्रदान करने की बात कही, जिससे यह आर्मी और सशक्त हो सके और अपने कार्यों को बड़े स्तर पर आगे बढ़ा सके। राज्यपाल ने राजभवन में किए गए नवाचारों की भी जानकारी दी और सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में भी ऐसे नवाचारों को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी को 'हमारा राजभवन' पुस्तक भी भेंट की।

# भाजपा सरकार में अन्याय और अत्याचार चरम पर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन निर्दोष लोगों को झूठे मामलों में फंसाती है और दोषियों को बचाने का काम किया जा रहा है। मामला हाथरस में दलित बेटी के जबरन दाह संस्कार का रहा हो या बीएचयू में गैंगरेप का मामला हो, इस सरकार में न्याय नहीं मिला। सरकार ने आरोपियों को संरक्षण दिया जबकि पीड़िता के पक्ष में न्याय के लिए आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई हो रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार वाराणसी आईआईटी, बीएचयू गैंगरेप का विरोध करने वाले 13 छात्र-छात्राओं का निलम्बन कर रही है। यह बेहद निंदनीय है। सरकार की शह पर विश्वविद्यालय की तानाशाही बेहद शर्मनाक है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार अपराधियों को बचाने और न्याय के लिए आवाज उठाने वालों को प्रताड़ित कर क्या संदेष देना चाहती है। दरअसल सभी आरोपी भाजपा के कार्यकर्ता हैं, इसीलिए यह सरकार उन्हें बचाने के लिए हर हथकंडे अपनाती है। प्रदेश में महिलाओं के साथ अपराध की घटनायें लगातार बढ़ती जा रही है। बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं है। इसके लिए पूरी तरह से भाजपा जिम्मेदार है। इसकी कथनी-करनी में जमीन आसमान का अन्तर है। इस सरकार में महिलाएं अन्याय की शिकार हो रही है। उनकी कहीं सुनवाई नहीं होती है। कई महिलाएं न्याय न मिलने के कारण लखनऊ में विधान भवन और मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरना और आत्मदाह का प्रयास तक कर चुकी है।

# पत्रकारिता का सशक्त और ईमानदार होना आवश्यक

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से गुरुवार उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति की नवनिर्वाचित कमेटी ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर संसदीय पत्रकारिता की बात करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह एक जिम्मेदार कार्य है, जिसमें पत्रकारों को महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहनता और निष्पक्षता के साथ लिखना चाहिए।

महाना ने कहा कि पत्रकारों को हमेशा तथ्यों के आधार पर रिपोर्टिंग करनी चाहिए और बिना किसी पक्षपात के सटीक जानकारी जनता तक पहुंचानी चाहिए। संसदीय पत्रकारिता में एक छोटी सी गलती भी बड़ी गलतफहमी पैदा कर सकती है, इसलिए इस क्षेत्र में काम करते हुए पत्रकारों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। महाना ने जोर देते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए पत्रकारिता का सशक्त और ईमानदार होना आवश्यक है।

विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान पत्रकारों के लिए की जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूपी विधानसभा में पत्रकारों के बैठने के लिए स्थित प्रेस रूम का भव्य सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य पत्रकारों को बेहतर कामकाजी माहौल उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने कार्य को और अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में पत्रकारों के लिए एक विशेष संसदीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पत्रकारों को संसदीय विषयों पर गहन जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, और इस क्षेत्र में कार्यरत सभी पत्रकारों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने कार्य में उच्चतम मानदंडों का पालन करें। महाना की इस पहल की सराहना करते हुए संवाददाता समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने उनका आभार व्यक्त किया। तिवारी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के सहयोग और नेतृत्व में पत्रकारों के लिए जो सुविधाएं और अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, वे प्रशंसनीय हैं। उन्होंने पूरी निर्वाचन प्रक्रिया में सतीश महाना द्वारा दिए गए समर्थन की भी सराहना की और कहा कि इससे पत्रकारिता जगत को एक नई दिशा मिल रही है।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अंत में कहा कि उनका उद्देश्य पत्रकारों को ऐसे साधन और अवसर प्रदान करना है, जिससे वे अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक प्रभावी ढंग से निभा सकें और समाज को सही दिशा में मार्गदर्शन कर सकें। उन्होंने पत्रकारों से यह अपेक्षा की कि वे पत्रकारिता के उच्च मानदंडों का पालन करते हुए निष्पक्ष और संतुलित रिपोर्टिंग करें, जिससे लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हो सकें। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी, उपाध्यक्ष आकाश शेखर शर्मा, अविनाश चंद्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष आलोक कुमार त्रिपाठी एवं संयुक्त सचिव विजय कुमार त्रिपाठी, अनिल सैनी और कार्यकारिणी सदस्य भी उपस्थित थे।

# यूपी के नये उद्योगों को मिला मंच

## ग्रेटर नोएडा, वाराणसी, लखनऊ, बरेली और ग्रेटर नोएडा में आयोजित कराये जा सकते हैं ट्रेड शो

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 ने उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास और वैश्विक व्यापार को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाते हुए ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस आयोजन ने प्रदेश को वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने इस उपलब्धि को साझा करते हुए बताया कि इस बार ट्रेड शो में 4,25,268 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 48.91 प्रतिशत अधिक है।

यह वृद्धि उत्तर प्रदेश के उद्योगों की बढ़ती क्षमता और व्यापारिक अवसरों की पुष्टि करती है। पत्रकार वार्ता के दौरान मंत्री राकेश सचान ने बताया कि इस बार बिजनेस टू बिजनेस और बिजनेस टू कस्टमर क्षेत्रों में भी जबरदस्त उछाल देखा गया। इसमें 1,03,688 बिजनेस टू बिजनेस प्रतिभागियों और 3,21,580 बिजनेस टू कस्टमर प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो क्रमशः 42.84 प्रतिशत और 50.98 प्रतिशत की वृद्धि है। यह औद्योगिक विकास और राज्य की आर्थिक प्रगति के लिए सकारात्मक संकेत है। मंत्री सचान ने कहा कि इस साल के आयोजन में 2,500 से अधिक प्रदर्शकों ने अपने उत्पाद और सेवाओं का प्रदर्शन कियाए जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 2,000 थी। इस आयोजन में 70 से अधिक देशों के 500 से अधिक विदेशी खरीदारों ने भी हिस्सा लिया, जिससे राज्य के अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने में मदद मिली। खासतौर से वियतनाम जैसे देशों ने उत्तर प्रदेश के साथ व्यापारिक संबंधों को प्रगाढ़ किया है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 के दौरान 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की व्यावसायिक पूछताछ और लीड्स उत्पन्न हुई हैं, जो राज्य की आर्थिक प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। राकेश सचान ने बताया कि इस आयोजन ने प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर दिया है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 में केवल स्थापित उद्योग ही नहीं।

बल्कि विभिन्न श्रेणियों के नए उद्योगों को भी शामिल किया गया है। इस बार रक्षा निर्माण, ई-कॉमर्स, चीनी मिलों और वन उत्पादों जैसे क्षेत्रों की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इससे प्रदेश के औद्योगिक और व्यापारिक दायरे का विस्तार हुआ है, जो राज्य के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। ट्रेड शो की सफलता से उत्साहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में मंडल स्तर पर भी इस तरह के ट्रेड शो आयोजित करने की योजना बनाई है। 5 मंडलों ग्रेटर नोएडा, वाराणसी, लखनऊ, बरेली, और आगरा में इन शो के आयोजन की तैयारी की जा रही है। इन आयोजनों के लिए प्रत्येक मंडल में एक एग्जीबिशन सेंटर की स्थापना पर काम किया जा रहा है, ताकि स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को एक बड़ा मंच प्रदान किया जा सके। मंत्री सचान ने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदर्शित उत्पादों को विदेशी खरीदारों ने काफी सराहा। जूट से बने थैलों को 5 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला।

# उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष ने ग्रहण किया पदभार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के नवमनोनीत अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने गुरुवार को इंदिरा भवन स्थित उप्र गोसेवा आयोग में पदभार ग्रहण किया। इसके साथ ही जसवन्त सिंह उर्फ अतुल सिंह ने उपाध्यक्ष के रूप में तथा राजेश सिंह सेंगर ने सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने अपनी प्रेसवार्ता में गोसंरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि गोवंश को प्रदेश के किसानों एवं पशुपालकों के लिए समृद्धि का आधार बनायेंगे। उन्होंने कहा कि गौसंरक्षण कार्यों में योगदान देना हमारे लिए सौभाग्य का विषय है। आयोग के पदाधिकारीगण प्रदेश में गौसंरक्षण कार्यों में अपना अमूल्य योगदान सुनिश्चित करेंगे। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना और गौजनित उत्पादों को व्यवसायिक रूप से लाभकारी बनाना आयोग की प्राथमिकता रहेगी। गुप्ता ने कहा कि गोवंश के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जायेगा। प्रदेश की समस्त गोशालाओं को प्रशिक्षण केन्द्र बनाते हुए गो आधारित कृषि, बायोगैस उर्जा एवं पंचगव्य उत्पादों के माध्यम से गोशालाओं को स्वाबलम्बी बनाये जाने के लिए योजना तैयार की जाएगी। गोपालन को बढावा दिया जाएगा, जिससे किसान गोवंश को निराश्रित न छोड़े। स्वयंसेवी सस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों को साथ लेकर गोपालन, गो संरक्षण, गो संवर्धन को बढ़ावा दिया जाएगा। उपाध्यक्ष ने चारागाह विकास तथा गोमाता के महत्व के विषय पर प्रकाश डाला। सदस्य राजेश सिंह सेगर ने गाय और मानव स्वास्थ्य के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से चर्चा की।

# अयोध्या बन रही प्रदेश की पहला सौर ऊर्जा मॉडल सिटी

## प्रदेश के अन्य 16 नगर निगमों में भी सौर ऊर्जा संयंत्रों की कराई जा रही स्थापना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि उप्र सौर ऊर्जा नीति-2022 के अन्तर्गत अयोध्या शहर को प्रदेश का पहला सौर ऊर्जा के मॉडल सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें शहर के कुल विद्युत भार का 10 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से पूर्ति की जाएगी। साथ ही अन्य 16 नगर निगमों में भी सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना करायी जा रही। वर्तमान में अयोध्या नगर में सोलर सिटी में 15.75 करोड रुपए तथा अन्य नगरों में सोलर सिटी में 40 करोड़ रुपए के बजट प्राविधान किया गया है। किसी भी नगर में सोलर सिटी कार्यक्रम के लिए नगर आयुक्त के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त कर राज्य स्तरीय समिति के अनुमोदनोपरान्त कार्य कराये जाते हैं।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अयोध्या सोलर सिटी कार्यक्रम के अन्तर्गत अब तक 766 अदद स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, 2300 सोलर स्ट्रीट लाइट, 250 अदद सोलर हाई मास्ट, 3.33 मेगावाट क्षमता के ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट, 50 किलोवाट क्षमता का ऑफग्रिड सोलर पावर प्लांट एवं 6 मीट्रिक क्षमता का 1 अदद् सोलर आधारित कोल्ड स्टोरेज, 1 किलोवाट क्षमता के 40 सोलर ट्री, 2.5 किलोवाट क्षमता के 18 सोलर ट्री, 10 सोलर वॉटर किऑस्क के अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। साथ ही पर्यटन के दृष्टिगत 2 सोलर बोट का संचालन सरयू नदी पर किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सरयू के तट पर 40 मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित किया गया है। अयोध्या में सरयू नदी तट पर 10.25 किलोमीटर के मार्ग पर लक्ष्मण किला से निर्मली कुण्ड तक 487 स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापित कर मार्ग को प्रकाशित करा दिया गया है। वही वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी योजनांतर्गत अयोध्या शहर में 150 स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, 1100 सोलर स्ट्रीट लाइट, 75 सोलर हाई मास्ट संयंत्रों के अधिष्ठापन की कार्यवाही गतिमान है।

इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 में अयोध्या के साथ अन्य नगर निगमों में वाराणसी नगर निगम परिक्षेत्र में सोलर सिटी योजनान्तर्गत 1512 सोलर स्ट्रीट लाइट एवं 200 स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई। झांसी नगर निगम परिक्षेत्र में 150 सोलर स्ट्रीट लाइट, 20 स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई। आगरा नगर निगम परिक्षेत्र में 200 स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, 100 सोलर हाई मास्ट एवं 1 किलोवाट क्षमता के 20 सोलर ट्री की स्थापना कराई गई। अलीगढ़ नगर निगम परिक्षेत्र में 39 स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट एवं 35 सोलर हेरिटेज हाई मास्ट लगाई गई। प्रयागराज नगर निगम परिक्षेत्र में 460 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई। मेरठ नगर निगम परिक्षेत्र में 510 सोलर स्ट्रीट लाइट, 23 सोलर हाई मास्ट की स्थापना कराई गई। लखनऊ नगर निगम परिक्षेत्र में 244 सोलर हाई मास्ट, 100 सोलर स्ट्रीट लाइट एवं 1 किलोवाट क्षमता के 10 सोलर ट्री की स्थापना कराई गई। कानपुर नगर निगम परिक्षेत्र में 100 सोलर हैरिटेज हाई मास्ट, 170 सोलर हाई मास्ट एवं 1600 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई। गाजियाबाद नगर निगम परिक्षेत्र में 100 सोलर हाई मास्ट एवं 100 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई। बरेली नगर निगम परिक्षेत्र में 80 सोलर हाई मास्ट एवं 720 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई। शाहजहांपुर नगर निगम परिक्षेत्र में 11 सोलर हाई मास्ट, 100 सोलर स्ट्रीट लाइट एवं 01 किलोवाट क्षमता के 2 सोलर ट्री की स्थापना कराई गई।

# 10 स्वदेशी उन्नत नस्ल के गौवंश की 294 इकाई होंगी स्थापित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के संचालन के लिए प्राविधानित कुल बजट 7421.08 लाख रुपये के सापेक्ष तैयार की गई कार्ययोजना को अनुमोदन प्रदान किया गया। अनुमोदित कार्ययोजना के तहत प्रदेश में नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना के अन्तर्गत 10 स्वदेशी उन्नत नस्ल के गौवंश की 294 इकाई स्थापित की जायेंगी, जिस पर 1730.08 लाख रुपये का

- **मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना को द्वितीय चरण में वित्तीय वर्ष 2024-25 में शेष 57 जिलों में लागू करने का निर्णय**

व्यय प्रस्तावित है। इसके अलावा अवशेष धनराशि का व्यय मिशन की विभिन्न योजनाओं के अनुदान व अन्य मदों में किया जायेगा।

मुख्य सचिव गुरुवार को नन्द बाबा दुग्ध मिशन की स्टेट स्टीयरिंग कमेटी की तृतीय बैठक कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना को द्वितीय चरण में वित्तीय वर्ष 2024-25 में शेष 57 जिलों में लागू करने का निर्णय लिया गया। प्रथम चरण में वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह योजना 18 मंडल मुख्यालय के जिलों में लागू की गई थी। इसी प्रकार नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना को द्वितीय चरण में प्रदेश के शेष 8 मंडल मुख्यालय जिलों में 40 इकाइयों के संचालन के प्रस्ताव व कैटल शेड डिजाइन को अनुमोदन प्रदान किया गया। नन्दिनी कृषक समृद्धि मिनी योजना के संचालन के प्रस्ताव को बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया। यह स्वदेशी नस्ल के 10 गायों की योजना है। इस योजना में प्रदेश के सभी 75 जनपद आच्छादित हैं। इस योजना में साहीवाल, गिर एवं थारपारकर प्रजाति के गौवंश का प्रदेश के बाहर से क्रय करने की व्यवस्था है। परियोजना की इकाई लागत 23.60 लाख रुपये प्रस्तावित है। इकाई लागत का 50 प्रतिशत अनुदान 2 किश्तों में लाभार्थी को दिया जायेगा। जनपद स्तर पर लाभार्थियों का चयन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समित द्वारा किया जायेगा। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने लाभार्थियों के आवेदन प्राप्त करने के लिए नन्द बाबा दुग्ध मिशन का पोर्टल एक माह के भीतर प्रत्येक दशा में तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना एवं नन्दिनी कृषक समृद्धि मिनी योजना के तहत लाभार्थियों के आवेदन प्राप्त करने के लिए प्रदेश स्तर पर विज्ञापन प्रकाशित किया जाये। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के अंतर्गत राज्य के बाहर से पशु क्रय की व्यवस्था में ट्रांजिट बीमा की अनिवार्यता को समाप्त कर वैकल्पिक किए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मिशन की योजनाओं के तहत चयनित लाभार्थियों को एक माह के भीतर गौवंश का क्रय कराया जाये। गौवंश क्रय से पूर्व लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में विभागीय अधिकारी नहीं हैं, वहां पर योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाये।

# यूपी एससी/एसटी आयोग के नवमनोनीत पदाधिकारियों ने की शपथ, संभाला कार्यभार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, उपाध्यक्षों बेचन राम एवं जीत सिंह खरवार सहित आयोग के अन्य सदस्यों ने गुरुवार शपथ लेने के बाद कार्यभार ग्रहण किया। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में नवमनोनीत पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

इस 19 सदस्यीय आयोग में सदस्य के रूप में हरेन्द्र जाटव, महिपाल वाल्मिकी, संजय सिंह, नीरज गौतम, नरेन्द्र सिंह खजूरी, तीजाराम, विनय राम, अनीता गौतम, रमेशचन्द्र, मिठाईलाल, उमेश कठेरिया, जितेन्द्र कुमार एवं अनीता कमल ने शपथ ग्रहण किया। तीन सदस्य जिनमें दिनेश भारत, शिवनारायण सोनकर एवं रमेश कुमार तूफानी शामिल हैं, किन्हीं कारणोंवश शपथ के लिए उपस्थित नहीं हो सके। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के अवसर पर अपने संबोधन में समाज कल्याण मंत्री ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनांए देते हुए कहा कि आयोग में पद मिलना एक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुत सोच समझकर सुयोग्य पदाधिकारियों को चुनते हुए नया आयोग गठित किया है। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि समाज की सेवा करना सौभाग्य है। नवमनोनीत पदाधिकारीगणों को महत्वपूर्ण शक्ति दी गई है। उन्हें इन शक्तियों का प्रयोग समाज के उपेक्षित एवं पीड़ित व्यक्तियों को संविधान के अनुसार न्याय दिलाने के लिए करना होगा। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग हर प्रकार से आयोग के सहयोग के लिए उपलब्ध है। उपेक्षितों की पीड़ा के निराकरण में ही आयोग की सफलता है। नवमनोनीत आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने कहा कि समाज कल्याण मंत्री ने पीड़ितों को न्याय दिलवाने में काफी मेहनत की है।

# पारिजात अपार्टमेंट के आवंटियों से अनुरक्षण शुल्क वसूलेगा एलडीए

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। अपार्टमेंट के अनुरक्षण के नियमों में बदलाव का आदेश जारी होने के बाद अपार्टमेंटों को अनुरक्षण शुल्क जमा करने की पत्र भेजा जा रहा है। एलडीए ने अयोध्या रोड पर स्थित पारिजात अपार्टमेंट के अनुरक्षण के लिए पत्र जारी किया है। यहां 1.50 करोड़ रुपये अनुरक्षण के काम होंगे। इस शुल्क की वसूली आवंटियों से की जाएगी। इसके लिए करीब 15 रुपये प्रति वर्ग फीट के हिसाब अनुरक्षण शुल्क रेट तय किया गया है। इस हिसाब से थ्री बीएचके के आवंटी को लगभग 2500 रुपये, 4बीएचके के आवंटी को 3000 रुपये और पेंटाहाउस के आवंटी को 3500 रुपये तक मासिक देने होंगे। इस तरह से प्रत्येक आवंटी से 29 हजार से 40 हजार रुपये तक शुल्क वसूलने का आदेश जारी किया गया है। पारिजात अपार्टमेंट में कुल 400 फ्लैट हैं। पांच टावर में से करीब 360 फ्लैटों की रजिस्ट्री हुई जबकि 350 फ्लैटों में परिवार रह रहे हैं। एलडीए ने फरवरी 2020 में अपार्टमेंट को सीसी प्रमाण पत्र जारी किया है। इस तरह से आवंटियों पर करीब डेढ़ से दो करोड़ रुपये का अनुरक्षण शुल्क की डिमांड बन रही है। यहां के आवंटी समर विजय सिंह का कहना है कि कई कार्य अभी पूरे नहीं हुए हैं तो कई आवंटियों का तीन साल से अनुरक्षण शुल्क जमा है। उस पैसे का क्या किया गया। प्राधिकरण के अनुरक्षण के नियमों को लेकर आवंटी सहमत नहीं हैं। वीसी से अधूरे कामों को पूरे कराते हुए पारदर्शी नीति अपनाने का अनुरोध किया है। आंवटी से देयता तो सुनिश्चित किये जाने का स्पष्ट उल्लेख है किन्तु फ्लैटों के आन्तरिक कार्यों की अपूर्णता में अनुरक्षण की देयता का औचित्य एवं प्रमोटर कार्यदायी संस्था के मध्य फंसे आंवटियो के अपूर्ण कार्यो के बिन्दु पर नीति साफ नही है।

**एलडीए में नहीं मिल रहीं दो अपार्टमेंट की फाइलें**

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण(एलडीए) में दो अपार्टमेंटों की फाइलें नहीं मिल रही हैं। बालू अड्डे चौराहे स्थित गोल्डन क्रस्ट व विपुलखण्ड गोमतीनगर के अवध अपार्टमेंट की फाइलें प्राधिकरण के रिकॉर्ड अनुभाग में तलाशी जा रही हैं। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बीते दिनों एलडीए की अपार्टमेंट योजनाओं की समीक्षा की थी। उन्होंने अपार्टमेंट के अनुरक्षण के कई नियमों में बदलाव का आदेश जारी किया था। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्राधिकरण के दो अपार्टमेंटों की फाइलें नहीं मिल रही हैं। फाइलें न मिलने के चलते इन योजनाओं में आरडब्ल्यूए का गठन नहीं हो सका है। ऐसे में एलडीए को मेंटीनेंस कराना पड़ रहा है। अब गायब हो चुकी फाइलों को अधिकारी तलाशने में लगे हैं। उपाध्यक्ष ने सम्बंधित संपत्ति अधिकारी व अधिशासी अभियन्ता को फ्लैटों का विवरण जुटाने के निर्देश दिए हैं।

# 1000 करोड़ की लागत से 3108 बसों की होगी खरीद

वरिष्ठ संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम एल वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में निदेशक मंडल की 249 वीं बैठक हुई। बोर्ड में कुल 32 एजेंडा बिंदु रखे गए। बैठक में महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत भवन शाखा के सेवानिवृत सहायक अभियंता (भवन), अवर अभियंता (सिविल/विद्युत) एवं सहायक वर्क सुपरवाइजर के सेवानिवृत्त कार्मिकों को संविदा/मानदेय पर 31 मार्च 2025 तक पुनः रखे जाने की सहमति प्राप्त हुई। जिससे कि महाकुंभ 2025 का सफल आयोजन किया जा सके। इसके अलावा डिपो कार्यशाला साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद में इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग डिपो बनाने के संबंध में सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हुई। निगम की बसों एवं अन्य गाड़ियों को दुर्घटना के पश्चात दुर्घटना स्थल से हटाने के लिए सभी क्षेत्रों के लिए 20 क्रेन क्रय किए जाने की सहमति प्राप्त हुई। 1000 करोड़ की लागत से कल 3108 बसों के क्रय किए जाने की सहमति प्राप्त हुई। क्रय की जाने वाले बसों में 100 हाई एंड लग्जरी, 39 एसी स्लीपर, 51 नान एसी स्लीपर (सभी12 मीटर) 197 एसी मिड सेगमेंट 72 एसी मिड सेगमेंट 2 और 3 एवं अन्य साधारण बसें परिवहन निगम क्रय करेगा। जिसमे 10 हाई एंड लग्जरी बसे तथा अन्य साधारण एवं वातनकुलित 42 उपलब्ध कराई जाएगी। बोर्ड बैठक में संचालन के संबंध में समीक्षा की गई और निर्देश दिए गए कि निगम के अधिकारी संचालन को बढ़ाने के लिए प्रतिदिन 2 घंटे बैठक करेंगे। इसके अतिरिक्त इस वर्ष हुई सड़क दुर्घटनाओं में विगत वर्ष की तुलना में बढ़ोतरी को कम किए जाने के लिए चालकों की ट्रेनिंग व्यवस्था और स्वास्थ्य चेकअप पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में सेवानिवृत्त नियमित चालक/ संविदा पर आबद्ध चालकों को 62 वर्ष की आयु तक प्रयुक्त किए जाने के संबंध में सहमति प्राप्त हुई।

# दिवाली पर आवासीय योजनाओं की मिलेगी सौगात

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। दिवाली के त्यौहार पर राजधानी में कई आवासीय योजनाओं को लांच करने की तैयारी है। लखनऊ विकास प्राधिकरण व उप्र आवास

**आवास विकास परिषद और एलडीए लांच करेगा योजनाएं**

विकास परिषद यह सौगात देने जा रहा है। आवास विकास की ओर से चार आवासीय योजनाएं लांच करने की कवायद है तो एलडीए अपनी मोहान रोड योजना को इस पर धरातल पर उतारने के लिए तैयार है। परिषद की अवध विहार तथा वृंदावन में भूखंडों की एक-एक प्रीमियम योजना आ रही है। अवध विहार में एक साधारण योजना भी लाई जा रही है। साधारण योजना में सस्ते भूखंड मिलेंगे, वहीं प्रीमियम योजना में महंगी कीमत पर भूखंड आवंटित होंगे। नई जेल रोड पर भी भूखंडों की बुकिंग खोलने की तैयारी है। इन योजनाओं को यूपी रेरा में पंजीकरण कराने के बाद आवास विकास परिषद लांच करने का आदेश जारी कर देगा। सुल्तानपुर रोड नई जेल रोड आवासीय योजना में बड़ी संख्या में भूखंड मिलेंगे। इसका लेआउट स्वीकृत हो गया है। जितनी जमीन प्राधिकरण के कब्जे में है उस पर सबसे पहले योजना लांच होगी। करीब 900 भूखंड एक साथ लोगों को मिलेंगे। यहां भूखंड की कीमत लगभग 30000 रुपये प्रति वर्ग मीटर प्रस्तावित है। परिषद की अवध विहार योजना में प्रीमियम प्लॉट 56000 रुपये प्रति वर्ग मीटर में मिलेंगे। साधारण भूखंड की दरें 38000 रुपये प्रति वर्ग मीटर प्रस्तावित है। प्रीमियम योजना के भूखंड मुख्य मार्ग पर होंगे। इसके चारों तरफ बाउंड्रीवॉल रहेगी। प्रवेश-निकास के लिए गेट भी बनेगा। वृंदावन योजना में गेटेड कॉलोनी विकसित होगी। इसमें बड़ा पार्क, होटल, शॉपिंग कॉम्पलेक्स सहित अन्य सभी सुविधाएं होंगी। इस योजना में आवास विकास 70 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर में भूखंड बेचेगा। मोहान रोड योजना में एजूकेशन सिटी विकसित की जाएगी। यहां लोगों को साधारण कीमत के भूखंड मिल सकेंगे।

**अयोध्या ट्रांसपोर्ट नगर योजना के लिए मिले सात करोड़**

आवास विभाग ने अयोध्या ट्रांसपोर्ट नगर योजना में सड़क निर्माण के लिए सात करोड़ रुपये जारी किए हैं। ट्रांसपोर्टनगर योजना 19.41 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है। विशेष सचिव आवास राजेश कुमार राय ने इस संबंध में गुरुवार को शासनादेश जारी किया। इसके पहले अयोध्या विकास प्राधिकरण को 9.70 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। इस पैसे से 10 लाख रुपये की लागत से विद्युतीकरण का काम कराया जाएगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण को खर्च की गई धनराशि के बारे में शासन को जानकारी देनी होगी।

# नगर विकास मंत्री से मिला उ.प्र. स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ



**लखनऊ।** उ.प्र. स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को नगर विकास मंत्री से उनके आवास पर भेंट कर लम्बित समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा। मंत्री की ओर से आन्दोलन की तारीख 25 अक्टूबर के पहले बैठक किए जाने का आश्वासन दिया गया है। प्रतिनिधि मंडल में रामकुमार रावत अध्यक्ष अवधक्षेत्र, प्रदेश प्रवक्ता महासंघ सै.कैसर रजा, आर पी सिंह, वरिष्ठउपाध्यक्ष नगर निगम जलकल कर्मचारी संघ, अवधक्षेत्र के उपाध्यक्ष मो.हनीफ, उ.प्र.नगर निगम चतुर्थ श्रेणी के उपाध्यक्ष विजय यादव, अमित सिंह, संजय चन्द्रा, सुधाकर मिश्रा, विनय दुबे आदि शामिल रहे। अध्यक्ष शशि मिश्रा ने बताया कि करीब आधा घन्टा बातचीत हुई। महासंघ की ओर से सभी प्रयासों एवं वर्तमान आन्दोलन तथा अब तक किए पत्राचार, शासन स्तर पर हुई अब तक बैठकों आदि से अवगत कराया गया। महासंघ के अध्यक्ष ने सभी इकाइयों के सदस्यों से अपील की है कि यदि समय रहते मंत्री व शासन स्तर पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो निश्चित रूप से 26 अक्टूबर से सीधे सभी इकाइयां एक साथ कार्यबन्दी करेंगी।

# सेमेस्टर और वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम घोषित

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा जून 2024 में आयोजित सम-सेमेस्टर, वार्षिक और विशेष बैक पेपर परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। ये परीक्षाएं 22 जून से 26 जुलाई के बीच प्रदेश के 188 परीक्षा केंद्रों पर

**सावित्री बाईफुले राजकीय पॉलिटेक्निक के शुभम वर्मा को प्रथम स्थान**

शुचितापूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न करायी गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल के निर्देशानुसार इस बार पहली बार डिजिटल मूल्यांकन की व्यवस्था लागू की गई, जिसमें प्रदेश के 150 राजकीय एवं अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थानों ने भाग लिया।

प्राविधिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष एवं प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने परीक्षा परिणाम घोषित करने की जानकारी दी। सेमेस्टर परीक्षा में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 60.06 रहा, जबकि वार्षिक परीक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत 41.24 रहा। सेमेस्टर परीक्षा में 28.3 फीसदी छात्र और 42 फीसदी छात्राएं सफल हुईं।

सचिव अजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि सेमेस्टर परीक्षा, जून 2024 में सावित्री बाईफुले राजकीय पॉलिटेक्निक, आजमगढ़ के छात्र शुभम वर्मा ने 86.13 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। एम्बीशन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वाराणसी के आकाश कुमार मौर्या ने 85.74 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि इसी संस्थान के अजय कुमार ने 84.95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पाया।

सागर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, फिरोजाबाद की छात्रा इकरा खान ने 82.96 प्रतिशत अंकों के साथ वार्षिक परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त किया। राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, प्रयागराज की अंजली यादव ने प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस एंड रिसर्च, उन्नाव की मरियम फातिमा ने 82.26 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। परिषद द्वारा मेरिट सूची में शीर्ष 10 स्थानों पर आने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और नकद पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों

**परीक्षा परिणाम प्राविधिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध**

के प्रयोग में शामिल 284 छात्रों के परिणाम रोक दिए गए हैं। इसके साथ ही, उत्तर पुस्तिकाओं में मोबाइल नंबर अंकित करने वाले छात्रों को संबंधित विषय में शून्य अंक दिए जाने का भी निर्णय लिया गया है। बैठक में प्राविधिक शिक्षा निदेशक अन्नावि दिनेश कुमार, निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, एफआर खान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। परीक्षा परिणाम प्राविधिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध हैं।

## स्पैम कॉल व एसएमएस से मिलेगा छुटकारा

लखनऊ। भारती एयरटेल ने स्पैम की बढ़ती समस्या को दूर करने के लिए ग्राहकों को बड़ी राहत दी है। टेलीकॉम कंपनी ने भारत का पहला एआई-ड्रिवेन, नेटवर्क-बेस्ड स्पैम डिटेक्शन सॉल्यूशन पेश किया है। इसे एयरटेल के सभी यूजर्स के लिए ऑटोमैटेकली एक्टिवेट कर दिया गया है। यह सॉल्यूशन बिना किसी ऐप को डाउनलोड किए या सर्विस रिक्वेस्ट के रियल टाइम में स्पैम कॉल और एसएमएस के बारे में ग्राहकों को अलर्ट कर टेलीकॉम इनोवेशन का एक नया मानक स्थापित करता है। कंपनी ने उत्तर प्रदेश में 112 मिलियन संभावित स्पैम कॉल्स और 6 लाख एसएमएस की पहचान करने में सफलता हासिल की है। कंपनी के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर सोवन मुखर्जी ने बताया कि डिजिटल युग में, जहां धोखाधड़ी और ठगी की घटनाएं बढ़ रही हैं। स्पैम कॉल्स और संदिग्ध टेक्स्ट संदेशों का खतरा एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है। इन खतरों से निपटने के लिए एयरटेल ने उत्तर प्रदेश में अपने ग्राहकों के लिए एआई-पावर्ड सेवा पेश की है।

# एलडीए व ननि कर्मियों का वेतन रुका

विशेष संवाददाता

लखनऊ। एलडीए व नगर निगम के केंद्रीयत कर्मचारियों ने अपनी सम्पत्ति और कमाई में हुई बढ़ोतरी का ब्योरा नहीं दिया है। इनमें चीफ इंजीनियर व एक्सईएन भी शामिल हैं। प्रदेश सरकार ने चल-अचल संपत्ति का ब्योरा न देने वाले कर्मचारियों के आहरण वितरण अधिकारी (डीडीओ) का वेतन भी रोकने का आदेश दिया है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से इसका आदेश सभी विभागाध्यक्षों को भेज दिया गया है। मानव संपदा पोर्टल पर 30 सितंबर तक संपत्ति की घोषणा करनी थी। तय

**संपत्ति का ब्यौरा न देने पर रोका गया वेतन**

समय तक ब्यौरा न देने वाले कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया है। एलडीए के वित्त नियंत्रक दीपक सिंह ने बताय कि प्राधिकरण के करीब 1100 कर्मचारी हैं। इनके वेतन के लिए करीब 10 करोड़ रुपये की चेक बैंक को भेजी गई थी। मगर बताया गया कि मानव संपदा पर ज्यादातर कर्मचारियों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया है। प्राधिकरण के इंजीनियरों ने भी यह ब्यौरा नहीं दिया है। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि यह आदेश सिर्फ केंद्रीयत कर्मचारियों के लागू है मगर राज्य कर्मचारियों और अधिकारियों को संपत्ति का ब्योरा देना है। इसमें कहा गया है कि इसकी नियमित समीक्षा डीडीओ के स्तर से भी किया जाना जरूरी है। संपत्ति का ब्योरा न दिए जाने पर उन्हें भी जवाबदेह बनाया गया है। अब एलडीए प्रशासन शुक्रवार को यह निर्णय लेगा कि शासन का आदेश सिर्फ केंद्रीयत कर्मचारियों के लिए है या फिर राज्य कर्मचारियों के तौर पर प्राधिकरण के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी संपत्ति का ब्यौरा देना है। वहीं नगर निगम के केंद्रीयत कर्मचारियों का भी वेतन रोक दिया गया है।

## सुषमा खर्कवाल उपाध्यक्ष मनोनीत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश महापौर परिषद के अध्यक्ष डॉ. उमेश गौतम ने नई कार्यकारिणी घोषित की है। इसमें लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। सुषमा खर्कवाल को उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्षदों व भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दीं।

## मृतक आश्रितों को मिली नौकरी

जलकल विभाग में सेवाकाल मे मृत्यु हुए कर्मचारियों के आश्रितों को सेवायोजित किये जाने के लिए नियुक्ति पत्र का वितरण महापौर सुषमा खर्कवाल एवं महाप्रबन्धक जलकल विभाग ने किया। इस दौरान रंजीत सिंह कार्यकारिणी सदस्य, अधिकारी व कर्मचारी इत्यादि उपस्थित रहे। जिन मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र मिला उनमें पवन कुमार गौड़, जूनियर फिटर, अनिकेत प्रजापति, गैंगमैन, पंकज, गैंगमैन, प्रेमलता, गैंगमैन व संजय कुमार पाल, गैंगमैन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त माह सितम्बर-2024 में सेवानिवृत्त हुए 02 कर्मचारियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें इनकी सेवानिवृत्तिक देयकों का भुगतान किया गया।

## शादी में लेना है बिजली कनेक्शन, रसीद कटाये

लखनऊ। शादी या पार्टी के लिए लॉन बुक कराना है तो अपने क्षेत्र के अधिशांसी अभियंता के पास पैसा जमा करके रसीद लेना होगा। इसके लिए लेसा सिस गोमती प्रथम के मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि 20 किलोवाट से लेकर 100 किलोवाट तक के विभागीय रेट के नियमानुसार पैसा जमा कराया जाता है। जिसमें 20 किलोवाट के 4750 और 30 किलोवाट पर 5750 रुपये जमा कराया जाता है, इसमें टैक्स अतिरिक्त जमा कराया जाता है। उन्होने कहा कि ऐसे आयोजनो में जनरेटर से बिजली लेने पर प्रदूषण ज्यादा होता है इसलिए अस्थाई कनेक्शन लिया जाना चाहिए।

**27 प्रतिशत सड़कें गड्ढा मुक्त**

नगर निगम ने गुरुवार को करीब 14 किमी. सड़कों को बनाने का काम किया। इनमें से उसने नौ किलोमीटर सड़कें पैचवर्क से गड्ढामुक्त की हैं जबकि पांच किमी. नई सड़कें बनायी गयी हैं। निगम ने लक्ष्य के सापेक्ष 27 प्रतिशत सड़कों को पैच से गड्ढा मुक्त कर दिया है।

# आयुर्वेद घोटाले में दो डॉक्टरों को सजा

विधि संवाददाता



लखनऊ। चिकित्सीय उपकरण एवं दवाईयो को बाजार मूल्य से अधिक दाम पर खरीददारी करने के आरोपी उत्तरकाशी के तत्कालीन ज़िला आयुर्वेद एवम्-यूनानी अधिकारी डॉ महिपत सिंह तथा बाराबंकी व सुल्तानपुर के तत्कालीन यूनानी एवम्-आयुर्वेद अधिकारी डॉ श्याम लाल को आयुर्वेद घोटाला( सीबीआई ) के विशेष न्यायाधीश रोहित सिंह ने तीन साल की कैद और कुल दो लाख रुपए के जुमार्ने से दंडित किया है। 28 साल पुराने इस मामले में सुनवाई के दौरान कई आरोपीयो की मौत हो गई थी। सीबीआई की ओर से कोर्ट में कहा गया कि हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने छह अगस्त 1996 को मामला दर्ज किया था। कहा गया की आयुर्वेद और यूनानी विभाग के तत्कालीन निदेशक डॉ शिवराज सिंह ने ज़िला आयुर्वेद एवम् यूनानी अधिकारियो के साथ मिलकर साज़िश की और 46 करोड़ रुपए का फर्जी आवंटन/अनुदान पत्र जारी किया। इस फर्जी पत्र के आधार पर विभिन्न जिलो के आयुर्वेद एवम्-यूनानी अधिकारियो ने अतिरिक्त पैसे की माँग की। आगे कहा गया इसके बाद विभिन्न जिलो के अधिकारियो ने बिना किसी आवश्यकता के बाजार मूल्य से अधिक दाम पर दवाईया, चिकित्सीय उपकरण और अन्य समान खरीदे, आरोप है कि आरोपियो ने इस खरीद के लिए किसी प्रकार का कोई टेंडर इत्यादि भी नहीं निकाला था। जिससे सरकारी धन की हानि हुई। कहा गया इस प्रकरण में उत्तरकाशी में 70 लाख 31 हजार 918 रुपए, बाराबंकी में 54 लाख 38 हजार 199 रुपए और सुल्तानपुर 10 लाख 74 हजार 647 रुपए धोखाधड़ी करके निकाले गये थे।

## परिवहन निगम की बसों में यात्रियों के लिए लगेगा बार कोड

लखनऊ। बस में यात्रियों को किराया देना है तो वह मोबाईल फोन से बार कोड के माध्यम से किराया दे सकता है। इसके लिए परिवहन निगम प्रबंधन से विचार करने के लिए पत्र जारी किया है। बसों में पहले से आनलाईन सुविधा के माध्यम से टिकट दिया जा रहा है। आनलाईन के माध्यम से यात्री एटीएम कार्ड से भी टिकट का पैसा परिचालक को दे रहे है। अब बार कोड से पैसा देने पर विचार हो रहा है।

बस से कम दूरी की यात्रा करना है और नगद पैसा नही है तो बार कोड से भी पैसा दिया जा सकेगा। इसके लिए परिचालक के मशीन में बार कोड भी मौजूद रहेगा। बार कोड होने पर कोई भी यात्री कम दूरी और अधिक दूरी का टिकट ले सकता है। बार कोड को पहले लखनऊ कानपुर के लिए शुरू किया जायेगा। ट्रायल होने के बाद प्रदेश के सभी बसो में यह सुविधा शुरू किया जायेगा ताकि प्रदेश भर में संचालित हो रही बसों में यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करायी जा सके।

# आनंद द्विवेदी ने सदस्यता लक्ष्य पूरा कर चुके पदाधिकारियों को दी बधाई

## सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक में सभी वर्ग जाति को भाजपा से जोड़ने पर जोर

विशेष संवाददाता




लखनऊ। भाजपा सदस्यता अभियान अवध क्षेत्र सह संयोजक नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हलवासिया कोर्ट हाल में गुरुवार को आयोजित बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा की और द्वितीय चरण में अभियान की सफलता के लिए आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की।

आनंद द्विवेदी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं के परिश्रम से सदस्यता अभियान का प्रथम चरण ऐतिहासिक रूप से सफल हुआ है और लखनऊ महानगर में तीन लाख से अधिक सदस्य जोड़ने में सफल हुए हैं। पार्टी द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा कर चुके जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को बधाई दी और लक्ष्य से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। सदस्यता अभियान का द्वितीय चरण 1 से 15 अक्टूबर तक चलेगा।

नीरज सिंह ने कहा कि हमारे सभी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने समर्पित भाव से कार्य करते हुए लखनऊ को सदस्यता अभियान में अग्रणी स्थान पर पहुंचाया है। द्वितीय चरण में भी अभियान को गति देते हुए सभी मोर्चे के सदस्यों को अपने जाति वर्ग के जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विभिन्न कॉलोनी, मोहल्ले, बस्ती और संस्थानों में जाकर सदस्यता अभियान चलाना है। इसके बाद सभी सार्वजनिक स्थानों, बाजारों में कैंप लगाकर और प्रभात फेरी करके लोगों को भाजपा से जोड़ने का कार्य करना है। बाजारों में स्थान चयनित करके स्टॉल लगाकर भी सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने पर जोर दिया, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को संगठन का सदस्य बनाया जा सके।

एमएलसी मुकेश शर्मा ने कहा कि हमें सभी वर्गों के बीच में पहुंचकर प्राथमिक सदस्यता करनी है। हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए कि अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य बनें और इसके लिए अधिक से सभी लोग सदस्यता अभियान में सक्रिय सहभागिता करें। हलवासिया कोर्ट, हजरतगंज में आयोजित बैठक में मोहसिन राजा, अशोक तिवारी, गिरीश गुप्ता, सुशील तिवारी पम्मी, रजनीश गुप्ता सहित महानगर पदाधिकारी, पार्षद, मंडल अध्यक्ष और अभियान टोली सदस्य उपस्थित रहे।

# पार्क रोड से हटेंगी अवैध डेरियां

वरिष्ठ संवाददाता




लखनऊ। पूर्व में डेरी विस्थापन के सम्बन्ध में कैटल कॉलोनी बसाने की कामधेनु नगर योजना, गोकुल तथा राधा ग्राम योजना की मदद ली जा सकती है जहां पर पशुपालको को लीज पर भूमि सब्सिडाईजड दरों पर उपलब्ध कराने की कार्यवाही को आधार मानते हुए कार्ययोजना बनायी जा सकती है। डीएम संयुक्त रूप से डेरियों का सर्वे पुनः कर लिया जाय जिससे यह ज्ञात हो जाय की डेरिया सरकारी भूमि पर हैं। अथवा निजी भूमि पर है। और वहाँ पर किस प्रकार का भूमि उपयोग स्वीकृत है और जहाँ पर भूमि दी जानी है उसमे पशुपालक को क्रय करने के क्या क्या विकल्प दिए जाएंगे भूमि के बदले भूमि पर भी विचार किया जा सकता है। एक सप्ताह पश्चात पुनः डेरी विस्थापन के मुद्दे पर बैठक बुलाये जाने का निर्णय लिया गया। शहरी क्षेत्र के अंतर्गत डेरी विस्थापन पर सदस्य विधानसभा, माननीय सदस्य विधान परिषद, सांसद प्रतिनिधि राजनाथ सिंह, दिवाकर त्रिपाठी तथा नगर निगम, आवास विकास परिषद तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गयी। दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि डेरी विस्थापन अत्यंत गंभीर और संवेदनशील मुद्दा है, पूर्ण तरीके से कार्ययोजना बनाकर, जगह चिन्हित कर लखनऊ नगर निगम सीमा से बाहर लखनऊ विकास प्राधिकरण तथा आवास विकास परिषद द्वारा विकसित किया जाय, जहां पशुओं द्वारा जनित गोबर तथा मल मूत्र के उचित निस्तारण की व्यवस्था की जाय, डेरियों के विस्थापन से पूर्व नगर आयुक्त नगर निगम लखनऊ द्वारा बाई लॉज के तहत सार्वजनिक नोटिस की जाय, जो डेरी सार्वजनिक स्थल, पार्क रोड पर संचालित हो रही हों उनको तत्काल प्रभाव से उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 26 के अंतर्गत सार्वजनिक हित तथा जन स्वास्थ्य की प्राथमिकता में हटाया जा सकता है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# घूरने पर दबंगों ने की फायरिंग, पांच गिरफ्तार



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के चिनहट इलाके में गोली चलाने के मामले में पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया है। बिरयानी की दुकान पर पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। जिसके बाद अवैध तमंचे से फायरिंग की गई थी। पुलिस ने तमंचा जब्त कर लिया है।

बता दें, रामस्वरुप कॉलेज में पढ़ने वाले अभिषेक तिवारी ने मंगलवार रात चिनहट थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। अभिषेक ने बताया, अपने दोस्त के साथ बिरयानी खा रहा था, तभी कॉलेज से निकाला गया पूर्व छात्र साथियों के साथ वहां पहुंचा और गाली गालौज करने के बाद मारपीट शुरू कर दी। हवा में दो राउंड फायरिंग कर फरार हो गए। पुलिस ने अवैध तमंचा बरामद कर लिया है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल से दो खोखे मिले थे। जिसके बाद पुलिस ने सर्विलांस की मदद से प्रतापगढ़ के रहने वाले विपुल सिंह (22), गाजियाबाद के रहने वाले आशुतोष यादव (23), बलिया के रहने वाले वैभव सिंह (24), बाराबंकी के रहने वाले शिवम सिंह (22) और ओमकार यादव (23) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी विपुल और वैभव रामस्वरूप कॉलेज के पूर्व छात्र हैं, जिन्हें कॉलेज से निकाल दिया गया था, जबकि अन्य अभी पढ़ रहे हैं। आरोपियों ने बताया कि बिरयानी की दुकान पर पुरानी बातों को लेकर बहस शुरू हुई।

**नकली सीमेंट बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा, माल बरामद:** जानकीपुरम थाना क्षेत्र के गड़रियन पुरवा में बुधवार को नकली वाल पुट्टी बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा मारकर दो बोरी जे के ह्वाइट सीमेंट व 80 खाली बोरी जे के ह्वाइट सीमेंट की बरामद किया है।

जानकीपुरम थाना प्रभारी उपेन्द्र सिंह ने बताया कि 2 अक्टूबर बुधवार को लांसर्स नेटवर्क लिमिटेड महरौली दक्षिण नई दिल्ली की जे के व्हाइट सीमेंट कम्पनी में सुनील कुमार मैनेजर है। सुनील कुमार के अनुसार उन्हें जानकीपुरम के गड़रियन पुरवा में नकली जे के व्हाइट वाल पुट्टी की फैक्ट्री चलने की जानकारी मिली। सुनील कुमार ने गडरियन पुरवा जानकीपुरम में जेरान पेंट्स एंड केमिकल प्राइवेट लिमिटेड में नकली जे के वाल पुट्टी बनाए जाने की सूचना जानकीपुरम पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद सब इंस्पेक्टर जानकीपुरम सत्यपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर फैक्ट्री पर छापा मारा। पुलिस छापेमारी में फैक्ट्री से एक बोरी जे के ह्वाइट सीमेंट, एक बोरी जे के प्रीमियम वाल पुट्टी व 79 बोरी जे के वाल पुट्टी के खाली बैग बरामद किया। सुनील कुमार ने बंगला बाजार आशियाना निवासी जेरान पेंट्स एंड केमिकल प्राइवेट लिमिटेड के मालिक सचिन कुमार के खिलाफ जे के सीमेंट वाल पुट्टी की कापी राइट नकली जे के वाल पुट्टी बनाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुनील ने बताया कि फैक्ट्री में नकली वाल पुट्टी बनाकर उसे प्लास्टिक बोरी में भर सील करके उसपर मोहर मारकर मार्केट में बेंचा जा रहा था। एक बोरी जे के वाल पुट्टी का नमूना भरकर जांच के लिए भेज दिया है।

**मित्र को कर्ज में दिए 50 लाख वापस मांगने पर मिली धमकी :** कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक युवक से, उसके दोस्त ने व्यवसाय के लिए 50 लाख रुपये कर्ज के रूप में लिए, और अब पैसा वापस करने से इंकार कर दिया, पैसा वापस मांगने पर फोन पर गाली गलौच की, और जान से हाथ धोने की धमकी देने लगा। पीड़ित की शिकायत पर कृष्णा नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुटी है। कृष्णा नगर इंस्पेक्टर पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित बरिगवाँ बाराबिरवा में रहने वाले डॉ ओमवीर सिंह के अनुसार करीब एक वर्ष पूर्व उन्होंने अपने मित्र आसिफ नाजिम खान, निवासी खारगर नवी मुम्बई, साँई मन्नत अपार्टमेन्ट ई-विंग, 13 वी फ्लोर खारगर, सेक्टर-35, नवी मुम्बई को व्यवसाय के लिए आवश्यकता पड़ने पर पचास लाख रूपया आरटीजीएस के माध्यम से कर्ज के रूप में दिया था। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी उसके मित्र ने पैसा वापस नहीं किया। आरोप है कि अब उनका मित्र रुपए देने में टाल मटोल कर रहा है। और कर्ज में लिए गए रुपये को वापस करने से इंकार कर रहा है। पैसा वापस माँगने पर गाली गलौज कर अपनी ऊँची पहुँच का हवाला दे, जान से मारने की धमकी दे रहा है। फिलहाल कृष्णा नगर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर धोखाधड़ी, अमानत में ख्यानत एवं धमकी ाारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मड़ियांव पुलिस ने हुक्का बार पर मारा छापा, 29 बंदी

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** थाना मड़ियांव क्षेत्र के एस0एन हॉस्पिटल के बगल में महर्षि यूनिवर्सिटी के पास कैफे की आड़ में हुक्का बार चल रहा था। सूचना पर पहुची मड़ियांव पुलिस ने छापा मार कर 29 लोगो को गिरफ्तार किया इसमें तीन कैफे के मालिक और 9 नाबालिग सहित 29 को गिरफ्तार कर लिया है।

मड़ियांव थाना प्रभारी शिवानंद मिश्रा के मुताबिक 02 अक्टूबर रात 9 बजे को एस.एन. हॉस्पिटल के बगल में महर्षि यूनिवर्सिटी के पास आई.आई.एम. रोड पर हॉस्टलर्स कैफे में हुक्काबार चल रहा था स्थानीय लोगो की सूचना पर मौके पर पहुँची मड़ियांव पुलिस ने छापा मारकर कर 9 नाबालिग सहित 29 लोगो को गिरफ्तार कर लिया। मड़ियांव थाना प्रभारी ने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना पर मड़ियांव पुलिस ने छापा मार कर हुक्का पी रहे लड़कों सहित 29 लोगो को मौके पर पकड़ लिया रिसेप्शन पर मिले तीन लोगों से पूछताछ करने पर रितिक झा पुत्र डॉ0 राजेश झा निवासी शालीमार आई.आई.एम. रोड अपने आप को कैफे का मालिक बताया और राहुल भारद्वाज पुत्र रमाकान्त प्रसाद निवासी बालागंज कोवअपना पार्टनर बताया और ज्ञान सिंह पुत्र गिरजा सिंह को कैफे का मैनेजर बताया। कैफे के मालिक रितिक ने बताया इस कैफे की आड़ में हुक्काबार चला रहे थे और मोटी कमाई कर रहे थे। बाहर के लोगों को दिखाने के लिए इस कैफे का नाम हॉस्टलर्स कैफे रखे हैं। हुक्का चलाने के सम्बन्ध में बैध लाइसेंस मांगा गया तो तीनों लाइसेंस दिखा नही पाए। कैफे की तलासी लेने पर 8 हुक्के, 25 खुले व बंद अलग-अलग फ्लेवर के तम्बाकू पैकेट व 01 कोयला का खुला पैकेट तथा कुल 780 रुपए बरामद हुआ।

# अयोध्या गैंगरेप : मोईद अहमद की जमानत याचिका खारिज

- विवेचना के दौरान सुलह के लिए बनाया गया था दबाव : हाईकोर्ट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अयोध्या गैंगरेप मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अभियुक्त सपा नेता मोईद अहमद की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि अभियुक्त राजनीतिक तौर पर काफी ताकतवर है और उसके तथा पीड़िता व उसके परिवार के बीच बड़ा सामाजिक व आर्थिक फर्क है, इसके साथ ही विवेचना के दौरान पीड़िता व उसके परिवार पर सुलह के लिए दबाव भी डाला गया था लिहाजा अभियुक्त के बाहर आने पर ट्रायल के प्रभावित होने का खतरा है। हालांकि न्यायालय ने चार सप्ताह के पश्चात तथा पीड़िता व वादिनी की गवाही होने के बाद, नए सिरे से जमानत याचिका दाखिल करने की छूट दी है। न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट को आदेश दिया है कि इस दौरान दिन प्रतिदिन सुनवाई कर पीड़िता व वादिनी की गवाही पूरी कर ली जाय।यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने पारित किया। अभियुक्त की ओर से दलील दी गई थी कि उसे मामले में राजनीतिक कारणों से झूठा फंसाया गया है, वह 71 साल की उम्र का है और पीड़िता के बयानों तथा एफआईआर में घटना के सटीक तिथि व समय का उल्लेख नहीं है। वहीं जमानत याचिका का विरोध करते हुए, अपर महाधिवक्ता वीके शाही ने दलील दी कि वर्तमान अभियुक्त व उसके साथी अभियुक्त राजू ने पीड़िता के साथ दरिन्दगी का वीडियो भी बनाया, जिस मोबाइल फोन से वीडियो बनाया गया है उसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात पारित अपने आदेश में कहा कि फिलहाल वह साक्ष्यों पर कोई टिप्पणी नहीं कर रही है। विवेचना के दौरान सुलह के दबाव की एफआईआर का जिक्र करते हुए न्यायालय ने एसएसपी, अयोध्या को ट्रायल के दौरान पीड़िता व वादिनी को पर्याप्त सुरक्षा देने का भी आदेश दिया, साथ ही निदेशक, एफएसएल को बरामद मोबाइल फोन की फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट चार सप्ताह में तैयार रखने का आदेश दिया है।

## अवध बार एसोसियेशन ने जस्टिस संगीता चंद्रा की कोर्ट के बायकाट का निर्णय लिया वापस

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ की अवध बार एसोसियेषन ने जस्टिस संगीता चंद्रा की कोर्ट के बायकाट के निर्णय को गुरूवार को वापस ले लिया। अवध बार बसपा नेता और वरिश्ठ अधिवक्ता एस सी मिश्रा के खिलाफ जस्टिस संगीता चंद्रा और जस्टिस बी आर सिंह की पीठ द्वारा आपराधिक अवमानना का संदर्भ चीफ जस्टिस को प्रेशित करने के विरोध में मांग कर रही थी कि जस्टिस चंद्रा का स्थानांतरण दूसरे प्रदेष में किया जाये। साथ ही गत 30 सितम्बर को प्रस्ताव पारित करके जस्टिस चंद्रा का विरोध प्रकट करने के रूप से उनकी कोर्ट का बायकाट करने का प्रस्ताव कर रखा था।

## सुरक्षा को लेकर डिलीवरी ब्वॉय ने किया प्रोटेस्ट

**लखनऊ।** फ्लिपकार्ट के डिलीवरी बॉय भरत के हत्यारों को फांसी दिए जाने, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा, सभी डिलीवरी बॉय की सुरक्षा सहित अन्य कई मांगों को लेकर चिनहट सतरीख रोड स्थित कंपनी के वेयरहाउस के बाहर डिलीवरी बॉय ने धरना प्रदर्शन किया। भरत को न्याय दो....मोबाइल के बदले हत्या क्यों...डिलीवरी बॉय की सुरक्षा का जिम्मेदार कौन....हत्यारों को फांसी दो... भरत को क्यों मार सहित अन्य स्लोगन लिखे पोस्टर को हाथ में लिये डिलीवरी बॉय ने जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन की सूचना पाकर एसीपी विभूतिखण्ड मौके पर पहुंचे। एसीपी को 13 सूत्रीय मांगों को एक ज्ञापन सौंपा गया। एसीपी ने कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों से बात की। कंपनी ने डिलीवरी बॉय की सामुहिक दुर्घटना बीमा सहित उनके वेलफेयर से जुड़े कई योजनाओं के बारे में उन्हें जानकारी दी। दोपहर 2 बजे धरना समाप्त हुआ। धरना में भरत की पत्नी उसकी मां भाई भी मौजूद थे। भरत के भाई प्रेम ने ह्यह्यराष्ट्रीय सहाराह्यह्य को बताया कि कंपनी ने 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। चिनहट के सतरीख रोड पर फ्लिपकार्ट से जुड़ी कंपनी इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का वेयरहाउस है। वर्तमान में इस वेयर हाउस में लगभग 80 डिलीवरी बॉय काम करते हैं। बीते 24 सितम्बर को डिलीवरी बॉय भरत साहु लगभग 1 लाख को मोबाइल कैश ऑन डिलीवरी मोड में देने गया था। देवा रोड तकरोही से पास एक प्राइवेट कालोनी में गजानन और आकाश ने उसे अपने घर पर बुलाया। घर के अंदर खींच कर ले गए और लैपटॉप के तार से गला दबाकर भरत की हत्या कर दी। हत्यारो ने बैग में रखा अन्य पार्सल भी लूट लिया। पार्सल के उसी बैग में भरत का शव रखकर देवा रोड माती स्थित इंदिरानहर में फेंक दिया। इस बात की जानकारी मिलने के बाद फ्लिपकार्ट में कार्यरत सभी डिलीवरी बॉय दहशत में हैं।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पॉलिसी सं 214523323 में त्रुटिवश मेरा नाम बबलू कुमार सैनी व जन्मतिथि 10.08.1988 दर्ज है, जबकि मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम बबलू व जन्मतिथि 03.05.1984 दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं। मेरी पॉलिसी मे भी मेरा सही नाम व जन्मतिथि दर्ज किया जाये। **बबलू पुत्र श्री बाबू लाल नि.- 548/सी-80, चन्द्रोदय नगर, राजाजीपुरम, लखनऊ।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील-गोला वि.खं. बांकेगंज के न्याय पंचायत रामपुर ग्रन्ट नं. 18 में दिनांक 04.10.2024 समय 12 बजे ग्राम सौखिया के पंचायत घर में प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति सौखिया के गठन हेतु प्रथम बैठक का आयोजित की जा रही है। समस्त इच्छुक व्यक्ति प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

**अनुज कुमार**
**पता- सौखिया पो.-सौखिया, गोला।**

## लखनऊ में विधानसभा के बाहर आत्मदाह का प्रयास

- पीलीभीत से एक ही घर के 5 लोग पहुंचे दबंगों पर पुलिस कार्रवाई न होने से आहत पूरा परिवार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विधानसभा के बाहर आत्मदाह के इरादे से पहुंचे परिवार को पुलिस ने समय रहते रोक लिया। गुरुवार पीलीभीत से एक ही परिवार के 5 लोग पहुंचे। दोपहर करीब 1 बजे वे सभी विधानसभा गेट के सामने पहुंच गए।

उनकी संदिग्ध हरकतों को देखकर ड्यूटी पर तैनात पुलिस टीम ने सभी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ की गई, इसके बाद उन्हें हजरतगंज पुलिस को सौंप दिया गया। जांच में यह बात सामने आई है, कि स्थानीय पुलिस द्वारा सुनवाई न होने पर यह पूरा परिवार लखनऊ पहुंचा था। पुलिस घटना के पीछे के कारणों की पड़ताल कर रही है। पीलीभीत के बीसलपुर के जोगीठेर गांव निवासी एक परिवार का मुखिया अपनी पत्नी, दो बेटे और एक बेटी के साथ विधान सभा के सामने आत्मदाह करने के लिए पहुंचा। जिन्हें विधान भवन के बाहर सुरक्षा में तैनात सिपाही पंचराम यादव, शत्रुजीत राय और सुधा सिंह ने समय रहते रोक लिया। उनके पास से मिले प्रार्थना पत्र में लिखा था, कि गांव के विपिन और अरुण राणा ने पूरे परिवार को परेशान कर रखा है। उनके चलते उनके बेटे की मौत हुई है। पीड़ित परिवार के मुताबिक गांव के विपिन राणा और अरुण राणा ने घर में घुसकर मारपीट की थी। जिसकी बीसलपुर थाने में शिकायत की थी। इसके बाद उन लोगों ने दोबारा घर में



घुसकर मारपीट की। साथ ही बहन के सारे कपड़े उतारकर अश्लीलता की। विरोध पर सिर पर चाकू मार दिया। जिससे उसका सिर फट गया। उसके बाद दो भाइयों को पीटते हुए थाने ले गए और बंद करा दिया।

## पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट रोकने के लिए चलाये विशेष अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पटाखा फैक्ट्रियों एवं गोदामों में हो रहे विस्फोट को रोकने के लिए डीजीपी प्रशांत कुमार ने कड़े निर्देश देते हुए घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए है।

यूपी के डीजीपी प्रशान्त कुमार ने आज प्रदेश के सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक और पुलिस आयुक्त तथा परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस उपमहानिरीक्षक तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक को पटाखा बनाने वाली फैक्ट्रियों एवं गोदामों में आगामी नौ अक्टूबर तक लगातार विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये है।डीजीपी ने कहा कि जिन फैक्ट्रियों को लाइसेंस दिया गया है, उन सभी का निरीक्षण क्षेत्राधिकारी और उपजिलाधिकारी थाना प्रभारी और अग्निशमन सेवा की संयुक्त टीम द्वारा किया जाये।डीजीपी ने कहा कि जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण की वीडियोग्राफी कराते हुए अपर पुलिस अधीक्षक व अपर जिलाधिकारी (एडीएम) पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी (डीएम) द्वारा अभिलेखीकरण करके उनका क्रॉस-सत्यापन किया जाये।डीजीपी ने कहा कि आकस्मिक आग की दुर्घटनाओं और खासकर रासायनिक आग से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा विशेष ध्यान देकर सुनिश्चित करायी जाये।उन्होंने कहा कि प्रत्येक निरीक्षण में दुर्घटनाओं के समय काम करने वाले कर्मचारियों और प्रबंधकों द्वारा की जाने वाली तैयारियों की भी गहनता से जांच कर उसकी कड़ी समीक्षा की जाये।डीजीपी ने कहा कि पटाखों आदि के भण्डारन और बिक्री के स्थानो पर पर्याप्त मात्रा में अग्निशमन यत्रों की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये।डीजीपी ने कहा है कि चेकिंग के दौरान बालश्रम की घटना पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाये।डीजीपी ने अफसरों से कहा कि किसी भी अवैध या अनधिकृत कारखानों और भंडारण व अवैध बिक्रय और परिवहन की जानकारी के लिए राजस्व अधिकारियों और थाना और एलआईयू द्वारा गोपनीय रूप से जानकारी एकत्र कराया जाये।डीजीपी ने अवैध फैक्ट्री और भण्डारण पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हे तत्काल बंद कराए।डीजीपी ने कहा कि पटाखों के भण्डारण और बिक्री के स्थान उनके लाईसेंस और अनुमति के आधार पर निर्धारित स्थानों पर ही हो।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रोहनी खोजगीपुर, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**
पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-03.10.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रोहनी खोजगीपुर, वि0ख0 दोस्तपुर, सुलतानपुर में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 04.10.2024 से दिनांक 09.10.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत रोहनी खोजगीपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 09.10.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | आरआरसी सेंटर पर जाली, हैण्डपंप, इण्टरलॉकिंग, मिट्टी ढुलाई कार्य। | 2.50 लाख। | ईंट, गिट्टी, मोरंग, सीमेंट, बालू, मिट्टी, ह्यूम पाइप, इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- रोहनी खोजगीपुर, वि.ख.- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

**कर्मक्षेत्र महाविद्यालय प्रबंन्ध समिति, इटावा**
**(सत्र 2024-29)**

**चुनाव कार्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | मतदाता सूची प्रकाशन | 05.10.2024 |
| 02 | मतदाता सूची में आपत्ति दाखिल करने हेतु | 06.10.2024 |
| 03 | मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन | 07.10.2024 |
| 04 | नामांकन पत्र दाखिल करने हेतु | 08.10.2024 से 10.10.2024 |
| 05 | नामांकन पत्रों पर आपत्ति एवं जांच | आपत्ति दिनांक 11.10.2024 तक सायं 4 बजे से 6 बजे तक |
| 06 | नामांकन वापसी | 12.10.2024 सायं 6 बजे तक |
| 07 | निर्वाचन | 20.10.2024 दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक |
| 08 | मतगणना | 20.10.2024 सायं 5 बजे से 6 बजे तक |
| 09 | चुनाव परिणाम | 20.10.2024 रात्रि 7 बजे तक |

**विशेष :-** निर्वाचन सम्बंधी समस्त प्रक्रिया महाविद्यालय में स्थित पटेल सभागार में 12 बजे दोपहर से रात्रि 7 बजे तक सम्पन्न होगी ।

(राजशेखर वर्मा)
चुनाव अधिकारी
कर्मक्षेत्र महाविद्यालय प्रबंन्ध समिति, इटावा

# वाहन की टक्कर से दंपति की मौत

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। राजधानी के ठाकुरगंज इलाके में तेज रफ्तार गाड़ी ने दंपती को मारी टक्कर। बेटी से मिलकर दोनों लौट रहे थे। तभी अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दुबग्गा इलाके में राम सहाय (55) और उनकी पत्नी सरला वर्मा (48) बेटी से मिलने आए थे। वहां से गुरुवार रात 9.30 बजे वापस जा रहे थे। ठाकुरगंज के पास पहुंचे थे पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है। अज्ञात कार की तलाश कर रही है।

**रिक्शा पलटा युवक का पैरा टूटा अस्पताल भर्ती:** जानकीपुरम थाना क्षेत्र में सवारी भरा ई रिक्शा पलट गया। घटना से ई रिक्शा चालक का पैर टूट गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ई रिक्शा चालक को ट्रामा सेंटर लेकर गई। जहां डॉक्टरों ने उसके पैर में प्लास्टर चढ़ाया। 2 अक्टूबर दिन बुधवार को जानकीपुरम पुलिस के अनुसार कैनापुर ईशानगर धौराहरा खीरी निवासी राम गुलाम ई रिक्शा में सवारी भरकर सेक्टर एफ जानकीपुरम के पास जा रहा था। तभी उसका ई रिक्शा पलट गया। राहगीरो ने लोगों को ई रिक्शा आए बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ई रिक्शा चालक को लेकर ट्रामा सेंटर जानकीपुरम विस्तार ले गई। जहां डॉक्टरों पैर टूट जाने की बात बताते हुए पैर का प्लास्टर किया। वही अन्य सवारियों को मामूली चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ई रिक्शा चालक शराब पिए हुए था।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि., लेसा -जानकीपुरम्, लखनऊ।**
**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत नगरीय वितरण मण्डल - महानगर, लेसा - जानकीपुरम्, मविविनिलि, लखनऊ के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु उ.प्र. सरकार की ई-टेण्डर वेबसाइट पर ई-निविदायें दो भागों में आमंत्रित की जाती है, निविदाओं का विवरण निम्नवत् हैः- **S.N.** 1 **E-Tender no.** 20/EUDC (VI)/2024- 2025 **Earnest Money RTGS/NEFT/IMPS only (Refundable)** 2000.00 **Tender Document Fee + 18% GST through RTGS/NEFT only (Non Refundable)** 1000+180 =1180 (Inclusive GST) **Bid Submission date & time** 08.10.2024 Time 12:00pm **Technical Bid opening Date & time** 08.10.2024 Time 17:00pm **Short Detail of work** विद्युत नगरीय वितरण खण्ड सीतापुर रोड के अन्तर्गत खण्ड कार्यालय, उपखण्ड जीएसआई/फैजुल्लागंज कार्यालयों में अवस्थित विभिन्न मेक के 18 नग प्रिंटरों का वार्षिक अनुरक्षण एवं मरम्मत सम्बन्धी कार्यो हेतु। **S.N.** 2 **E-Tender no.** 21/EUDC (VI)/2024- 2025 **Earnest Money RTGS/NEFT/ IMPS only (Refundable)** 2000.00 **Tender Document Fee + 18% GST through RTGS/ NEFT only (Non Refundable)** 1000+180 =1180 (Inclusive GST) **Bid Submission date & time** 14.10.2024 Time 14:00pm **Technical Bid opening Date & time** 15.10.2024 Time 14:00pm **Short Detail of work** विद्युत नगरीय वितरण खण्ड सीतापुर रोड के अन्तर्गत 33/11 केवी उपकेन्द्र, फैजुल्लागंज, लखनऊ पर स्थापित 2x10+1x5 MVA परिवर्तकों की ऑयल रिफील / लिकेज / साफ-सफाई तथा अन्य संयत्रों मरम्मत एवं अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य हेतु। **S.N.** 3 **E-Tender no.** 22/EUDC (VI)/2024- 2025 **Earnest Money RTGS/NEFT/ IMPS only (Refundable)** 5000.00 **Tender Document Fee + 18% GST through RTGS/NEFT only (Non Refundable)** 1000+180 =1180 (Inclusive GST) **Bid Submission date & time** 14.10.2024 Time 14:00pm **Technical Bid opening Date & time** 15.10.2024 Time 14:00pm **Short Detail of work** विद्युत नगरीय वितरण खण्ड सीतापुर रोड के अन्तर्गत विद्युत उपकेन्द्रों (प्रियदर्शिनी, जीएसआई, फैजुल्लागंज एवं दाउदनगर) के अन्तर्गत उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति हेतु विभिन्न स्थानों पर लगे वितरण परिवर्तकों की प्लिंथ एंव फ्यूज पेटी का स्ट्रक्चर मरम्मत/ बदलने सम्बन्धी कार्य हेतु। **S.N.** 4 **E-Tender no.** 23/EUDC (VI)/2024- 2025 **Earnest Money RTGS/NEFT/ IMPS only (Refundable)** 10000.00 **Tender Document Fee + 18% GST through RTGS/NEFT only (Non Refundable)** 1000+180 =1180 (Inclusive GST) **Bid Submission date & time** 14.10.2024 Time 14:00pm **Technical Bid opening Date & time** 15.10.2024 Time 14:00pm **Short Detail of work** विद्युत नगरीय वितरण खण्ड सीतापुर रोड के अन्तर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, जीएसआई, प्रियदर्शिनी, दाउदनगर एवं फैजुल्लागंज, लखनऊ से पोषित विभिन्न क्षेत्रों में एम. एण्ड आर. मद के अन्तर्गत लाइनों को सुदृढ़ करने सम्बन्धी कार्य हेतु। इच्छुक फर्मों द्वारा ई-निविदा के सापेक्ष उ.प्र. सरकार की ई-टेण्डर वेबसाइट पर निर्धारित तिथि तक निविदा शुल्क (जी.एस.टी. सहित) एवं धरोहर धनराशि उपरोक्त तालिका के अनुसार जो अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, महानगर के पंजाब नेशनल बैंक, महानगर, लखनऊ के खाता सं.- 0758002100027903. आई.एफ.सी. कोड PUNB0075800 में RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करना होगा । निविदा शुल्क (जीएसटी सहित) एवं धरोहर धनराशि RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करने के साक्ष्य स्वरूप यू.टी.आर. संख्या, पे-इन-स्लिप (Copy of issued Bank confirmation mail) की मूल प्रति निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर प्रपत्र में इंगित आवश्यक प्रपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ प्रस्ताव निर्धारित तिथि तक अपलोड किये जा सकते है। ई-निविदा का प्रथम भाग (तकनीकी बिड) निर्धारित तिथि को समय 14.00 बजे खोला जायेगा तदनुसार तकनीकी विश्लेषण के उपरान्त निविदा में अर्ह फर्मों का द्वितीय भाग (फाइनेन्शियल बिड) खोला जायेगा। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में नियत समय पर खोली जायेगी। भविष्य में सम्बन्धित निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता है, तो उसकी सूचना उ.प्र. सरकार की ई- टेन्डर वेबसाईट https://etender.up.nic.in तथा मध्याचल की वेबसाइट https://mvvnl.in पर उपलब्ध करायी जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदा प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त/विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **अधीक्षण अभियन्ता वि.न.वि.म.-महानगर, लेसा-जानकीपुरम, लखनऊ।**

**हेल्पलाइन नम्बर 0522-4957729**
**''राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगायें''**
**(पत्रांक 3361 / दि. 01.10.2024)**


शारदीय नवरात्र के पहले दिन बड़ी काली मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु


मां भवानी के दर्शन के लिए उमड़ा भक्तों का हुजूम


मां दुर्गा के दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करते श्रद्धालुगण

सभी फोटो-अमित वर्मा

# मां दुर्गा के जयकारों से गूंज उठा शहर, देवीमय हुआ लखनऊ

## शारदीय नवरात्र के पहले दिन घरों में कलश स्थापना के साथ बड़ी काली जी समेत तमाम देवी मंदिरों में भक्तों ने की विधि-विधान से पूजा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन मंदिरों के बाहर मां के दर्शन को लगी लंबी-लंबी लाइनें देखते ही बन रही थीं, वहीं मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंज रहे हैं। नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की गई, इसके साथ ही घरों में भी विधि विधान से कलश स्थापना और मां की पूजा अर्चना की गई। पूरा शहर दुर्गा सप्तशती के मंत्रों से गूंज रहा था।

नवरात्र के पहले दिन प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री का पूजन घरों में किया गया। इससे पहले कलश की स्थापना की गई और वैदिक मंत्रोच्चारण कर उनका आह्वान किया गया। मंदिरों में मां के जयकारे लगाते हुए भक्तों की भीड़ उमड़ी, मंदिरों में सुबह से देर रात तक दर्शन जारी रहा। चौक की बड़ी कालीजी मंदिर में पुजारी ने सुबह आठ बजे आरती की। उसके बाद साढ़े आठ से नौ बजे तक मां की स्तुति और भजन गाए गए। लंबी लाइन में महिला और पुरुष अलग-अलग खड़े होकर मां के दर्शन करते रहे। पुलिस और मंदिर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के इंतजाम के बीच सुबह से ही दर्शन चलते रहे। इसी तरह से टिकैतराय तालाब के पास मेंहदीगंज में मां शीतला देवी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुनील सैनी ने बताया कि सुबह चार बजे से ही भक्त दर्शन के लिए आने लगे। बीकेटी के मां चंद्रिका मेला विकास समिति के मीडिया प्रभारी नागेंद्र चौहान ने बताया कि कई भक्त तो बुधवार देर रात ही मंदिर परिसर के बाहर आकर रैन बसेरे में ठहर गए थे। यहां पर तड़के चार बजे से ही परिसर में पूजन, मुंडन आदि धार्मिक कार्य होने लगे। संदोहन देवी मंदिर में सुबह ज्योति जलाकर पुजारियों ने मां का आह्वान किया। शास्त्री नगर के दुर्गा मंदिर के ताराचंद ने बताया कि पूजन के साथ मां से सभी को सुख शांति की कामना की गई। छोटी काली जी मंदिर, ठाकुरगंज के पूर्वी देवी मंदिर, गनेशगंज में मां संतोषी देवी मंदिर, छितवापुर भुईयन देवी मंदिर में सुबह से ही भक्त उपवास के साथ पूजन करने पहुंचे। कुछ मंदिरों के बाहर लगे मेले में लोगों ने खरीदारी भी की।

**शीतला देवी मंदिर:** टिकैतराय तालाब के पास मेंहदीगंज में मां शीतला देवी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुनील सैनी ने बताया कि सुबह चार बजे से ही भक्त दर्शन के लिए आने लगे। पंडित श्याम मनोहर ने सुबह आरती की। इस दौरान लोग लाइन में लगे रहे। आरती के बाद भक्तों को पूजन और दर्शन का अवसर मिला लोगों ने मां शीतला पर फल फूल चुनरी चढ़ाई। बैरिकेडिंग में महिला व पुरुष अलग-अलग लाइन में दर्शन करते रहे। मंदिर में रात को विशेष आरती होगी।

**फूलों से सजाया गया मां का दरबार:** चौक के संतोषी माता मंदिर में मां के दरबार को फूलों से सजाया गया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि मंदिर में होने वाली फूलों की सजावट को देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने बताया कि रोजाना मां के दरबार को अलग-अलग फूलों से सजाया जाएगा। ठाकुरगंज के मां बाघम्बरी पूर्वी देवी मंदिर में मां का श्रृंगार पीले फूलों से किया गया। राजधानी में मौजूद चिनहट के मां जानकी मंदिर, संकटा देवी मंदिर, त्रिवेणीनगर योगी नगर दुर्गा मंदिर, मदेयगंज दुर्गा मंदिर, कैसरबाग दुर्गा मंदिर, कृष्णानगर के इंद्रेश्वर मंदिर, तुलसी मानस मंदिर, आलमबाग के दुर्गा मंदिर में मां की प्रतिमा के साथ ही दरबार की भव्य सजावट की गई है।

## आज होगी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा



**लखनऊ।** भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इस देवी को तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया।

मांदुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्म का अर्थ तपस्या से है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। इस देवी के दाएं हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में यह कमण्डल धारण किए हैं। पूर्वजन्म में इस देवी ने हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था और नारदजी के उपदेश से भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया गया।

**पूरे नौ दिन मनेगा दुर्गोत्सव:** बंगाली समाज के इस प्राचीन मंदिर में षष्ठी से दुर्गोत्सव शुरू नहीं होता है। बल्कि यहां पर पूरे नौ दिन नवरात्र पूजन, अनुष्ठान मूल बंगाली परंपरा से किए जाते हैं। इस मंदिर में मिट्टी की अपनी तरह की अकेली मां काली की प्रतिमा स्थापित है। कालीबाड़ी मंदिर की मैनेजिंग कमिटी के सभापति गौतम भट्टाचार्य ने बताया कि तंत्र विद्या के विशेष पुरोहित मधुसूदन मुखर्जी के स्वप्न में मां ने दर्शन दिए थे जिसके बाद मंदिर में मां काली के भक्त मधुसूदन ने इस विशेष मुद्रा की मां की प्रतिमा मृदा से तैयार की। इसमें मां काली, महाकाल के वक्ष पर विराजमान हैं। पंचमुंड आसन वाली यह मुद्रा अपनी तरह की मृदा से बनी अकेली प्रतिमा है।

**मेवे से हुआ मां का श्रृंगार:** श्री दुर्गा जी मन्दिर, शास्त्रीनगर में गुरुवार से नवरात्र उत्सव प्रारम्भ हुआ। मन्दिर में सदैव की भांति भिन्न-भिन्न सामग्रियों से मां दुर्गा का श्रृंगार किया जा रहा है। आज प्रथम नवरात्र को मेवों से दरबार की श्रृंगार किया गया। मन्दिर में सुरक्षा का विषेष प्रबन्ध किया गया है। महिला व पुरुष कार्यकर्ताओं के साथ सी सी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। महिलाओं व पुरुषों के लिये अलग अलग पंक्तियों में दर्शन की व्यवस्था की गई है। प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक भजनों का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। पुरे क्षेत्र में विशाल मेला लग गया है। अनेक प्रकार के झूले, खिलोने और खाने की दुकाने लगी हुई हैं।

## देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए उमड़े भक्त





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में जगह-जगह मां दुर्गा के मंदिर सज गए हैं। सुबह से ही मंदिरों में भक्त दर्शन के लिए आने लगे। लखनऊ में सबसे प्रसिद्ध बख्शी का तालाब चंद्रिका देवी मंदिर और चौक के काली बाड़ी मंदिर में दर्शन के लिए भीड़ उमड़ी।

गुरुवार से शारदीय नवरात्र आरंभ हो गया है। इस बार मां दुर्गा पालकी पर सवार होकर आ रहीं हैं, साथ कई शुभ संयोग ला रही हैं। इन्हीं शुभ योगों के बीच लोगों ने घरों में घट स्थापना यानी कलश बैठा दिए। देवीभागवत पुराण के अनुसार कलश भगवान गणेश का स्वरूप है जिसमें सभी तीर्थ, समुद्र, पवित्र नदियों, वरुण सहित अनेक देवताओं का वास होता है। कलश स्थापित होने के बाद वह भगवान गणेश का स्वरूप बन जाता है जो विघ्नों को दूर करता है। नवरात्र बिना किसी बाधा के पूर्ण हो इसलिए देवी की पूजा आरंभ करने से पहले घट यानी कलश बैठाया जाता है और हर दिन देवी की पूजा से पहले कलश की पूजा की जाती है।

कालीबाड़ी मंदिर, शास्त्री नगर दुर्गा मंदिर समेत चौक के काली बाड़ी मंदिर में भक्तों का तांता सुबह से ही लगने लगा। घरों में कलश स्थापना के बाद लोग माता के दर्शन के लिए मंदिरों के लिए निकलने लगे। बख्शी के तालाब स्थित चंद्रिका देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं को तांता लगा रहा। इस बार चंद्रिका देवी मंदिर में भी पूजा के लिए खास इंतेजाम किए गए। वहीं घरों के आसपास दुर्गा मां के मंदिरों में भी भक्तों की खासा भीड़ रही।

**51 शक्तिपीठ में मां की आराधना के संग पीण्डी पूजन शुरू:** नन्दना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ धाम में शारदीय नवरात्र उत्सव आज से शुरू हो गया। आचार्य धनन्जय पाण्डेय ने सुबह कलश स्थापना के बाद प्रथम शैलपुत्री की पूजा अर्चना की।

51 शक्तिपीठ में नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पिंडी पूजन, हवन हुआ। पिंडी पूजन संस्था के अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने किया बाद में विश्व कल्याण के लिए सामूहिक हवन किया गया जिसमें लोगों ने आहुतियां डाली। नवरात्र के पहले दिन मां का नीलांबर सिंगार किया गया।





**नवरात्रि के प्रथम दिवस पर सामूहिक व्रत प्रसाद वितरण:** पवन सिंह चौहान ने आज अपने जानकीपुरम आवास पर नवरात्रि के प्रथम दिवस पर नवरात्रि सामूहिक व्रत प्रसाद कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे अतिथि के रूप में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह , राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, संसद बृजलाल, चिन्मय मिशन लखनऊ के महंत कौशिक चैतन्य, पूर्व एडनिशनल कमिश्नर अशोक सिंह, टीसीएस जोनल हेड अजय सिंह, नीरज सिंह बीजेपी (युवा नेता), योगेश शुक्ल (विधायक बीकेटी), विजय बहादुर पाठक (एमएलसी), पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, प्रांत प्रचारक कौशल जी, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर पवन सिंह चौहान एवं पीयूष सिंह चौहान ने आए हुए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर आगमन पर आभार प्रकट किया।

# कालजयी रचनाओं संग नया अनूदित साहित्य और विवेचनात्मक किताबें






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बलरामपुर गार्डन में चल रहे इक्कीसवें राष्ट्रीय पुस्तक मेले में प्रेमचन्द, बच्चन, भारती, निराला आदि कालजयी रचनाकारों के साहित्य के संग नया अनूदित और विवेचनात्मक साहित्य भी खूब है। अयोध्या और सुल्तानपुर से आये शिक्षक मेले में कुछ ऐसी ही मीमांसात्मक किताबों की तलाश में मेले में आये थे।

सातवें दिन जहां मेले में किताबों के विमोचन का सिलसिला रहा वहीं शिवमूर्ति जैसे रचनाकार भी आयोजन के संग स्टालों पर किताबों के बीच दिखायी दिये। प्रकाशन संस्थान में कर्ण सिंह चौहान की यात्रा संस्मरणों पर अमेरिका की यात्राएं, देश देशांतर, कोरिया, बुल्गारिया और यूरोप में यात्राएं नयी किताबों में पसंद की जा रही हैं। नयी किताबों में यहां इवान तुर्गनेव की शिकारी की डायरी, आन्द्रेई प्लातोनव की इमारत की नींव और पाब्लो नेरुदा का प्रभाती नौटियाल द्वारा अनूदित कविता संग्रह यही है सादी की मांग है। सस्ता साहित्य मंडल के स्टाल पर कनक तिवारी की चर्चित पुस्तक संविधान की शिनाख्त के अलावा कृष्णदत्त पालीवाल की हिन्दी आलोचना का उत्तर आधुनिक विमर्श, इन्द्रनाथ चौधुरी की पाश्चात्य काव्यशास्त्र का संक्षिप्त विवेचन जैसी विवेचनात्मक पुस्तकें भी खूब हैं। नई किताब प्रकाशन में देवेन्द्र सत्यार्थी की दो खण्डों में लोक साहित्य और भारतीय संस्कृति, विजय राय के संपादन में हिंदी की भूमण्डलोत्तर कथा भूमि व हिंदी के प्रमुख साठोत्तर कथाकार जैसी स्तरीय समीक्षात्मक पुस्तकों के संग कमल किशोर गोयनका की प्रेमचंद साहित्य रचनावली प्रबुद्ध पाठकों को रास आ रही हैं।

साहित्यिक मंच पर तकी मीर फाउण्डेशन की ओर से मलिकजादा जावेद के संयोजन में शेरो-शायरी का दौर चला तो इससे पहले आर्य समाज की ओर से अध्यात्मिक समारोह हुआ। संध्या समय वीरेन्द्र यादव की समसामयिक वैचारिक मुद्दों पर लिखी किताब विमर्श और व्यक्तित्व के विमोचन अवसर पर मुख्य रूप से शिवमूर्ति और लेखक ने विचार रखे। इसी क्रम में अनूप मणि त्रिपाठी के व्यंग्य संग्रह सांपों की सभा का विमोचन हुआ और अनूपमणि ने लघु व्यंग्य भी पढ़े। अनिल कुमार श्रीवास्तव की पुस्तक श्री हरिः पाद्य का विमोचन पद्मश्री विद्याविंदु सिंह की अध्यक्षता और रचनाकार डा. अमिता दुबे, डा. अनिल मिश्र, पद्मकांत शर्मा आदि की उपस्थिति में उनके विचारों के बीच हुआ। शाम को साहित्यकार संसद व नमन प्रकाशन तत्वावधान में गजलों की एक शाम अधीरजी के नाम रचनाकार भोलानाथ अधीर की अध्यक्षता में हुई। नवीन शुक्ल नवीन के संचालल में डा. शोभा दीक्षित रचना मिश्रा, रामप्रकाश बेखुद, सरवत जमाल, मनीश शुक्ल आदि ने अपने-अपने कलाम पेश किये। ऐमिटी यूनीवर्सिटी ने मेला परिसर में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया। क्लीनिकल साइकोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने सहायक प्रो. अंशुमा दुबे के मार्गदर्शन में मेले में आए हुए पुस्तक प्रेमियों को मानसिक स्वास्थ के प्रति न केवल जागरूक किया। साथ ही चिंता, तनाव, अवसाद, नशे की लत आदि समस्याओं के प्रति समाधान भी किया। इसी विषय पर छात्र-छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का भी प्रस्तुत किया।

# बौद्ध संस्थान में दो दिवसीय रंगोत्सव कल से

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कथा रंग फाऊंडेशन लखनऊ द्वारा आगामी 5, 6 अक्टूबर 2024 को होने वाले वार्षिक कार्यक्रम रंगोत्सव के संबंध में एक प्रेस कांफ्रेंस जे सी कैफे पार्क रोड में आयोजित की। जिसमें कथा रंग फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती नूतन वशिष्ठ, उपाध्यक्ष पुनीता अवस्थी, सचिव अनुपमा शरद, डा अपूर्वा अवस्थी, कौंतेय जय और अनमोल मिश्रा उपस्थित रहें। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यह रंगोत्सव दो दिन 5 और 6 अक्टूबर को बौद्ध संस्थान गोमती नगर में मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि पद्म श्री डा विद्या बिंदु सिंह, विशिष्ट अतिथि पद्म श्री मालिनी अवस्थी, डा. दिनेश शर्मा और प्रो सूर्य प्रसाद दीक्षित होंगे। इस बार कहानियों के वाचन के साथ रामायण के उपेक्षित पात्र और राम कहानी की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। जंगली बूटी (अमृता प्रीतम,) ललमनियां (मैत्रीयी पुष्पा) मंत्र (प्रेमचंद) और बाल लोक कथा का वाचन कथा रंग के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में परिचर्चा, डा अमिता दुबे के उपन्यास एकान्तवासी शत्रुघ्न पर डा अपूर्वा अवस्थी करेंगी। मंदोदरी, मंथरा, केकयी, उर्मिला के चरित्र को भी नये रूप में सामने लाया जाएगा। डा विनीता मिश्रा द्वारा लिखित राम कहानी की संगीतमय प्रस्तुति होगी। और युवा, बच्चे सभी इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।


**भारत सरकार : रेल मंत्रालय,**
**अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन, मानक नगर, लखनऊ-226011**
**विद्युत अनुरक्षण अनुभाग**
**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से विद्युत अनुरक्षण अनुभाग, अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन, मानक नगर, लखनऊ, द्वारा निम्नलिखत कार्य हेतु खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| ई-निविदा सूचना | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | बयाना राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समय अवधि | जमा करने की अन्तिम तारीख व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06.2024-25 | अ.अ.मा.सं., लखनऊ में तीन वर्ष के लिए भूमिगत एचटी/एलटी केबिलों के जोड़ों में होने वाली गड़बड़ी की खोज कर और जब जरूरत पड़े तो इलेक्टॉनिक मशीन द्वारा खोज कर मरम्मत करना। | 1969387.34 | 39400.00 | 00.00 | 36 माह | 26/10/2024 को 14.00 बजे तक |
| 07.2024-25 | अ.अ.मा.सं., लखनऊ में आवासीय कालोनी एवं सेवा भवनों में लगे विद्युतीय इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए मरम्मत व रख-रखाव का कार्य (जब भी आवश्यकता हो) जोनल वर्क एक वर्ष के लिए | 4293011.50 | 85900.00 | 00.00 | 12 माह | 26/10/2024 को 14.00 बजे तक |

उपरोक्त ई-निविदा प्रपत्र वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा के लिए केवल ई-निविदा ही स्वीकार्य होगी। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के लिए सीआरआईएस/नई दिल्ली के सहायता प्रकोष्ठ में संपर्क कर सकते हैं। फोन नं. 011.23761525

**(प्रवीन चन्द्र यादव)**
**ए.डी.ई./ई.एम.एस.**
**कृते महानिदेशक**
**अ.अ.मा.सं., लखनऊ**

# केहि विधि मरिहहिं निसिचर पापी...



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डालीगंज की मौसमगंज रामलीला के दूसरे दिन यज्ञ विध्वंस मुनि विश्वामित्र आगमन, ताडुका वध, मारीच सुबाहु वध की लीला शिवकुमार वर्मा के निर्देशन मे मंचित हुई। लीला मे विश्वामित्र-राजेश त्रिपाठी, राम-अभिषेक त्रिपाठी, लक्ष्मण-तुषार शर्मा, दशरथ-शिव कुमार वर्मा, ताडुका-आशीष प्रकाश भैय्यू, मारीच -वंश निगम, सुबाहु -दिव्यांश मौर्य ने सुंदर अभिनय किया। यज्ञ विध्वंस के बाद गाधितनय महर्षि विश्वामित्र को चिंता हुई कि राक्षस कैसे मारे जायेंगे। गाधितनय मन चिंता व्यापी, केहि विधि मरिहहिं निसिचर पापी।

लीला मे कुछ संवाद लोगों को भा गया। विश्वामित्र जब राम से कहते हैं कि राम यही ताड़क वन में राक्षसी ताडुका निवास करती है जो आतंक मचाये हुए हैं जिसको मारना आवश्यक है तब श्री राम कहते हैं कि गुरुवर एक तो प्रथम ही परीक्षा का दिवस आज, भानु वंशियों का रक्त अयश न लूटेगा। शूर वीर ताई एक ओर जा छिपेगी और, धर्म बाहुबल का भी प्रसिद्ध पात्र फूटेगा।

बिन्दु कवि चाहे मुझे कायर पुकारे लोग, किन्तु नीति पथ का विचार नहीं टूटेगा। क्षमा करें मेरे पूज्य माननीय मुनिनाथ, नारी पर हाथ रघुनाथ का न छूटेगा। तब विश्वामित्र कहते हैं कि दस हजार हाथियों का बल रखने वाली एक राक्षसी को अबला मानना भारी भूल है। समिति के अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को अहिल्या उद्धार गंगा अवतरण, जनक बाजार फुलवारी लीला का मंचन रात 9:00 बजे होगा।

**8 अक्टूबर से 13 तक चलेगी कुर्मांचल रामलीला:** कुर्मांचल रामलीला समिति द्वारा राजधानी के ट्रांस गोमती क्षेत्र में कुर्मांचल नगर स्थित रामलीला मैदान में कई वर्षों से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी 8 अक्टूबर को रामलीला का भव्य आयोजन का शुभारंभ हो रहा है। जो 6 दिन तक लगातार चलेगा। रामलीला का विधिवत उद्घाटन मंगलवार 8 अक्टूबर को क्षेत्रीय विधायक ओपी श्रीवास्तव के करकमलों द्वारा किया जाएगा। रामलीला समित के सांस्कृतिक मंत्री नवीन चौधरी नें बताया कि रामलीला प्रतिदन शाम 8 बजे से प्रारंभ होगी, पहले दिन श्री राम जन्म, ताड़िका वध सहित 6 अध्याय की प्रस्तुति का मंचन किया जाएगा। दूसरे दिन 9 अक्टूबर को परशुराम लक्ष्मण संवाद, कैकेई मंथरा संवाद सहित चार अध्याय प्रस्तुति आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया 10 अक्टूबर को केवट प्रसंग के साथ सीता हरण सहित सात अध्याय पूरे किये जायंगे, फिर अगले दिन 11अक्टूबर को राम विलाप ,लंका दहन सहित सात अध्याय होंगे, जिसके बाद 12 को लक्ष्मण शक्ति सहित राम रावण युद्ध सहित 6 अध्याय होंगे और अंत में 13 अक्टूबर को दो अध्याय जिसमें राम भरत मिलाप और राम राज्याभिषेक सम्पन्न होगा। रामलीला समिति के महामंत्री विपिन सिंह नें बताया कि 13 अक्टूबर को ही अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे जिसके बाद पारितोषिक वितरण कार्यक्रम भी होगा। क्षेत्र में रामलीला देखने वालों की भीड़ को देखते हुए भी समित के महामंत्री विपिन सिंह नें बताया कि स्थानीय प्रशासन को पहले से इस संदर्भ की जानकारी प्रेषित कर समुचित सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया जाता है जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा यहां के लोगों को ना होने पाये। विपिन सिंह नें आगे बताया कि कई वर्षों से रामलीला का सफल आयोजन होता आया है जिसमें सभी समिति के सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी जाती है। उन्होंने बताया कि आस पास के इलाकों से रामलीला प्रेमी भरी तादात में आते हैं।

## गणेश पूजन के साथ शुरू हुई ऐशबाग की रामलीला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गुरूवार को श्री रामलीला समिति ऐशबाग के रामलीला प्रांगण में में स्थित तुलसी मंच पर प्रातःकाल 9 बजे गणेश पुजन तत्पश्चात दोपहर 3 बजे सुन्दरकाण्ड का पाठ प्रारम्भ किया गया जिसका समापन सायंकाल 7 बजे हुआ सायंकाल 8 बजे तुलसी मंच पर स्तुति पाठ प्रारम्भ हुआ, जिसके बाद आशा नृत्यांगना फॉउन्डेशन द्वारा की संचालक अनुराधा के निर्देशन में बाल कलाकारों ने भजनो पर नृत्य प्रस्तुत किया।

तत्पश्चात शमशुर रहमान नावेद के निर्देशन में कलाकारों द्वारा भजन नृत्य प्रस्तुत किया गया। 9 बजे भास्कर बोस की के निर्देशन में आकाशवाणी, राम जन्म, गुरु के आश्रम में शिक्षा ग्रहण करना, विश्वामित्र का राम को ले जाना, ताड़का वध, मारीच सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार का मंचन किया गया।

## रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल में आर्टिस्ट्री इन मोशन विज्ञान कार्यशाला आयोजित



**लखनऊ।** इंदिरा नगर स्थित सेक्टर 14 में रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल लखनऊ स्कूल में विज्ञान कार्यशाला ₹आर्टिस्ट्री इन मोशन₹ का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छात्रों ने विज्ञान और तकनीक के विभिन्न पहलुओं पर आधारित कई मॉडल प्रदर्शित किए। बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यशाला का मुख्य आकर्षण सूर्यांश वैश्य नामक छात्र द्वारा प्रस्तुत किया गया पायथन आधारित सॉफ्टवेयर रहा, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस सॉफ्टवेयर ने छात्रों और शिक्षकों को प्रभावित किया और तकनीकी क्षेत्र में छात्रों की रुचि को बढ़ावा दिया। सूर्यांश के इस अभिनव प्रयास को विद्यालय में खूब सराहा गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएँ बच्चों को रचनात्मक सोचने और नए आयामों को खोज करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने सूर्यांश सहित अन्य छात्रों को उनके तकनीकी कौशल और उत्साह के लिए बधाई दी, साथ ही भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यशाला का समापन बच्चों के शानदार प्रदर्शनों के साथ हुआ, जिसमें विज्ञान और कला के समावेश ने सबको प्रभावित किया।

## डॉ. अजुर्मंद जैदी सोशल एक्टिविज्म में डॉक्टरेट से सम्मानित



लखनऊ। विश्व लोक शांति पुरस्कार विजेता डॉ. अजुर्मंद जैदी को विश्व शांति संयुक्त राष्ट्र विश्विद्यालय द्वारा सोशल एक्टिविज्म में डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया है। ये अवार्ड बॉलीवुड सेलिब्रिटी शिल्पा शेट्टी द्वारा प्रस्तुत किया गया। यह दूसरी बार है जब उन्हें डॉक्टरेट पुरस्कार मिला है। उन्हें संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के सहयोग से विश्व मानवाधिकार संरक्षण आयोग का उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है। डॉ. अजुर्मंद जैदी एक वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जो दो दशकों से अधिक समय से सामाजिक संगठनों के साथ सराहनीय कार्य कर रही हैं। वे विश्व के कई अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की शाश्कीय एवं गवर्निंग बॉडी का हिस्सा भी है। वह न केवल एक अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ता हैं, बल्कि एक पर्यावरणविद्, प्रख्यात शिक्षाविद्, मानवाधिकार और शांति कार्यकर्ता भी हैं।

## रेलवे कर्मियों ने उठायी जांच मांग

लखनऊ। सी एंड डब्ल्यू में बीते 22 सितम्बर 2024 को आयोजित हुई जेई यांत्रिक 25 प्रतिशत आईएक्यू पद पर चयन के लिए परीक्षा नोटिफिकेशन नंबर एडब्ल्यूएम/एएमवी/जेई 25 प्रतिशत आईएक्यू सेलेक्शन/23/पार्ट-1 दिनांक 19 मई 2023 में हुई भर्ती में अनियमितताओं का हवाला देते हुए रेलवे कर्मचारियों ने सीडब्ल्यूएम एएमवी, रेलवे बोर्ड, रेल मंत्री और महाप्रबंधक उत्तर रेलवे मुख्यालय बड़ौदा हाउस को पत्र लिखा। इस पत्र के द्वारा भर्ती में हुई गड़बड़ी की जांच की मांग उठायी गयी है।

## युवा अधिवक्ताओं की टीम को राजधानी में मिले 97 निराश्रित

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने इधर-उधर भटकते और सड़कों के किनारे पड़े हुए निराश्रित लोगों के सम्बन्ध में लखनऊ के अलावा बाकी जिलों का डाटा भी तलब किया है। वहीं न्यायालय के पूर्व के आदेश के अनुपालन में गठित युवा अधिवक्ताओं की टीम ने राजधानी के 97 निराश्रितों का विवरण कोर्ट को सौंपा है। वहीं सरकारी अमले ने सिर्फ 35 निराश्रितों की पहचान की है। मामले की अगली सुनवाई 24 अक्टूबर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता ज्योति राजपूत की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया। सुनवायी के दौरान अधिवक्ताओं की टीम द्वारा एकत्रित किये गए डाटा को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसमें बताया गया कि 97 में से 25 लोग ऐसे हैं जिन पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। वहीं न्यायालय ने सरकार द्वारा बाकी जिलों के सम्बन्ध में डाटा न प्रस्तुत करने पर नाराजगी भी जतायी। सुनवायी के दौरान अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालय को बताया गया कि सर्वेक्षण करते समय उनकी टीम को रेलवे ट्रैक के आसपास कुछ बच्चे भी इधर-उधर घूमते दिखायी दिये। कहा गया कि सम्भव है कि उनका इस्तेमाल भीख इत्यादि मांगने के लिए किया जाता हो। इस पर न्यायालय ने बाल एवं महिला विकास विभाग तथा बाल कल्याण समिति को मामले को देखने का आदेश दिया है।

## डीआरएम ने किया प्रयागराज और फाफामऊ जं. स्टेशनों का निरीक्षण

लखनऊ। कुम्भ मेला के दौरान आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं और रेलयात्रियों के लिए उत्तम कोटि की यात्री सुविधाओं सहित अन्य आवश्यक सुख सुविधाओं को उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल की सीमारेखा में आने वाले प्रयाग जं., प्रयागराज संगम एवं फाफामऊ जं. स्टेशनो पर अनेक प्रकार के विकास और निर्माण कार्य किए जा रहे हैं कइन सभी कार्यों को मण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा द्वारा अपने संज्ञान में लेते हुए निरंतर इनकी मॉनीटरिंग की जा रही है, ताकि इन सभी विकास कार्यों को निर्धारित अवधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ सम्पन्न किया जा सके कइसी के तहत मण्डल रेल प्रबंधक का अन्य अधिकारियों के साथ अपने दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के तहत विगत दिवस पर प्रयागराज पहुंचे।

## 53वें सालाना समागम पर सजा विशेष दीवान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी का 53वां सलाना समागम श्री गुरु सिंह सभा ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिन्डोला लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 6.30 बजे श्री सुखमनी साहिब के पाठ के उपरान्त रागी जत्था भाई प्रीतम सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी में आसा की वार का अमृतमयी शबद कीर्तन गायन किया।

विशेष रूप से पधारे रागी जत्था भाई करनैल सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब वालों ने सुखमनी सुख अमृत प्रभु नामु भगत जना कै मनि बिस्राम। हरि की बडीआई देखो संतहु हरि निमाणिआ माण देवाए ।। शबद कीर्तन गायन कर समूह संगत को निहाल किया। कथावाचक ज्ञानी बलविंदर सिंह जी देहरादून वालों ने श्री गुरू ग्रन्थ साहिब में दर्ज बाणी सुखमनी साहिब का कथा व्याख्यान करते हुए दिल को छू देने वाले विचार व्यक्त किये। श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी के सदस्यों एवं के.के. एन.एस.गुरमत संगीत एकेडमी के बच्चों ने भी इस अवसर पर शबद कीर्तन गायन किया। लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स० राजेन्द्र सिंह बग्गा ने सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी के सदस्यों द्वारा 53वां गुरमति समागम मनाए जाने पर हार्दिक आभार व्यक्त किया। सोसाइटी के सदस्यों ने रागी जत्थे एवं कथावाचक को गुरु घर का सम्मान सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी के मुख्य सेवादार मनमीत सिंह बजाज ने आई संगतों का आभार व्यक्त किया। हरबिलास बाल चिकित्सालय द्वारा एक निःशुल्क फिजियोथिरेपी कैम्प का आयोजन किया गया। समाप्ति के उपरांत सिक्ख यंग मेन्स एसोसिएशन की देखरेख में दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों एवं खालसा इंटर कॉलेज के बच्चों द्वारा गुरु का लंगर वितरित किया गया।

## मंच पर दिखी असम की कला-संस्कृति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** संगीत नाटक अकादेमी, सत्रीय केंद्र एवं भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में 17वें सत्रीय संगीत समारोह का आयोजन किया गया है। गायन विभाग द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय बरगीत कार्यशाला 3 अक्टूबर को सफलतापूर्वक सम्पन्न की गई। इस कार्यशाला हेतु विशेषज्ञ के रूप में गुनींद्रनाथ ओजा को आमंत्रित किया गया।

दिन के दूसरे सत्र में 17वें सत्रीय संगीत समारोह हेतु भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय (लखनऊ) के कलामण्डपमप्रेक्षागृह मेंसत्रीय संगीत परंपराओं सेसंबंधित कलाप्रस्तुतियोंका आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्ज्वलन के साथ किया गया जिसमें विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति प्रो. माण्डवी सिंह, प्रेक्षक के रूप में डॉ. कुमकुम धर, समीक्षक के रूप में आलोक पराड़कर, विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक मौजूद थे। कला प्रस्तुतियों की श्रृंखला में सबसे पहली प्रस्तुति बरगीत की एकल गायन की थी जो संगीता चमुअ, असम द्वारा की गई। इसके पश्चात्य मनुरंजन बोरा और जतिंद्र महंत, असम द्वारा खोल वादन की जुगल प्रस्तुति दी गई। तीसरी प्रस्तुति भी बरगीत की जुगल प्रस्तुति थी जो संगीता कटकी कुंवर और मीनाक्षी सैकिया, असम द्वारा दी गई। इस समारोह के प्रथम दिवस की अंतिम प्रस्तुति त्रयी वादन की थी जिसमें मनोज कुमार दास, असम खोल पर थे, श्री राज खुशीराम पखावज पर और श्री मनोज कुमार मिश्र ने तबला पर एक साथ वादन प्रस्तुतियाँ दीं। सभी कलाकारों द्वारा सफल प्रस्तुतियाँ दी गई। कार्यक्रम के अंत में माननीय कुलपति प्रो० माण्डवी सिंह द्वारा अंग्वस्त्र भेंट कर सभी कलाकारों का अभिनंदन एवं सम्मान किया गया।

## संयुक्त छात्र मोर्चा ने बीएचयू में निलंबन के खिलाफ लविवि में किया प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में संयुक्त छात्र मोर्चा ने बीएचयू में 13 छात्रों के निलंबन के विरोध में गुरुवार को बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। इन छात्रों को आईआईटी-बीएचयू गैंगरेप पीड़िता के लिए न्याय की मांग करने पर निलंबित कर दिया गया था। प्रदर्शन में सैकड़ों छात्रों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा यौन हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने वालों को चुप कराने के फैसले की कड़ी निंदा की।

पूर्व एनएसयूआई इकाई अध्यक्ष शुभम खरवार ने इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह सिर्फ बीएचयू के छात्रों की नहीं, बल्कि पूरे छात्र समुदाय की लड़ाई है। यह लड़ाई उन सभी के लिए है जो न्याय के लिए खड़े होते हैं। समाजवादी छात्र सभा से तौकील ने इस मुद्दे के व्यापक प्रभावों पर जोर देते हुए कहा कि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलना सिर्फ एक महिला पर हमला नहीं है, यह हर उस छात्र पर हमला है जो अन्याय के खिलाफ आवाज उठाता है। आइसा के समर ने कहा कि यह कोई अलग घटना नहीं है। बिलकिस बानो के बलात्कारियों का माला पहनाना, मणिपुर में महिलाओं पर हो रही हिंसा और विश्वविद्यालयों में छात्रों की आवाज को दबाना—यह सब पितृसत्ता और दमनकारी व्यवस्था का हिस्सा है।

संयुक्त छात्र मोर्चा आईआईटी-बीएचयू गैंगरेप पीड़िता के लिए तुरंत और पूरी तरह न्याय की मांग करता है। छात्रनेताओं ने कहा कि हम अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी और उन पर निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई की मांग करते हैं, चाहे उनके राजनीतिक संबंध कुछ भी हों। जब तक पीड़िता को न्याय नहीं मिलता और दोषियों को जवाबदेह नहीं ठहराया जाता, संयुक्त छात्र मोर्चा अपनी लड़ाई जारी रखेगा।

## वनों की सुरक्षा पर आधारित है 'चिपको आंदोलन'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अखिल भारतीय सांस्कृतिक संस्थान, लखनऊ (ए बी एस एस) द्वारा प्रस्तुत यह नाटक 34वें गांधी जयंती नाट्य महोत्सव के अवसर पर राजेंद्र तिवारी के लेखन एवं निर्देशन में आज गांधी भवन प्रेक्षागृह, गांधी भवन में मंचित किया गया। अभसासं लगातार 34 वर्षों से गांधी जयंती के अवसर सांकृतिक कार्यक्रम का आयोजन करता आ रहा है जिसमे लखनऊ, हरदोई, मुंबई एवं देश के लगभग सभी क्षेत्रों के कलाकार शामिल हुए हैं।

यह नाटक वनों की सुरक्षा पर आधारित है। उत्तराखंड केरेनी गांव की महिलाओंद्वारा पर्यावरण एवंवनोंकी सुरक्षा केलिएएक अनोखा आंदोलन करके1973 को एक नया इतिहास रच दिया था। ठेकेदारों द्वारा की जा रही पेड़ों की कटान रोकने के लिए महिलाओं ने पेड़ काट रहे मजदूरों के सामने जान की परवाह किए बिना पेड़ोंसे लिपट गईंथी और ऐलान किया था कि पेड़ोंको काटने से पहले हम सब को काटना पड़ेगा। ऐसा साहस करने वाली महिला के साथ उस क्षेत्र की बहुत सी महिलाएं एवं पुरूषों ने भी आंदोलन में पुरजोर से समथन दिया जिसके कारण पेड़ कटान के ठेकेदार को जनता के सामने झुकना पड़ा और पेड़ों की कटान को रोकना पड़ा। ऐसा अदम्य साहस दिखाने वाले सुंदर लाल बहुगुड़ा, गौरा, चंडी प्रसाद भट्ट, घनश्याम रतुरी, धूम सिंह नेगी आदि जैसे साहसी लोगों के आंदोलन को सदा याद रखा जाए इस उद्देश्य से इस नाटक को तैयार किया गया है जिसका नाम है चिपको आंदोलन। इसमें मुख्य कलाकारों में देविका पटेल, परशुराम लोखंडे, संगीता मिश्र, प्रतीक्षा गुप्ता, काव्या मिश्रा, मोनिका भारती, साकेत राय, दीपक यादव, अरुण बीरो, संतोष बाग, शिवदान नायक, विशाल दुबे, कार्तिक पिल्लई, रंजन देहूरी, अभय यादव, नकुल शर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, सूर्य प्रधान, संतोष बाबुलकर आदि कलाकार शामिल थे। यह कार्यक्रम अश्वनी शुक्ला, अंजना तिवारी, गणेश रावत, अमित तिवारी, ललित पांडेय, निष्ठा तिवारी, राकेश वर्मा, राकेश तिवारी, आदि के प्रबंधन एवं सहयोग से संपन्न हुआ।

## एस्ट्रोनॉमी ओलम्पियाड में अर्विता प्रथम



**लखनऊ।** सीएमएस के गोमती नगर प्रथम कैम्पस की कक्षा-3 की मेधावी छात्रा अर्विता सिंह ने लैबरेंथ इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमी ओलम्पियाड-2024 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक अर्जित कर विश्व पटल पर लखनऊ का नाम रोशन किया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए अर्विता को प्रशस्ति पत्र के साथ एक टेलीस्कोप देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने इस छात्रा की उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी स्कूल के कम्युनिकेशन विभाग के हेड ऋषि खन्ना ने दी है।

## धूमधाम से मना भाषा विवि का स्थापना दिवस

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 15वें स्थापना दिवस का समापन समारोह का आयोजन अटल हॉल में गुरुवार को हुआ। इसमें कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि आईईटी, लखनऊ के निदेशक प्रो. विनीत कंसल ने कहा कि भाषा विश्वविद्यालय को एनईपी इम्प्लीमेंटेशन पर एवं मल्टी डिसिप्लिनरी व्यवस्था के विकास पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य पर केन्द्रित रहने पर ध्यान देना चाहिए। भविष्य निर्माण का यही सर्वोच्च समय है। विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि सबसे परिश्रमी व्यक्ति किसी भी क्लास का बैक बेंचर होता है, सबसे ज्यादा मेहनत भी उसके द्वारा ही की जाती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का मनोबल में वृद्धि करते हुए उन्होंने सभी शुभकामनायें दीं एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आईसीआईसीआई बैंक के स्टेट हेड ज्योतिरॉय चौधरी ने भाषा विश्वविद्यालय की सुविधाओं की तुलना कॉरपोरेट सेक्टर में मिलने वाली सुविधाओं से की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह ने विजेता छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कुलपति ने सभी विद्यार्थियों को हमेशा सीखने की सलाह दी। स्थापना दिवस के समापन समारोह के अवसर पर कुलपति द्वारा नौ शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में डायरेक्टर, प्रो सौबन सयीद, डॉ दोआ नकवी, डॉ बुशरा अलवेरा, प्रो तनवीर खदीजा, डॉ नीरज शुक्ल, डॉ रुचिता सुजय चौधरी, डॉ जैबून निसा, डॉ नलिनी मिश्रा, प्रो चंदाना डे एवं प्रो एहतेशाम अहमद रहे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापित डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. चन्दना डे ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूचिता सुजय चौधरी ने किया। कार्यक्रम में प्रो. मसूद आलम, कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, वित्त अधिकारी साजिद आजमी, डॉ सचिन्द्र शेखर, डॉ लक्ष्मण सिंह, डॉ. काजिम रिजवी सहित विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कठिन अवधारणाओं को रोचक ढंग से समझाया

- शिक्षा अनुसंधान में डाटा विश्लेषण एवं व्याख्या पर व्याख्यान संपन्न

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में गुरुवार को एक प्रेरणादायक अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसिद्ध शिक्षाविद् प्रो. एसके त्यागी (पूर्व विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष, शिक्षा संकाय, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर) ने अपनी उपस्थिति से छात्रों और शोधार्थियों को लाभान्वित किया।

कार्यक्रम की शुरूआत विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार ने प्रो. त्यागी के करियर और शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। इस व्याख्यान में शिक्षा अनुसंधान में डेटा विश्लेषण और व्याख्या नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने पर प्रकाश डाला गया। प्रो. त्यागी ने अपनी चिर-परिचित शैली में हंसी, ज्ञान और गहन अंतर्दृष्टियों के साथ शिक्षण और सीखने की बदलती गतिशीलताओं पर भी प्रकाश डाला। इस व्याख्यान को विशिष्ट बनाने वाला मुख्य तत्व था प्रो. त्यागी द्वारा कहानी कहने की कला, जहां उन्होंने वास्तविक दुनिया के उदाहरणों का उल्लेख करते हुए, कठिन अवधारणाओं को सरल और रोचक ढंग से समझाया।

अंत में प्रश्नोत्तर सत्र ने वातावरण को और भी जीवंत बना दिया, जहां प्रतिभागियों ने उत्सुकतापूर्वक शिक्षा अनुसंधान में डेटा विश्लेषण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर प्रो. त्यागी के विचार मांगे। उनके गहन और चिंतनशील उत्तरों ने सीखने के अनुभव को और भी समृद्ध बना दिया। कार्यक्रम का समापन प्रो. त्यागी के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने नए विचारों की चिंगारी प्रज्ज्वलित की और शैक्षणिक प्रथाओं को आगे बढ़ाने में उनके समर्पण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस दौरान विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. श्रवण कुमार, डॉ. सुमित गंगवार, डॉ. सूर्य नारायण, डॉ. देवेंद्र कुमार सहित विभाग के छात्रों और शोधकर्ता की उपस्थिति रही।

## वालीबॉल में कैश 11 बनी विजेता



**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का रजत जयंती वर्ष समारोह सात मई 2024 से आठ मई 2025 तक मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में गुरूवार को वॉलीबाल का फाइनल मुकाबला रजिस्ट्रार 11 एवं कैश 11 के बीच हुआ। बेहद रोमांचक हुए इस मैच का नतीजा तीसरे सेट में निकला। पहला सेट जहां कैश 11 ने जीता तो दूसरे सेट में रजिस्ट्रार 11 की टीम भारी पड़ी। अंत में तीसरे सेट में कैश 11 ने जीत दर्ज कर विजेता बनी। विजेता टीम के कप्तान डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने सभी खिलाड़ियों बधाई दी। वहीं, कैश 11 की ओर से गौरव राय ने शानदार खेल दिखाया। जबकि रजिस्ट्रार 11 के कप्तान डॉ. आरके सिंह और उनकी टीम ने पूरी कोशिश की मगर परिणाम को अपने पक्ष में नहीं कर सकी। मैच रेफरी शिशिर द्विवेदी रहे। इस मौके पर खेल संयोजक प्रो. ओपी सिंह सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मां के दरबार में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

जिला संवाददाता(vol)

**पाटन, उन्नाव।** शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन शक्तिपीठ मां चंद्रिका देवी दरबार में भोर पहर से ही श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया जो देर रात तक चलता रहा। श्रद्धालु पतित पावनी गंगा मां मे स्नान कर विधि विधान से चंडिका देवी मंदिर में स्थापित मां चंडिका व मां अंबिका देवी के दर्शन किए। धाम में अनेकों मंदिर बने हुए हैं जिसमें देवी देवताओं व अन्य मूर्तियां स्थापित हैं। चंडिका देवी मंदिर में दो मूर्तियां स्थापित है।



जिन्हें चंडिका व अंबिका के रूप में माना जाता है। चंडिका धाम की सीढियों से सटकर हमेशा गंगा का जल प्रवाहित होता है, वैसे तो धाम में हमेशा श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रहती है किंतु यह भीड़ नवरात्रि के इस पवित्र अवसर पर बढ़ जाती है। नवरात्रि के इस पवित्र अवसर पर कानपुर रायबरेली फतेहपुर इलाहाबाद बांदा कौशांबी सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों के साथ-साथ दूसरे प्रदेशों से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर में प्रतिदिन तीनों पहर आरती व मां का श्रृंगार होता है। प्रातः मंदिर में 5:00 बजे आरती जो दोपहर और शाम को भी नियम पूर्वक होती है। मां के दरबार में जो भी सच्चे मन से आता है उसकी मुरादे अवश्य पूरी होती हैं शक्तिपीठ मां चंडिका देवी धाम का पुराणों में भी वर्णन हुआ है। यहां पर तपस्वी वक्र ऋषि का आश्रम था। कहां जाता है कि इन्हीं के नाम पर इस ग्राम का नाम बक्सर पड़ा था।

यहां गंगा कुछ समय के लिए उत्तर मुखी प्रवाहित होने के कारण इस स्थान को काशी की तरह पवित्र माना जाता है। जिस स्थान पर मेघा रस ने राजा सुरथ को दुर्गा सप्तशती सुनाई थी इस स्थान पर भगवान श्री कृष्ण के भाई बलराम ने भी माथा टेका था। वहीं पर मां चंडिका देवी के विग्रह स्थापित किए गए थे।

स्थापित दोनों विग्रह मां चंडिका व अंबिका के रूप में माने जाते हैं। मां के इस दरबार का उल्लेख दुर्गा सप्तशती में भी पाया जाता है। यह धाम जनपद उन्नाव से 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। बक्सर धाम पहुंचने के लिए कानपुर से वाया फतेहपुर लखनऊ से वाया मौरावां, विहार होते हुए बक्सर धाम तथा जनपद रायबरेली से लालगंज होते हुए बक्सर धाम तक पहुंचने का मार्ग सुलभ है। लोग मंदिर धाम तक अपने निजी वाहनों से भी बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धा नवत होते हैं।

## शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन भक्तों की उमड़ी भीड़

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** गुरुवार से शुरू हुए शारदीय नवरात्र के पहले दिन देवी मन्दिरों में जहां भक्तों की भीड़ रही वहीं घरों में कलश स्थापना के साथ पूजा अर्चना की गई। शारदीय नवरात्र के पहले दिन प्रथम शैल पुत्री के रुप में देवी मां की पूजा अर्चना दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ की गई। पंडितों ने भक्तों से संकल्प लेकर मन्दिरों तथा घरों में दुर्गा पाठ किया। नगर फतेहपुर चौरासी में मां शीतला माता मन्दिर संतोषी माता मंदिर, गौरी शंकर मन्दिर व क्षेत्र के फूलमती, भुवनेश्वरी, पंच पखारी देवी मन्दिरों एवम ऊगू के काली देवी, कामाख्या देवी, पंडा खेड़ा के मंशा माता मन्दिर आदि में सुबह से देवी भक्तों ने पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। मन्दिरों के आस पास स्थानीय लोगों ने साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जिससे भक्तों को कोई कठिनाई न हो।

संक्षेप

## झोलाछाप डॉक्टर पर महिला ने छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**थानगांव/सीतापुर।** बृहस्पतिवार को दोपहर में एक 40 वर्षीय महिला को शारीरिक समस्या महसूस हुई तभी पति के साथ दवा लेने एक झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक पर गई।

तभी डाक्टर ने महिला को अंदर केबिन में बुलाया और पर्ची पर दवा लिखकर महिला के पति को मेडिकल पर भेज दिया। आरोप है इसी दौरान झोलाछाप डॉक्टर महिला से छेड़छाड़ करने लगा विरोध करने पर डाक्टर क्लीनिक के बाहर निकल गया। पीड़िता की तहरीर अनुसार मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम न्योरिया बांक निवासी 28 वर्षीय डॉक्टर मोमीन पुत्र शामीन खांन थानगांव क्षेत्र के राजपुर चैराहे पर किराए की दुकान लेकर दवा खाना खोल रखा है। उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में थानगांव पुलिस को लिखित तहरीर दे दी गई है थानगांव थानाध्यक्ष उमेशचंद्र चैरसिया ने बताया है तहरीर मिल गई है अग्रिम कार्यवाही की जा रही।

## नवरात्र के शनिवार को ही होंगे मां के दर्शन




**सीतापुर।** देवी भक्तों को इस बार शारदीय नवरात्र की तृतीया को मां धूमावती के दर्शन करने का सौभाग्य मिलेगा। मां धूमावती के दर्शन नवरात्र के शनिवार हो ही होते हैं। नवरात्र के शनिवार के अलावा अन्य दिनों में मां धूमावती का दर्शन व पूजन नहीं किया जाता है। जिले में नैमिषारण स्थित कालीपीठ में मां धूमावती का दरबार स्थापित है। कालीपीठ मंदिर के पीठाधीश्वर एवं ललिता देवी मंदिर के प्रधान पुजारी गोपाल शास्त्री ने बताया कि भक्तों के लिए कालीपीठ और मां धूमावती का दरबार शनिवार 5 अक्टूबर को खुला रहेगा। माता का श्रंगार, दर्शन, पूजन, आरती, हवन आदि परंपरानुसार होंगे। उन्होंने बताया कि इस दिन की प्रतीक्षा सभी श्रद्धालुओं को रहती है। उन्होंने बताया कि दस महाविद्या उग्र देवी धूमावती देवी का स्वरूप विधवा का है। कौवा इनका वाहन है, वह श्वेत वस्त्र धारण किए हुए हैं। खुले केश उनके रूप को और भी भयंकर बना देते हैं। संभवतः इसी कारण से इनका प्रतिदिन दर्शन करने की परंपरा नहीं है। उन्होंने बताया कि परंपरा है कि सुहागिनें मां धूमावती का पूजन नहीं करती हैं। वह केवल दूर से ही मां के दर्शन कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि मां धूमावती के दर्शन से सुहागिनों का सुहाग अमर हो जाता है। पुत्र और पति की रक्षा के लिए इनके दर्शन अवश्य करने चाहिए। उन्होंने बताया कि मां धूमावती का ये स्वरूप श्री पीतांबरा पीठ दतिया (मध्य प्रदेश) या फिर नैमिषारण्य के कालीपीठ संस्थान में ही है।

## चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के छठवें बैच का समापन

**लहरपुर/सीतापुर।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों को बुनियादी भाषा एवं गणित विषय में कौशल विकास के लिए चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के छठवें बैच का समापन। बृहस्पतिवार को प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि, सभी शिक्षक प्रशिक्षण में प्राप्त अनुभव और जानकारियों को अपने अपने विद्यालयों में अपनाकर बच्चों को निपुण बनाने के लिए पूरी क्षमता और निष्ठा से कार्य करें। प्रत्येक विद्यालय के सभी घटक और कर्मचारी मिल कर अपने विधालय को न सिर्फ बेहतर बनाने का प्रयास करें बल्कि निर्धारित समय सीमा में निपुण लक्ष्य की दक्षताओं को भी प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।ए आर पी सुरेश कुमार एवं पुष्पेन्द्र मौर्य ने कक्षा चार और पांच के बच्चों के शिक्षण को प्रभावी बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।के आर पी अनवर अली एवं संदीप कुमार वर्मा ने शिक्षक डायरी के अंकन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लेखाकार पंकज वर्मा, कम्प्यूटर आपरेटर सौरभ शुक्ला,पवन मित्तल तथा धुव्र बाजपेई ने प्रशिक्षण में तकनीकी सपोर्ट प्रदान किया। इस मौके पर शिक्षक राम कैलाश रस्तोगी, अतीक अहमद, अल्पना वर्मा, पूनम देवी, अनीशा उमराव, आरती वर्मा तथा दीपक पटेल आदि ने भी समूह चर्चा कर अपने विचार व्यक्त किए।

## अटेवा पेंशन बचाओ मंच के पदाधिकारियों ने सपा के एमएलसी सौंपा ज्ञापन

**लहरपुर/सीतापुर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के पदाधिकारियों ने सपा एमएलसी और उपनेता प्रतिपक्ष विधान परिषद जासमीर अंसारी को सौंपा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को अटेवा पेंशन बचाओ मंच के पदाधिकारियों ने सपा विधान परिषद सदस्य अंसारी को ज्ञापन देकर बताया कि नई पेंशन व्यवस्था ना तो शिक्षक कर्मचारियों के हित में है और ना ही प्रदेश के हित में है अब तो इसके दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं शिक्षक कर्मचारियों को सेवा निवृत्ति के बाद किसी को 1200 रुपये किसी को 2500 रुपये आदि नई पेंशन की व्यवस्था में प्राप्त हो रहे हैं, जबकि कर्मचारियों ने 30 से 35 वर्ष तक विभाग व प्रदेश की सेवा की है इतनी धनराशि में शिक्षक कर्मचारी अपने परिवार का भरण पोषण कैसे करेगा। उत्तर प्रदेश का 14 लाख शिक्षक कर्मचारी एवं अधिकारी लोकतांत्रिक तरीके से पुरानी पेंशन की बहाली हेतु लगातार संघर्षरत है क्योंकि वह अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। पदाधिकारियों व शिक्षकों ने ज्ञापन देते हुए शिक्षकों कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाली पेंशन व्यवस्था लागू करने के लिए सदन में प्रस्ताव रखने की मांग की । उप नेता सदन व एमएलसी जासमीर अंसारी ने पुरानी पेंशन बहाली योजना को लागू करवाने के लिए सरकार के समक्ष जोरदार मुद्दा उठाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष अवनीश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष आर. के. अहिरवार, जिला प्रवक्ता पुष्पेन्द्र मौर्य, मीडिया प्रभारी फारुख अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार मित्तल, ब्लॉक कोषाध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा, ब्लॉक महामंत्री संदीप कुमार, ब्लॉक वरिष्ठ, संयुक्त मंत्री रईस अहमद अंसारी, सलाहकार ध्रुव बाजपेई, ब्लॉक उप मंत्री अर्पित त्रिवेदी, मीडिया प्रभारी ऋषिकेश बाजपेई, सदस्य मो. हाशिम, अनिल पाल, मो रफीक, मधुशील शुक्ला, मो फुरकान अली, उस्मान अली आदि उपस्थित थे।

## उल्लास के साथ माता रानी की ज्योत का हुआ स्वागत



**महोली/सीतापुर।** हिमाचल प्रदेश के ज्वाला देवी मंदिर से आई ज्योत का श्रद्धालुओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान जयकारों से माहौल गुंजायमान हो गया। नवरात्र पर मां ज्वाला देवी से अखंड ज्योत लेकर आई भक्तों की टोली बुधवार की दोपहर कस्बे में पहुंची। बाबा बैजनाथधाम के पास सैकड़ों भक्तों द्वारा ज्योत का जोरदार स्वागत किया गया। नगर में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सुंदर झांकियां सजाई गई।

माता रानी के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा के बाद ज्योत को हनुमान मंदिर में पंडित महेंद्र बाजपेई द्वारा मंत्रोच्चार के साथ स्थापित किया गया। कमेटी के पदाधिकारी शिखर अग्रवाल ने बताया कि हनुमान मंदिर में भक्तों के दर्शन के लिए मां की ज्योत विराजमान रहेगी। 12 अक्टूबर को मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। 13 अक्टूबर को ज्योत का विसर्जन घटिया घाट फरुर्खाबाद में होगा।

# सेवानिवृत्त संस्कृत प्रवक्ता और शैक्षणिक संस्थान के संस्थापक की प्रतिमा का शिक्षक एमएलसी ने किया अनावरण



**पुरवा, उन्नाव।** सेवानिवृत्त संस्कृत प्रवक्ता एवं शैक्षणिक संस्थान के संस्थापक एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी स्व० प्रेम नारायण चौरसिया की प्रतिमा अनावरण शिक्षक एम एल सी, पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक द्वारा किया गया एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बुधवार को भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों एवं प्रांतों के अलावा स्थानीय गणमान्यों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। बुधवार को स्थानीय श्रीमती राम रानी देवी चैरसिया पब्लिक स्कूल शिव-विहार के संस्थापक, बी०ए०ए०एस० इण्टर कालेज पुरवा के सेवानिवृत्त संस्कृत प्रवक्ता एवं भारतीय महासभा के संरक्षक स्मृति शेष प्रेम नारायण चौरसिया की प्रतिमा का भव्य अनावरण शिक्षक एम एल सी राजबहादुर सिंह चंदेल, पूर्व राज्यमंत्री सुधीर कुमार रावत, पूर्व विधायक उदयराज यादव, महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अपना दल एस के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय चौरसिया द्वारा किया गया। इस दौरान उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अपने उद्बोधन में शिक्षक एम एल सी राज बहादुर सिंह चंदेल ने कहा कि पीएन चौरसिया हमारे अति निकट थे। उन्होंने सदैव एक श्रेष्ठ शिक्षक की भूमिका निभाई और कमजोर वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए शैक्षणिक संस्थान की स्थापना की। कार्यक्रम को पूर्व विधायक उदयराज यादव, भारतीय चौरसिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय चौरसिया, उत्तम चंद राकेश लोधी, पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमार रावत, बीतेंद्र यादव, राजेन्द्र बनारसी, सुभाषचन्द्र चौरसिया महोबा, पारसनाथ चौरसिया चंदौली आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे उनके वरिष्ठ पुत्र शिवम चौरसिया ने कहा कि हमारे पिता जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने रामलीला मंचों पर निःशुल्क जनक का अभिनय किया। साथ ही उन्होंने अपने जीवन पर आधारित पुस्तक मेरा जीवन संघर्ष को लिखकर भी संदेश दिया। कार्यक्रम में जौनपुर, महोबा, चंदौली, कानपुर, रायबरेली, लखनऊ, हरदोई, उन्नाव, मध्य प्रदेश व कर्नाटक से गणमान्य एकत्र हुए। कार्यक्रम में रत्नम चौरसिया एडवोकेट, शुभम चौरसिया, राजकुमार चौरसिया एडवोकेट, रमेश चौरसिया, शिवकुमार चौरसिया, अंकित चौरसिया, लवकुश चौरसिया, श्यामू चौरसिया, विशाल, दिलीप, आलोक, शिवम, मुकेश, अमित समेत कई सैकड़ा गणमान्य शामिल हुए।

# वाहन चलाते समय बार - बार लेन बदलना भी खतरनाक, रहें सावधान



**सीतापुर।** परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के द्वितीय दिवस अभियान चलाकर व्यावसायिक वाहनों/ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, बैक लाईट, फॉग लाईट मानक के अनुरूप लगाया गया। अभियान के अन्तर्गत यात्री/मालकर अधिकारी मजहरूल आबदीन अहमद द्वारा 127 वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाते हुए बिना रेट्रो रिफ्लेक्टर संचालित पायी गयी 07 वाहनों का चालान किया गया है। उन्होने बस, ट्रक, ऑटो व अन्य वाहन चालको को वाहन में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, बैक लाईट, फॉग लाईट लगाने की अपील करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में से लगभग 24 प्रतिशत दुर्घटनाऐ खराब मौसम बरसात, धुंध अथवा कोहरे के दौरान होती है रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगे होने से सड़क पर चलते समय वाहन की दूरी एवं गति का अंदाजा लग जाता है जिससे सड़क हादसों की सम्भावना कम हो जाती है। एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी ने बताया कि वाहन में फॉग लाईट का लगा होना अत्यन्त आवश्यक है फॉग लाईट कोहरे, धूंध या खराब मौसम में ड्राइवरों को सड़क के आगे के हिस्से को ज्यादा स्पष्ट रूप से देखने में मदद करता है। जिससे चालक को अपनी स्पीड को नियन्त्रण करने और सुरक्षित रूप से ड्राइव करने में मदद मिलती है। उन्होने बताया कि वाहन चलाते समय कुछ बातों का ध्यान रखने से दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। जैसे तेज रफ्तार में गाड़ी चलाने से बचें, धीमी या औसत गति पर चले तथा अगले वाहन से निर्धारित दूरी बनाकर रखे। कोहरे में ड्राईविंग करते समय संगीत बन्द कर दें और हार्न सुनने के लिये लगातार चैकन्ना रहे। वाहन चलाते समय अनेको बार लेन बदलना भी खतरनाक साबित होता है। कार के हेड लाईट को लो बीम पर रखे। ठंड के मौसम में गाड़ी के शीशे में नमी जमा हो जाती है जिससे ड्राईवर को कुछ दिखायी नही देता ऐसी स्थिति में हीटर चलाकर इस नमी को दूर किया जा सकता है। दोनो इन्डीकेटर ऑन करते हुए ड्राईविंग न करें। इसका इस्तेमाल तभी करें जब आपकी कार रूकी हो। किसी भी आपात सहायता के लिये 112 डायल कर पुलिस व 108 डायल कर एम्बुलेंश की मद्द ली जा सकती है। वाहनों में रेडियम टेप न लगा होने की स्थिति में दस हजार रूपया जुमार्ना देय है।

# आयोजन स्थल पर विद्युत सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किये जायें : जिलाधिकारी



**सीतापुर।** शारदीय नवरात्र, विजयदशमीध्दशहरा आदि त्यौहरों को शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं आयोजकों को निर्देश दिये कि नियमों का पालन सुनिश्चित करते हुये शान्तिपूर्ण एवं सकुशल आयोजन सम्पन्न कराये जायें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आयोजकों द्वारा अवगत करायी गयी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। दुर्गा पूजा पण्डाल से संबंधित कार्यक्रम के आयोजकों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पण्डाल अच्छी गुणत्ता का लगाया जाये तथा मंच की मजबूती का विशेष ध्यान रखा जाये। आयोजन स्थल पर विद्युत सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किये जायें तथा संबंधित अधिकारी समस्त आयोजन स्थलों पर जांच अवश्य कर लें। समस्त आयोजक निर्धारित प्रारूप पर अनुमति अवश्य प्राप्त कर लें। आयोजन स्थल पर अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरा आदि का पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किया जाये।

किसी भी दशा में किसी आयोजन से कोई मार्ग अवरूद्ध न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। रावण दहन से संबंधित आयोजन में पुतलों की ऊंचाई से पांच फीट अधिक क्षेत्र चिन्हित करते हुये इसकी बैरीकेटिंग करायी जाये। पुतलों की ऊंचाई निर्धारित मानक से अधिक न की जाये। रावण दहन स्थलों पर अग्नि से सुरक्षा हेतु उचित प्रबंध किये जायें। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु स्थान चिन्हित करते हुये पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। विसर्जन हेतु निदेर्शों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी आयोजन स्थलों का भ्रमण अवश्य करें। उन्होंने कहा कि किसी नयी परम्परा की शुरूआत न की जाये तथा समस्त आयोजन सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त कर ही किये जायें। उन्होंने सभी को आश्वस्त करते हुये कहा कि प्रशासन की ओर से हर सम्भव सहयोग प्रदान किया जायेगा। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि विशेष अभियान चलाते हुये देवी मन्दिरों के आस-पास सफाई-व्यवस्था, पेयजल आदि की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध करायें। मेला एवं भीड़-भाड़ वाले स्थलों के पास मोबाइल टायलेट का प्रबंध भी कराया जाये। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विशेष अभियान चलाकर अधोमानक खाद्य सामग्री बनाने एवं बेचने वालों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायतों में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरे क्रियाशील रहें, यह सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने आयोजकों को नियमों एवं प्राविधानों के विषय में जानकारी देते हुये कहा कि समस्त आयोजन सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जायें। किसी भी विषय में स्वयं कानून अपने हाथ में न लें, अपितु तत्काल पुलिसध्प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित करें। उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों अथवा गड़बड़ी फैलाने का प्रयास करने वालों को चिन्हित करते हुये कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## जिलास्तरीय प्रतियोगिता में 132 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया



**फतेहपुर चैरासी, उन्नाव।** क्षेत्र मे स्थित समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालय/कंपोजिट विद्यालय के कक्षा छः से आठ कि प्रत्येक विद्यालय से तीन श्रेष्ठ शिक्षार्थियों की परीक्षा तीन अक्टूबर को आरएसएस आइडियल पब्लिक इंटर कॉलेज उतमानपुर में हुई संपन्न हुई। जिसमें लगभग एक सौ बत्तीस शिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम चरण में मौखिक परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें पच्चीस टॉप शिक्षार्थियों का चयन हुआ। फिर उन पच्चीस शिक्षार्थियों की मौखिक परीक्षा लेकर पांच सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पाने वाली लवी पुत्री जसकरण काजीपुर कच्छ द्वितीय स्थान सूरज कंपोजिट विद्यालय काजीपुर कच्छ तृतीय स्थान पाने वाले अंश कंपोजिट विद्यालय काजीपुर कच्छ का रहा। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुलदीप विमल वह विज्ञान अध्यापक सरोज कुमार द्वारा सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी गई।

## बुखार की चपेट में आने से अधेड़ युवक की मौत

**सीतापुर।** सकरन में बीती रात बुखार से एक अधेड व्यक्ति की मौत हो गई तथा करीब 50 लोग बीमारी से पीडित है। कस्बा सकरन निवासी श्रीकेशन (55) पुत्र रामदयाल को दो दिनो से बुखार आ रहा था जिसका इलाज कस्बे के एक झोलाछाप डॉक्टर के यहां चल रहा था बुधवार की साम श्रीकेशन को तेज बुखार आया परिजन उसे इलाज के लिए बाहर ले जाने की ब्यवस्था कर रहे थे तब तक घर पर ही उनकी मौत हो गई इसके अलावा कस्बे में चावली (12) सुनील (25) प्रमोद (18) बनवारी (55) छबीले (45) आदि समेत 50 से ऊपर लोग जाडा बुखार से पीडित है जिनका इलाज क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टरों के यहां चल रहा है ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभी तक कुछ मोहल्लों में ही दवाइयों का बितरण किया गया है कस्बे में सफाई न होने तथा कीटनाशक का छिडकाव न कराए जाने के कारण मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है जिससे बीमारिया फैल रही है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार सचान ने बताया कि सूचना मिलने पर सम्बंधित गांवों में कैम्प लगा कर दवाइयों का बितरण करवाया जा रहा है।

## एस 4 ने निकाला कैंडल मार्च, पुरानी पेंशन और संविदा कर्मियों के नियमितीकरण का दिया ज्ञापन




**उन्नाव।** संयुक्त संघर्ष संचालन समिति (एस-4) ने सिंचाई भवन के सम्मुख बैठक कर एन पी एस और यू पी एस के विरोध में हुंकार भरी। गांधी जयंती के अवसर पर सरकार के सामने पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के नियमतीकरण, कोरोना काल के दौरान शिक्षकों-कर्मचारियों के रोके गए भत्तों की बहाली सहित 13 सूत्रीय मांगे लेकर सिंचाई भवन से गांधी प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकाला। एस 4 के जिलाध्यक्ष प्रदीप वर्मा एवम जिला संयोजक संजीव संखवार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी उन्नाव कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। जिसमें जनपद के शिक्षक, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवम कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान शामिल लोग पुरानी पेंशन बहाल करो, नो यूपीएस नो एनपीएस ओनली ओ पी एस के नारे लगाते हुए एस 4 के बैनर के साथ सिंचाई भवन से जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन देते समय मुख्य रूप से एस 4 जिला संयोजक संजीव संखवार, जिलाध्यक्ष प्रदीप वर्मा, एस 4 जिला सह संयोजक के रूप में योगेश सिंह, सुधाकर तिवारी और सचिन मिश्र, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष भरत चित्रांशी, अटेवा के जिला मंत्री राज करन, पुरवा अध्यक्ष सुरेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, अमित नागी, दीपा तिवारी, शिवानी गुप्ता, उमेश मौर्य, एसपी सिंह, रमेश चंद्र मिश्र, कमर आफताब, सौरभ वैश्य, ब्रजेश मिश्र, अनुदीप आदि उपस्थित रहे।

## नवविवाहिता ने पति सहित ससुरालीजनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर दर्ज कराया अपराध

**लहरपुर /सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम की एक नवविवाहिता ने पति सहित ससुरालीजनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर दर्ज कराया अपराध। प्राप्त जानकारी के अनुसार साईमा बानो 23 वर्ष पुत्री मोहम्मद उमर खान निवासी ग्राम बस्ती पुरवा मजरा खानपुर मोहद्दीनपुर ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि, उसकी शादी एक वर्ष पूर्व आरिफ पुत्र तैय्यब निवासी हफीजपुर बिलाली मस्जिद गोला जनपद लखीमपुर खीरी के साथ हुई थी मेरे ससुरालीजन सास, ससुर जेठ, ननद, ननदोई दहेज में एक प्लाट की मांग को लेकर गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारपीट व जान से मारने की धमकी देते थे, उपरोक्त लोगों ने अतिरिक्त दहेज की खातिर मुझे मारपीट कर घर से विगत 24-08-2023 को भगा दिया था, तब से अपने पिता के घर रह रही हूं। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## बुलेरो सवार चार लुटेरे गिरफ्तार

**सीतापुर।** कोतवाली नगर पुलिस व स्वाट टीम ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्रके वैदेही वाटिका के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने बोलेरो सवारजौनपुर जिले के सिकरारा थाना क्षेत्र के ग्राम पसहना निवासी राघवेंद्रकुमार तिवारी पुत्र बृजेश कुमार तिवारी देवेंद्र कुमार तिवारी उर्फ मेजरपुत्र बृजेश कुमार तिवारीए जौनपुर के बदलापुर थाना क्षेत्र के ग्राममंगतपुर निवासी सचिन पांडेय पुत्र जितेंद्र पांडेयए जौनपुर के मछली शहरथाना क्षेत्र के ग्राम निवासी विपिन यादव पुत्र स्वर्गीय दयाशंकर यादव कोगिरफ्तार किया।

इस संबंध में सीओ अमन सिंह ने बताया कि यह गैंग लोगों कोलिफ्ट देने के बहाने लूट करता है। इसी गैंग ने गत 22 सितंबर को कनवाखेड़ामोड़ पर रामकोट थाना क्षेत्र के ग्राम इटौवा किशुनपुर निवासी रवि मिश्रासे लूट की। रवि मिश्रा थाना अटरिया क्षेत्र से सीतापुर आने के लिये सवारीवाहन का इंतजार कर रहे थे। एक बोलेरो दिखने पर उनके द्वारा हाथ से इशाराकरने पर बोलेरो के रुकने पर वह उसमें लिफ्ट लेकर बैठ गये।

गाड़ी में बैठेलोगो द्वारा उनसे डरा धमका कर नकदी व मोबाइल से कुल 1 लाख रुपयेट्रांजेक्ट कर लिये व रवि मिश्रा को कनवाखेड़ा के पास छोड़ दिया। घटना केसंबंध मे कोतवाली नगर में केस दर्ज है। पूछताछ में इन चारों ने बताया किइन चारों के अलावा इनका एक और हमारे साथी नमन सिंह है। बोलेरो में लिफ्टलेकर बैठे व्यक्ति के मोबाइल से फोन पे का पासवर्ड मांग कर दो बार मेंकुल 1 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिये थे। जिसमें से 20 हजार रुपये साथी नमनने निकाल कर दिये थे। उन रुपयों को इन लोगो ने मिल कर बांट लिया। शेषरुपयो के सम्बन्ध में इनका साथी नमनसिंह जानता है। नमन सिंह वर्तमान मेंजनपद जौनपुर की जेल में बंद है। आरोपियों के कब्जे से घटना से संबंधितकुल 8ए070. रुपये नकदीए कुल 7 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त एक बोलेरोबरामद हुई है। बरामद वाहन को एमवी एक्ट के तहत सीज करने की कार्रवाई कीगई है। वहीं चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

## क्लीनिक का हुआ शुभारंभ

**थानगांव/सीतापुर।** विकास क्षेत्र रेउसा के राजपुर चैराहे पर कुशाग्र हेल्थ केयर सेंटर का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बड़ी धूमधाम से उद्घाटन गुरुवार को किया गया। डाक्टर मेवड़ी वाले दिनेश पांडे के सुपुत्र डाक्टर अम्बुज पांडे ने बताया नवरात्रि के शुभ अवसर पर कुशाग्र हेल्थ केयर सेंटर गरीब जनता की सेवार्थ कल्यार्थ खोला गया जहां 24घण्टे सेवा कुशल डाक्टर द्वारा दी जाएगी।

संक्षेप

## धोखाधड़ी के आरोपों की जांच कराकर दोषियों को भेजा जाये जेल

**ललितपुर।** नागरिक विकास मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मंगलवार को जिला महिला अस्पताल में आयोजित हुए कार्यक्रम के अतिथि पर लगाए गए धोखाधड़ी के आरोपों की जांच कराकर दोषियों को जेल भेजने की मांग की गई। विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने बताया कि गत दिवस जिला महिला अस्पताल में एक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें सदर विधायक, जिलाधिकारी सहित महंत की मौजूदगी रही। दिलचस्प बात यह रही कि इस कार्यक्रम जिसे मुख्य अतिथि बनाया गया, धोखेबाज निकला। इस बात से इसकी पुष्टि होती है कि नेहरू नगर के निवासी एक पीड़ित ने उक्त अतिथि पर गंभीर आरोप लगाए। मीडिया भी उसे सवाल पूछती रही लेकिन उसने आरोपो का जवाब देना नहीं समझा। रक्तदान जैसे पुण्य कार्यक्रम में हंगामा होना बड़ा ही शर्मनाक विषय है। इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच होना जरूरी है। पुलिस अधीक्षक से मांग की गई कि जिसे अतिथि बनाया गया उसे किसने बुलाया था और जो पीड़ित ने आरोप लगाए हैं उसकी जांच कर कर धोखेबाज को जेल भेजा जाए साथ ही संस्था के कार्यों की भी जांच कराई जाए जिससे कि इस मामले में सभी संलिप्त लोगों के नाम उजागर हो सकें। बैठक में मोर्चा के सदस्य मौजूद रहे। ज्ञातव्य है कि उक्त अतिथि पर जनपद में फर्जी चिटफंड कम्पनी बनाकर लोगों का रूपया ठगने का आरोप लगाया गया है।

## नेमवि में एनसीसी भर्ती 07 को

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने अवगत कराया है कि नेहरू महाविद्यालय ललितपुर में सत्र-2024-25 में प्रथम वर्ष में नवीन एन.सी.सी. कैडिटो की भर्ती 7 अक्टूबर को प्रातः 07:00 बजे से महाविद्यालय की क्रीड़ाग्राउण्ड में की जायेगी। इच्छुक छात्र अपने परिचय पत्र की छायाप्रति, फीस रसीद की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, ब्लड ग्रुप की छायाप्रति, अपने एसबीआई बैंक के खाते की पासबुक की छायाप्रति सहित निर्धारित तिथि को उपस्थित हों। अधिक जानकारी के लिए छात्र एनसीसी सीटीओ डॉ. मनोज कुमार, असि. प्रो. राजनीति विज्ञान से (मोबाइल नंबर-9554606060) पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# समाज सेवा के क्षेत्र में सभी लोगों को आगे आकर कार्य करने की जरूरतः डी.एस.विवेक

जिला संवाददाता(vol)




**ललितपुर।** लायन्स क्लब ललितपुर ग्रेटर का 28वाँ अधिष्ठापन समारोह स्थानीय एक होटल में मनाया गया। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में लायन्स क्लब के मंडलाध्यक्ष एमजेएफ लायन्स अनिल अरोड़ा,उद्घाटन अधिकारी के रूप में एरिया लीडर एमजेएफ लायंस अभिनव सिंह, अधिष्ठापन अधिकारी

- लायंस क्लब ललितपुर ग्रेटर का 28वाँ अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न

के रूप में उप मंडलाध्यक्ष प्रथम एमजेएफ लायन्स सन्मति सर्राफ तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट पीआरओ लायन्स दीपांसु डे ,कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में लायन्स क्लब के अध्यक्ष लायन्स डी0एस0 विवेक सीपीएस तथा निवर्तमान अध्यक्ष राहुल गुप्ता, सचिव दीपक अग्रवाल,निवर्तमान सचिव मनोज छप्पन भोग,निवर्तमान कोषाध्यक्ष प्रवीण जैन नीलकमल, व कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्रा व लियो क्लब एडवाइजर लायन्स कैलाश अग्रवाल एवं रीजन चेयरपर्सन लायन्स आजम बेग मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन, समस्त मंचासिन अतिथियों द्वारा, मां सरस्वती व लायन्स क्लब के संस्थापक लायन्स मेलविन जोन की प्रतिमा पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।

तत्पश्चात सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल ललितपुर के छात्रों द्वारा सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत का गायन कर कार्यक्रम को गति प्रदान की गईअधिष्ठापन समारोह में उपस्थित डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट पदाधिकारी रीजन चेयरपर्सन लॉ आजम बेग,एवं लॉ राजेन्द्र गुप्ता ,एल आई सी कॉर्डिनेटर लॉ रविन्द्र कुमार अलया, जोनल चेयरपर्सन लॉ महेन्द्र सिंह बुन्देला, लॉ अनिल चैधरी, लॉ राहुल गुप्ता तथा प्रमुख समाज सेवियों के रूप में उपस्थित अमितप्रिय जैन, सानू बाबा, लॉ अरविन्द जैन, एल एन विश्वकर्मा, राजेन्द्र सिंह यादव लायन्स क्लब के समस्त क्लबों जैसे लायन्स क्लब ललितपुर मेन के अध्यक्ष ला सुनीता सर्राफ,लायंस क्लब ललितपुर सेवा के अध्यक्ष लॉ के के बंसल एवं सचिव लॉ अवधेश अग्रवाल, मंगलम के अध्यक्ष सक्षम खेरा,अमृत से लॉ अखिलेश शर्मा, गर्व से आजम बेग,हेल्पिंग हैंड से लॉ अनिल चैधरी, बुन्देल खंड से सुरेश पटेल तथा लायन्स क्लब ललितपुर गौरव के अध्यक्ष लॉ दीपक को, लायन्स क्लब ललितपुर ग्रेटर के अध्यक्ष डी0एस विवेक एडवोकेट द्वारा बैज लगाकर तथा गिफ्ट भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही लायन्स क्लब ललितपुर ग्रेटर के समस्त पूर्व अध्यक्षों के साथ ही क्लब सदस्यों को भी लायंस क्लब के,पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। लायन्स लियो क्लब सेन्ट्रल के पदाधिकारियों तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले, सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल के बच्चों वा स्टॉफ को भी क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। लायन्स क्लब के मंडलाध्यक्ष एमजेएफ लॉ अनिल अरोड़ा ने कहा कि लायन्स क्लब इंटरनेशनल व लायन्स क्लब ललितपुर ग्रेटर,सेवा के क्षेत्र में नित्य नए आयाम स्थापित कर रहे है। इसके लिए हम सभी लायन्स मेंबरों के आभारी है। अधिष्ठापन अधिकारी एमजेएफ लॉ सन्मति सर्राफ ने सभी पदाधिकायों व लायन्स सदस्यों को शपथ दिलाते हुए कहा कि लायन्स क्लब दुनियाँ के तमाम देशों में काम कर रहा है। लायन्स क्लब अपने इसी सेवा कार्यों के लिए जाना जाता है। अन्त में लायन्स क्लब के अध्यक्ष डी एस विवेक सीपीएस ने कहा की समाज सेवा के क्षेत्र सभी लोगो को आगे आकर, समाज के पिछड़े लोगों के लिए काम करने की जरूरत है। ललितपुर में और भी बहुत सारी समाजसेवी संस्थाएं व लोग हैं, जिनको सम्मानित करने में खुद को गर्वान्वित होने की अनुभूति होती है।

## महिला थाना पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में गुरूवार को महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा सम्मान तथा स्वावलंबन हेतु ह्लशारदीय नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति के फैज-5 के 90 दिवसीय विशेष अभियान के शुभारंभ पर महिला थाना प्रभारी स्वाति शुक्ला व मिशन शक्ति महिला टीम नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज में साइबर क्राइम, महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता विषय पर गतिविधियों तथा गोष्ठी सेमिनार कार्यशाला आदि का आयोजन कर जागरूक किया गया। सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई तथा हमारे कानूनी प्रावधानों शिक्षा का अधिकार ,बाल विवाह ,दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा आदि के बारे में बताया गया तथा बच्चों के साथ होने वाली यौन हिंसा, छेड़छाड़ ,घरेलू हिंसा आदि मुद्दों पर जागरूक करने हेतु रोचक गतिविधियों के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई।

## प्रशासन ने बाजार से तीसरी बार हटवाया अतिक्रमण



**बांदा।** प्रशासन ने शहर के मुख्य बाजार बलखंडी नाका से महेश्वरी देवी मंदिर चैराहा, रामलीला मैदान रोड, सब्जी मंडी रोड सरायं के अंदर होते हुए चैक बाजार तक मुख्य मार्ग में अतिक्रमण हटाया गया। नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला ने पुलिस प्रशासन ने अधिकारियों, अवर अभियंता विकास प्राधिकरण रविंद्र गुप्ता, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक हेमंत प्रसाद, राजस्व निरीक्षक रामजस सिंह व नवल किशोर आदि के साथ बाजार के व्यस्ततम मार्ग में अतिक्रमण किए दुकानदारों एवं फुटपाथ पर सामान बेंचने वालों को हटवाया। उन्होने अतिक्रमण करने वालों से 6 हजारर रुपये का जुमार्ना भी वसूला। नगर मजिस्ट्रेट ने व्यवसायियों व दुकानदारों से अनुरोध के साथ चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में अपनी दुकानों को सीमा के अंदर लगाएं। पुनः यदि रोड में अतिक्रमण किया तो भारी भरकम जुमार्ना किया जाएगा। बताते चलें कि अतिक्रमण के चलते खरीदारी करने वाले लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर मजिस्ट्रेट ने इससे पहले भी दो बार मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटवाया है लेकिन दुकानदार तथा दुकानों के सामने ठेला लगाने वाले हरकत से बाज नही आ रहे। नवरात्रि शुरू होने पर वैसे भी पूरा शहर शाम को भारी जाम की समस्या से दो-चार हो रहा है।

## राज्यमंत्री ने अलोना रजबहा पुनरोद्धार का किया शिलान्यास




**बांदा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जलशक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने गुरूवार को केन नहर प्रखण्ड के तहत 270.63 लाख की लागत से पूरी होने वाली अलोना रजबहा के 10 किलो मीटर से 30.800 किलो मीटर के पुनरोद्धार कार्य की परियोजना का शिलान्यास किया। इस परियोजना के पूरा होने से अलोना रजबहा के शून्य से 30.800 किलो मीटर तक पानी का संचालन होगा। जिससे लगभग 2000 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी और इसका सीधा लाभ 8 गांवों के किसानों को मिलेगा। इस दौरान दीप शिखा सिंह ब्लाक प्रमुख तिंदवारी, सुमित सविता, ग्राम प्रधान अलोना, ग्राम प्रधान विनोद निषाद सांड़ी, मैना निषाद खप्टिहा कला, गोरेलाल निषाद खेरई, सुरेन्द्र सिंह पिपरहरी व सपना सिंह निवाईच, रामदयाल सिंह पटेल पलरा, विटुलिया निषाद नरी की उपस्थिति में पैलानी तहसील के ग्राम निवाईच स्थित कालेश्वर मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता सिंचाई श्यामजी चैबे, अधिशाषी अभियंता अरविंद कुमार पांडेय, सहायक अभियंता प्रयाग प्रसाद, संबंधित अवर अभियंता तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पहली बार गन्ना डेलीगेट चुनाव में दिखा मतदाताओं में चुनावों जैसा उत्साह



**मीरगंज (बरेली)।** मीरगंज सहकारी गन्ना विकास समिति की संचालन समिति की गठन हेतु हुए डेली गेट पदों के चुनाव में मतदाता और प्रत्याशियों में भारी उत्साह देखने को मिला। सुबह मतदाता भारी तादाद में वोट करने बूथ पर पहुंचे और बूथों पर लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई। पुरुषों की अपेक्षा यहां महिलाएं भी पीछे नहीं दिखी घूंघट की ओट में मतदान करने हेतु घरों से निकलकर मतदान केंद्र पर पहुंची।

मतदान हेतु प्रशासन की और से पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद दिखा। भारी तादाद में पुलिस बल तैनात रहा। मीरगंज सहकारी गन्ना विकास समिति के गठन हेतु 183 गावों में 317 डेलीगेट पद हैं जिनमें से 272 डेलीगेट पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। गुरुवार को आर पी इंटर कॉलेज मीरगंज में 64 प्रत्याशियों के मध्य चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें केवल 33 डेली गेट चुने जानी है। एक-एक मत के लिए प्रत्याशी संघर्ष करते दिखे महिलाएं भी घूंघट की ओट में अपने घरों से वोट डालने निकली। उनमें काफी उत्साह देखा गया मतदान प्रातः 8:00 बजे शुरू होकर शाम 4:00 बजे तक चला। इस दौरान एसडीएम मीरगंज तृप्ति गुप्ता और तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा सहकारी गन्ना विकास समिति सचिव अशोक कुमार भी बीच-बीच में मतदान कर्मियों को दिशा निर्देश देते रहे। वहीं पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी भी काफी संख्या में दिखी ऐसा लग रहा था कि जैसे पंचायत के चुनाव हो रहे हैं।

## भाजपा सदस्यता अभियान की समीक्षा, दो लाख का लक्ष्य




जिला संवाददाता(vol)

**बांदा।** भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में निर्धारित समय में लक्ष्य पूरा करने का संकल्प लिया गया। सदस्यता अभियान की समीक्षा में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे दिल्ली सरकार के पूर्व वित्त मंत्री तथा पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी ने कहा कि पिछली बार जिले में डेढ़ लाख सदस्य बने थे। लेकिन इस बार दो लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होने इस लक्ष्य को नवमी तक पूरा करने का आह्वान करते हुए कहा कि मेरी आवाज में दम नही है लेकिन आप के काम में दम है। इसलिए कह सकता हूं कि इस समय सीमा में आप लक्ष्य को अवश्य हासिल कर लेंगे। उन्होने कहा कि पहले यह जानते हुए कि चुनाव में हमारी पार्टी की जमानत जब्त हो जाएगी, पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता एड़ी चोटी का जोर लगाकर एक-एक वोट के लिए लड़ता था परंतु वही पार्टी कार्यकताओं की मेहनत और पुरूषार्थ से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गयी है। देश में सबसे अधिक सांसद, विधायक व जन प्रतिनिधियों वाली पार्टी भाजपा है। वह भी कार्यकताओं के बल पर।

कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा भारत विश्व की पांचवे नंबर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तथा शीघ्र ही कुछ महीनों बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने सभी मंडलों की समीक्षा करते हुए कहा कि 6 अक्टूबर को विशेष सदस्यता अभियान के अंतर्गत संगठन से चयनित 50 कार्यकर्ता जिन बूथों में लक्ष्य पूरा नही हुआ है वहां पहुंचकर उसे पूरा करने का काम करेंगे। उन्होने सक्रिय सदस्य बनने के लिए बनाए गये व्यक्तिगत सदस्यों की सूची समय से जमा करने के निर्देश दिए। बैठक में क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, विधायक ओममणि वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, अखिलेश नाथ दीक्षित, ममता मिश्रा, प्रेमनारायण द्विवेदी, जाग्रति वर्मा, मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी, पंकज रैकवार, उत्तम सक्सेना आदि मौजूद रहे। सदस्यता अभियान के जिला संयोजक संतोष गुप्ता ने सभी का आभार जताया। संचालन जिला महामंत्री विवेकानंद गुप्ता ने किया।

## साइबर क्राइम टीम ने 72 खोए फोन लोगों को सौंपे




**बांदा।** साइबर क्राइम थाना तथा जिले के थानों में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क टीम के अथक प्रयासों के चलते 72 एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मुस्कान अभियान के तहत लोगों के खोए हुए मोबाइल के बारे में एसपी कार्यालय व थानों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम तथा जिले के थानों को खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी करने के लिए निर्देश दिए थे। बरामद किए गये मोबाइल फोन की कीमत लगभग 18 लाख रुपये आंकी गयी है। बरामद फोन उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। सबसे अधिक थाना कोतवाली नगर की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने 27 एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद किए। साइबर क्राइम थाना टीम ने 15 मोबाइल फोन, थाना कमासिन ने 6, बबेरू ने 5, थाना पैलानी व मरका ने 4-4, थाना चिल्ला व गिरवां ने 3-3, थाना मटौंध, अतर्रा, फतेहगंज व बिसंडा ने एक-एक मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया।

# लोहे का घन मारकर हत्या करने वाले आरोपी गिरफ्तार



जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी के ग्राम कुम्हेडी में गत दिवस एक युवक के सिर में घन (हथौड़ा) मारकर गम्भीर रूप्से घायल कर दिया था। उपचार के दौरान घायल युवक की मौत हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुये आज हत्यारोपी को आलाकतल समेत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0- 312-2024 धारा103(1) में वांछित अभियुक्त दीपू बाल्मीकि पुत्र पप्पू उर्फ डैडियल बाल्मीकि उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम

- अभियुक्त के कब्जे से आलाकत्ल भी किया गया बरामद

कुम्हैडी थाना महरौनी जनपद ललितपुर को मुखबिर की सूचना पर बहद ग्राम छिल्ला थाना महरौनी जिला ललितपुर से गिरफ्तार किया गया। न्यायायिक अभिरक्षा हेतु अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। इस संबंध में मृतक ने पत्नी ने बताया था कि दीपू बाल्मीकि पुत्र डैडियल बाल्मीकि उम्र करीब 25 वर्ष नि0 ग्राम कुम्हैड़ी थाना महरौनी जनपद ललितपुर द्वारा उसके पति राजकपूर पुत्र संतोष बाल्मिकी उम्र करीब 38 वर्ष नि0 ग्राम कुम्हैड़ी थाना महरौनी जनपद ललितपुर के सिर में लोहे के घन से जान से मारने की नियत से वार करना जिससे गम्भीर रूप से घायल का दिया था।

उसे रक्तरंजित अवस्था में महरौनी पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहाँ पर उपचार के दौरान घायल राजकपूर की मृत्यु हो गयी। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया एवं मृतक का पंचायतनामा भरकर पोस्ट मार्टम की कार्यवाही करायी गयी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमे गठित कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार हत्यारोपी दीपू बाल्मीकि ने पूछने पर बताया कि मृतक राजकपूर जो कि मेरे रिश्ते में पारिवारिक चाचा लगते थे। इनके द्वारा मेरे पिता का अपमान किया गया था अपमान का बदला लेने के लिए मृतक राजकपूर को जान से मारने की नियत से लोहे के घन से मारा था।

## रामकथा जीवन जीने की पद्धति हैः प्रेम भूषण महाराज



**बरेली।** मनुष्य बच्चों के रूप में इस संसार में आता है और अपनी आयु पूर्ण होने पर यहां से विदा हो जाता है। अपने जीवन काल में वह संसार में बहुत कुछ करता है। परंतु प्रश्न यह है कि वह अपने लिए क्या करता है? हम जगत के लिए कुछ भी करते हैं वह हमारे अपने लिए होता है क्या? इन प्रश्नों का उत्तर जानने के लिए ही हम सभी को राम कथा सुनना आवश्यक है। बरेली के मॉडल टाउन स्थित श्रीहरि मंदिर में श्री राम कथा मर्मज्ञ परम पूज्य प्रेम भूषण महाराज राम कथा सुना रहे थे।कथा आयोजन गंगा समग्र के आवाहन पर किया गया। कथा के यजमान अरुण गुप्ता रहे।सरस श्रीराम कथा गायन के लिए लोक ख्याति प्राप्त प्रेममूर्ति पूज्य प्रेमभूषण महाराज ने कथा गायन शैली में कहा कि राम कथा हमें यह सिखाती है, कि इस संसार में रहते हुए हमें अपने लिए क्या करना चाहिए? ऐसा क्या करें जो हमारे जीवन के बाद भी हमारे साथ जाए? जगत का व्यवहार और प्रति जगत में रहने तक ही है, जाने के बाद उसका कोई अस्तित्व नहीं होता है। महाराज जी ने कहा कि श्रेष्ठ व्यक्ति कुछ ऐसी परंपरा छोड़ जाते हैं जो युगों तक अगली पीढ़ी के लोगों का मार्गदर्शन करते हैं। मनुष्य की श्रेष्ठता इसी में है कि वह अपने तप से अपनी आने वाली पीढ़ी के लोगों को गौरव करने के लिए कुछ न कुछ अवश्य दे जाते हैं।

इस आयोजन का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त संघचालक चालक शशांक भाटिया, भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, उच्च शिक्षा आयोग के सदस्य डॉक्टर राधाकृष्ण दीक्षित और महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडे ने पंच दीप जलाकर उद्घाटन किया। व्यासपीठ का सपत्नीक पूजन यजमान अरुण गुप्ता ने किया। महाराज ने कई सुमधुर भजनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित रामकथा के प्रेमी, भजनों का आनन्द लेते हुए झूमते नजर आए।इस अवसर पर आयोजन संरक्षक मण्डल के सदस्य शशांक भाटिया, के सी गुप्ता, कृष्ण कुमार मोहता , राजकुमार अग्रवाल, डॉ. शालिनी माहेश्वरी, डॉ. राधाकृष्ण दीक्षित, राजेश कुमार, मंदिर के अध्यक्ष सतीश खट्टर, सचिव रवि छाबड़ा, अश्विनी ओबरॉय, सुशील अरोड़ा, डॉ रविशंकर सिंह चौहान अमित शर्मा उपस्थित रहे।

## मासूम छात्रा के सिर पर मारी ईंट

**ललितपुर।** थाना पाली अंतर्गत ग्राम पिपरिया जागीर में स्कूल गई 12 वर्षीय कक्षा 6 की छात्रा के सिर पर एक महिला ने ईट से प्रहार कर दिया, जिससे पर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसकी जानकारी छात्रा की माँ को लगी तो वह मौके पर पहुँची तो दबंग महिला जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकली।

पीड़िता ने जब शिकायत पुलिस से की तो पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं कि उल्टा पीड़िता को ही धमका दिया। आरोप है कि पीड़िता के पुत्र के साथ भी पुलिस व दबंग महिला के पति ने मारपीट कर दी।

## संत तुलसी स्कूल सिटी ब्रांच नये भवन में शुरू



**बांदा।** संत तुलसी पब्लिक स्कूल की शाखा सिटी ब्रांच बलखंडीनाका तुलसी मंदिर का शुभारंभ विद्यालय की अध्यक्ष मीना गुप्ता व प्रबंधक संत कुमार गुप्ता ने किया। इसके पश्चात नवरात्र के प्रथम दिन हवन पूजन के साथ कन्या भोज भी कराया गया। प्रबंधक संत कुमार गुप्ता ने बताया कि अभी तक सिटी ब्रांच कोतवाली रोड महेश्वरी देवी मंदिर के पास संचालित थी। जिसे अब विद्यालय के नये परिसर बलखंडी नाका स्थित तुलसी मंदिर के पास कुमार कांप्लेक्स में स्थापित किया गया है। कार्यकारी प्रबंधक डॉ मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि यहां पीजी से लेकर यूकेजी तक के बच्चों को शिक्षा दी जाती है। नवरात्र के अवसर पर 6 माह का कोर्स कराकर बच्चों का प्रवेश लिया जा रहा है। अभिभावक बच्चों का प्रवेश करा सकते हैं। अध्यक्ष मीना गुप्ता ने कहा कि छोटे बच्चों के पठन-पाठन से लेकर मनोरंजन व खेलकूद की सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। यहां बच्चों को भारतीय संस्कृति पर आधारित अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जाती है। इस अवसर पर प्रबंध समिति सदस्य अमित कुमार गुप्ता, सौदामिनी गुप्ता, दीपिका गुप्ता, प्रधानाचार्य रीना ओमर, उप प्रधानाचार्य डॉ रिंकू सिंह आदि मौजूद रहे।

# राहत आयुक्त ने जनपद का भ्रमण कर फसल क्षति का लिया जायजा

**ललितपुर।** जनपद में अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए उ0प्र0 शासन ने 121 करोड़ 85 लाख 02 हजार 677 की राहत राशि दो किश्तों में (प्रथम किश्त 45 करोड़ व द्वितीय किश्त 76 करोड़ 85 लाख 02 हजार 677 रुपए) जनपद ललितपुर के अतिवृष्टि प्रभावित

- अधिकारियों के साथ बैठक कर राहत कार्य में पारदर्शिता के साथ तेजी लाने के दिये निर्देश

किसानों के लिए आवंटित कर दी है, जिसके त्वरित व पारदर्शी वितरण का जायजा लेने के लिए भानु चन्द्र गोस्वामी, आई0ए0एस0, राहत आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन ने ललितपुर का दौरा किया।भ्रमण के दौरान राहत आयुक्त ने जनपद के ग्रामों में मौके पर जाकर फसल क्षति का जायजा लिया, किसानों से वार्ता की एवं जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी विध्रा व कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में अतिवृष्टि की स्थिति और



उससे हुये फसलों के नुकसान को जाना, उन्होंने सम्बंधित उप जिलाधिकारी, तहसीलदारों से एक-एक कर फीडबैक लिया। उन्होंने उप निदेशक कृषि से प्रधानमंत्री फसल बीमा की समीक्षा की तथा की गई कार्यवाही को भी जाना। उन्होंने मण्डी सचिवों से विगत तीन वर्षों की मण्डी में फसलों की आवक के सापेक्ष वर्तमान में फसल आवक की भारी गिरावट को भी समझा। राहत आयुक्त ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों का डाटा त्वरित गति से सुस्पष्ट रुप से फीड कराते हुए शासन की मंशानुसार किसानों को राहत राशि सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचाने का कार्य करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को हुई क्षति के प्रति पूर्ण रुप से संवेदनशील है, इसलिए मांग के सापेक्ष त्वरित रुप राहत राशि जिलों को आवंटित कर दी गई है। इस दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अवगत कराया कि जनपद के प्रभावित किसानों को राहत राशि पहुंचाने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, उप जिलाधिकारियों की निगरानी में राजस्व विभाग की टीमें दिनरात सर्वे व फीडिंग का कार्य कर रही हैं, जिन किसानों का डाटा फीड होता जा रहा है, उन्हें तत्काल राहत राशि उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है, यह कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ निरंतर चल रहा है।

जनपद भ्रमण के दौरान राहत आयुक्त ने तहसील ललितपुर के ग्राम जाखलौन, मैखुवां, सगौरिया व तहसील तालबेहट के बरौदाडांग, खैरीडांग, खैराडांग, सुनपुरा, रजपुरा, टोड़ी व गदयाना का दौरा किया। उन्होंने ग्रामों में किसानों से मिलकर उनसे वार्ता की तथा खराब हुई फसल को देखा। उन्होंने कहा कि किसान राहत राशि के लिए सम्बंधित तहसील में अपनी जमीन का गाटा, बैंक पासबुक, आधार व मोबाइल नम्बर उपलब्ध करा दें, ताकि फीडिंग के उपरान्त जल्द राहत राशि भेजी जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर चंद्रभूषण प्रताप, उप जिलाधिकारी तालबेहट श्रीराम यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण व किसान उपस्थित रहे।

## श्रीराम-सीता विवाह मंचन के दिन परिणय सूत्र में बंधेंगे 101 जोड़े

**बरेली।** शारदीय नवरात्र के पूजन के साथ ही नाथ नगरी में इन दिनों जगह जगह श्री रामलीला एवं श्री रासलीला का मंचन शुरू हो गया है।

जोगी नवादा स्थित बाबा बनखंडी नाथ रामलीला समिति द्वारा कृष्ण लीला और रामलीला का मंचन 6 अक्टूबर शुरू होगा। वहीँ समिति द्वारा श्रीराम विवाह के दिन के 101 युवक-युवती का सामूहिक विवाह किया जायेगा। यह जानकारी पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र राठौर और संरक्षक हरिओम राठौर ने दी।

उन्होंने ने बताया कि वर्षों से बाबा बनखंडी नाथ मंदिर के आसपास दशहरा मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में रामलीला का मंचन भी हो रहा है। समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र राठौर ने बताया कि समिति के द्वारा 101 युवक युवतियों का सामूहिक विवाह भी 6 अक्टूबर को रामलीला स्थल पर संपन्न होगा। समिति के संरक्षक हरिओम राठौर ने जानकारी दी इसके आलावा दशहरा मेले के दौरान प्रदेश भर के पहलवान दंगल में जोर दिखायेंगे। इस दौरान सुनील दत्त शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, अभिषेक गुप्ता, अनिल शर्मा, सत्येंद्र राठौर, पार्वती प्रजापति, राहुल राठौर, संजीव शर्मा, राहुल राठौर समेत समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# दुनिया ने देखा लोकतंत्र

जम्मू-कश्मीर से धारा-370 खत्म होने के बाद अगस्त 2019 में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के चेयरमैन बिलावल भुट्टो ने पाक के तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान की आलोचना करते हुए कहा था कि पाकिस्तान के लिए जम्मू-कश्मीर की स्थितियां अब बहुत बदल गयी हैं। पहले पाकिस्तान की चुनौती यह थी कि हम भारत से कश्मीर कैसे लें और अब पाकिस्तान की चिंता यह है कि भारत से मुजफ्फराबाद कैसे बचायें। बिलावल ने यह बात इमरान की आलोचना में कही थीं, उनकी यह आलोचना ठीक पांच साल बाद सच हो रही है। अब जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत का पाक के साथ एक ही विवाद है कि पाकिस्तान किस तरह पीओके खाली करेगा। क्योंकि पूरा जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। भारत ने यह साबित भी किया है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हुए और तीन चरणों में हुए चुनाव में करीब चौंसठ प्रतिशत लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया। जो लोग वोट डालने गये उनकी विचारधारा कुछ भी हो सकती है, अलग-अलग दल, अलग-अलग प्रत्याशी के समर्थक हो सकती हैं, लेकिन इस बात पर तो सभी एकमत हैं कि वे भारत संघ के नागरिक हैं और संविधान में आस्था रखते हैं। तभी तो मतदान करने गये। एक दशक बाद हुए चुनाव में चौंसठ फीसद के करीब मतदान हुआ, मतदान के दौरान राज्य में उत्सव का माहौल था। पहली बार प्रत्याशियों ने देर रात तक सभायें कीं, घर-घर वोट मांगे, पार्टियों ने जनता से लंबे चौड़े वायदे किये, भारतीय संविधान के तहत पहली बार विधान सभा चुनाव हुए और पहली बार पाकिस्तानी शरणार्थी, वाल्मीकि समाज और गोरखा समुदाय के लोगों ने मतदान किया। पूरे राज्य में मतदान शांतिपूर्ण रहा, एक भी हिंसा की, पुनर्मतदान की नौबत नही आयी। मजे की बात यह है कि जो नेता राज्य में चुनाव का बहिष्कार करने की बात कह रहे थे, उनको भी कश्मीर घाटी की फिजा में बहती लोकतंत्र की ताजी हवा का एहसास हुआ और अपना अस्तित्व बचाने के लिए न सिर्फ चुनाव मैदान में उतरे, जीत के लिए तमाम गठजोड़ से लेकर सियासी तिकड़में की और वोट डालकर बड़े ताव के साथ मीडिया को स्याही और विक्ट्री साइन दिखाते नजर आये। धारा-370 खत्म करने के बाद सरकार ने कश्मीर में विकास से लेकर तमाम सुधारों की जो पहल की उसका फल है कि आजादी के सात दशक बाद भारत ने जम्मू-कश्मीर विवाद पर पाकिस्तान से निर्णायक जीत हासिल कर ली। अब कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और इसे दुनिया मान भी रही है। अगर इसमें कहीं कोई कोर कसर थी, तो कश्मीर में भारतीय संविधान के अनुसार तमाम सुधार, दलित वर्गों के लिए सीटों का आरक्षण, विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन, विकास के तमाम प्रयास, सभी वर्गों को मतदान का अधिकार, पांच साल के लिए विधानसभा और पंचायत से लेकर लोकसभा तक, सभी चुनाव शांतिपूर्ण होने और बंपर मतदान के बाद दुनिया की सारी गलतफहमी दूर हो गयी होगी। भारत ने इसे दिखाया भी। यहां पाकिस्तान की तरह चुनावी धांधली और सरकार का चुनाव के बजाय चयन नहीं हुआ है बल्कि 16 देशों के राजदूतों के मौका-ए-मुआयना के बीच मतदान हुआ, शांतिपूर्ण हुआ और बंपर मतदान हुआ है। पूरे राज्य में लोकतंत्र के पर्व को उत्सव की तरह मनाया गया। कश्मीर घाटी में मतदान केंद्रों के बाहर लगी लंबी कतारें, पिंक बूथ पर उत्साहित महिलाएं और अंगुली पर नीली स्याही दिखाते कश्मीरी युवा, वाकई कश्मीर बदल गया है। विदेशी राजनयिकों ने मतदान केंद्रों का दौरा कर कहा-लोग बहुत खुश हैं और बिना भय के वोट डाल रहे हैं। अमेरिकी मिशन के उपप्रमुख जार्गन के एंड्र्यूज ने कहा, यहां मतदान पूरी तरह निष्पक्ष और एक सुरक्षित वातावरण में हुआ। अमेरिका का यह बयान अनुच्छेद 370 को लेकर पाकिस्तान के दुष्प्रचार की हवा निकालने के लिए काफी है। चुनाव में पार्टियों, प्रत्याशियों की हार-जीत का पता तब चलेगा जब ईवीएम की सील टूटेगी, लेकिन बीते पांच साल में भारत सरकार के प्रयासों, सुरक्षाबलों के अदम्य साहस के दम पर आतंक का सफाया और लोकतंत्र का आगाज कर भारत ने पाकिस्तान के साथ जम्मू-कश्मीर की लड़ाई जीत ली है। अब विवाद पीओके पर है और यह पाकिस्तान को तय करना है कि वह कैसे भारत को लौटायेगा।




**पाकिस्तान के साथ विवाद अब पीओके को लेकर है और पाकिस्तान को ये तय करना है कि वह कैसे इसे लौटायेगा।**

विचार

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

-रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

किसी निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाए, तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

-तिरुवल्लुअर.

जो जीवों की हिंसा करता है वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति हिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

-गौतम बुद्ध.

मनुष्य का आचरण ही बताता है कि वह कुलीन है अथवा अकुलीन, शूरवीर है अथवा भीरू, पवित्र है अथवा अपवित्र।

-वाल्मीकि.

आशा उत्साह की जननी है। आशा में तेज है, बल है, जीवन है। आशा ही संसार की संचालन शक्ति है।

-प्रेमचंद.

# आस्था और सेहत पर मिलावट का प्रहार





अरविन्द जयतिलक

**देश का हर परिवार दूध को जरूरत के हिसाब से इस्तेमाल में लाता है। ऐसा नहीं है कि दूध में मिलावट राज्य सरकारों के संज्ञान में नहीं है लेकिन वह इसे गंभीरता से लेने को तैयार नहीं हैं। आज जरूरत इस बात की है कि अन्य देशों की तरह भारत में भी खाद्य संरक्षा के मानक तय करने के साथ-साथ निगरानी के लिए एजेंसियों का गठन किया जाये।**

यह राहतकारी है कि तिरुपति के प्रसिद्ध 'लड्डू प्रसादम' में इस्तेमाल घी की गुणवत्ता को लेकर श्रद्धालुओं की चिंताओं के बीच तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने पवित्र प्रसाद की शुचिता बहाल कर दी है। मंदिर बोर्ड ने एक पोस्ट में कहा है कि 'श्रीवारी लड्डू की दिव्यता और पवित्रता अब बेदाग है।' उल्लेखनीय है कि लड्डू की गुणवत्ता की जांच में घटिया गुणवत्ता के घी और चर्बी की मिलावट का पता चला था। इसे लेकर देश भर में बवाल उठ खड़ा हुआ था और सरकार से मांग की गयी कि आस्था से खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। अच्छी बात है कि केंद्र सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया और भरोसा दिया कि इस मसले को तार्किक परिणिति तक पहुंचाकर दोषियों को दंडित किया जाएगा। तिरुपति बालाजी मंदिर न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर के हिंदू जनमानस की आस्था से जुड़ा है। लिहाजा आवश्यक है कि प्रसाद को लेकर किसी भी श्रद्धालु के मन में संदेह और उनकी आस्था पर प्रहार नहीं होना चाहिए। यहां सवाल सिर्फ आस्था तक ही सीमित नहीं है। सेहत से भी जुड़ा है। आज की तारीख में घी, दूध, शक्कर, तेल, मसाला एवं अन्य खाद्य उत्पादों में जमकर मिलावट हो रहा है जिससे लोगों की सेहत खराब हो रही है।

अभी गत वर्ष ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (फसाई) द्वारा खाद्य तेलों की गुणवत्ता को लेकर जारी रिपोर्ट में कहा गया कि देश में बिक रहे खाद्य तेल का एक बड़ा हिस्सा मिलावटी है। रिपोर्ट के मुताबिक देश के 587 जिलों और चार मेट्रो शहरों से 15 तरह के खाद्य तेलों के 4,461 नमूने लिए गये जिसमें से 2.42 प्रतिशत यानी 108 नमूनों को पूरी तरह खराब पाया गया। इनमें ऑफ्लाटॉक्सिन कीटनाशक जैसे घातक रसायन और बड़ी मात्रा में भारी मेटल पाये गये जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। इसके अलावा बीआइ रीडिंग, फैटी एसिड प्रोफाइल और आयोडिन वैल्यू जैसे अन्य तत्व भी तय मानक से ज्यादा पाए गए जो सेहत पर बुरा असर डाल सकते हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर जारी 2018-19 की रिपोर्ट के मुताबिक देश भर से खाद्य उत्पादों के 1,06,459 सैंपल की जांच में 3.7 प्रतिशत स्वास्थ्य के लिए बेहद असुरक्षित पाए गए और 15.8 प्रतिशत मिलावटी रहा। मिलावटखोरी का यह आलम तब है जब अभी गत वर्ष पहले ही एफएसएसएआई ने खाद्य पदार्थों मे मिलावट करने वालों को न्यूनतम सात वर्ष और अधिकतम उम्रकैद की सजा के साथ न्यूनतम दस लाख रुपए तक दंड देने का प्रावधान किया। फसाई ने खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए नई धारा को शामिल करने के प्रस्ताव के साथ यह भी सुनिश्चित किया कि कोई भी व्यक्ति जो खाद्य पदार्थ में किसी ऐसे पदार्थ की मिलावट करता है जिससे मानव के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, वह कड़ी सजा का हकदार है। उल्लेखनीय है कि विधि आयोग ने खाद्य पदार्थों में मिलावट को गंभीर मानते हुए अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी, जिसमें मिलावट के अपराध में कड़े दंड का प्रावधान किया गया था।

## घातक है अपमिश्रण

विधि आयोग ने यह रिपोर्ट सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट संबंधी आईपीसी की धारा 272 व 273 में संशोधन पर विचार करने के निर्देश के उपरांत तैयार किया था, जिसमें मिलावटखोरी के पैमाने के मुताबिक सजा और आर्थिक दंड का प्रावधान है। इस सिफारिश में कहा गया है कि अगर मिलावट से कोई नुकसान नहीं होता है तब भी छह महीने तक की कैद और एक लाख रुपये का जुर्माना होगा। अगर मिलावट से थोड़ी क्षति पहुंचती है तो एक साल तक का कारावास और तीन लाख रुपये तक जुर्माने की सजा होगी। इसी तरह अगर मिलावट से ज्यादा नुकसान होता है तो छह साल तक का कारावास और पांच लाख रुपये का जुर्माना होगा। मिलावट से मौत के मामले में कम से कम सात साल का कारावास जिसे बढ़ाकर उम्रकैद में भी तब्दील किया जा सकता है और दस लाख रुपये के जुर्माना भी होगा। अपनी सिफारिश में विधि आयोग ने यह भी सुनिश्चित किया कि अगर अदालत मौत के मामले में उम्रकैद से कम सजा देती है तो उसे अपने फैसले में इसका कारण दर्ज कराना होगा। यही नहीं जुर्माना व्यक्ति को हुए नुकसान और चिकित्सा खर्च और पुनर्वास की जरुरत को पूरा करने लायक होना चाहिए और इस कानून में अभियुक्त पर लगाए गए जुमार्ने का भुगतान भी पीड़ित को होना चाहिए। इसके अलावा खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी को रोकने और उनकी गुणवत्ता को स्तरीय बनाये रखने के लिए देश में खाद्य संरक्षा और मानक कानून 2006 भी लागू है। कानून के प्रावधानों के मुताबिक घटिया, मिलावटी, नकली माल की बिक्री और भ्रामक विज्ञापन के मामले में संबंधित प्राधिकारी जुर्माना कर सकता है। इस कानून के तहत अप्राकृतिक व खराब गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री पर 2 लाख रुपये, घटिया खाद्य पदार्थ की बिक्री पर 5 लाख रुपये, गलत ब्रांड खाद्य पदार्थ की बिक्री पर 3 लाख रुपये और भ्रामक विज्ञापन पर 10 लाख रुपये तक का जुमार्ने का प्रावधान है। लेकिन यह विडंबना है इतने सख्त कानून के बावजूद भी मिलावटखोरों के मन में भय नहीं है। अभी गत वर्ष पहले सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरनेमेंट की रिपोर्ट से उद्घाटन हुआ था कि ब्रेड या डबल रोटी में भी कैंसर पैदा करने वाले पोटैशियम ब्रोमेट जैसे खतरनाक रसायनों का इस्तेमाल हो रहा है।

सीएसई ने अपनी जांच में पाया था कि इस्तेमाल होने वाले अधिकांश ब्रेड ब्रांडों में पोटैशियम ब्रोमेट और पोटैशियम आयोडेट की उपलब्धता है जो सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। विश्व के कई देशों में इन रसायनों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है तथा इनकी बिक्री पर भी सजा का प्रावधान है। चिकित्सा विशेषज्ञों की मानें तो इसके इस्तेमाल से मुंह, सिर, गर्दन में जलन और त्वचा संबंधी बीमारियां पैदा होती हैं, के अलावा पेट दर्द, नर्व डैमेज एवं अन्य संवेदनशील अंगों को भी नुकसान पहुंचता है। किसी से छिपा नहीं है कि दूध में भी जमकर मिलावट किया जा रहा है। सिंथेटिक और मिलावटी दूध और उसके उत्पाद यूरिया, डिटरजेंट, रिफाइंड आयल, कास्टिक सोडा और सफेद पेंट इत्यादि से तैयार हो रहे हैं। खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने भी माना है कि दूध में घातक रसायन मिलाए जा रहे हैं। यहां ध्यान देना होगा कि दूध में मिलावट की समस्या किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है। मिलावट का यह जहर संपूर्ण देश के स्वास्थ्य को खराब कर रहा है। देश का हर परिवार दूध को जरुरत की हिसाब से इस्तेमाल में लाता है। ऐसा नहीं है कि दूध में मिलावट राज्य सरकारों के संज्ञान में नहीं है। लेकिन वह इसे गंभीरता से लेने को तैयार नहीं हैं। आज जरुरत इस बात की है कि अन्य देशों की तरह भारत में भी खाद्य संरक्षा के मानक तय करने के साथ-साथ निगरानी के लिए एजेंसियों का गठन किया जाये। अमेरिका का खाद्य संरक्षा व्यवस्था दुनिया के बेहतरीन तंत्रों में शामिल है। इसे स्थानीय, राज्य एवं केंद्रीय स्तर पर लागू किया गया है। यहां का फुड एवं ड्रग एडमिनिस्टेज्शन फूड कोड प्रकाशित करता है। इसमें खाद्य संरक्षा के मानक तय किए गए हैं जिनका उल्लंघन गैर कानूनी है। इसी तरह आस्ट्रेलिया की आस्टेजलियाई फूड एथॉरिटी उपभोक्ताओं तक शुद्ध खाद्य पदार्थ पहुंचाने के लिए खाद्य कारोबार पर खाद्य संरक्षा मानकों को प्रभावपूर्ण तरीके से लागू करने का काम करती है। जर्मनी में उपभोक्ता अधिकार और खाद्य संरक्षा विभाग इस मामले को देखता है। पूरे जर्मनी में भोज्य पदार्थ बेचने के लिए किसी तरह का प्रतिबंध नहीं है लेकिन वह कानून के मुताबिक तय मानकों के अनुरुप होना चाहिए। आज जरुरत इस बात की है कि मिलावटखोरी रोकने के कानून का सख्ती से पालन हो और अन्य देशों की तरह खाद्य संरक्षा के मानक तय करने के लिए निगरानी एजेंसियों का गठन हो। जब तक कठोर कदम नहीं उठाए जाएंगे तब तक हालात सुधरने वाले नहीं हैं।

सोशल मीडिया



गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान का हिस्सा बना, आप सभी से आग्रह है कि स्वच्छता अभियान का हिस्सा बन स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें। सुधांशु त्रिवेदी.



भारतीय जनता पार्टी के लोग और उनसे चार हाथ आगे चरणवंदन करते भक्त, राहुल गांधी का नहीं हरियाणा के जीवट मेहनतकश लोगों का अपमान कर रहे हैं। सुप्रिया श्रीनेत.



दिल्ली की मेहरबानी नहीं चाहिए बिहार के लोगों को, यहां के लोग इतना सक्षम बनेंगे कि दूसरे राज्यों की मदद करेंगे, शराबबंदी हटायेंगे, इस से मिलने वाला कर शिक्षा पर ही खर्च होगा। पीके.

# अलौकिक सिद्धियां

अंतर्दृष्टि

हम प्रायः अलौकिक सिद्धियों एवं चमत्कार के बारे में सुनते रहते हैं। यह सब ईश्वर या फिर परम सत्ता के साथ मनुष्य आत्मा का एकाकार हो जाना है। जब ईश्वर का सानिध्य मिलता है तो मनुष्य का व्यक्तित्व पारस की तरह निखरता है। ब्रह्मज्ञान वह है- जिसमें परमात्मा की सम्पूर्ण सत्ता की व्याख्या को तो अचित्य नेति-नेति कह कर बौद्धिक असमर्थता प्रकट कर दी गयी है पर मनुष्य के साथ परमात्म सत्ता का जितना तालमेल बैठता है उस पर कई दृष्टियों से प्रकाश डाला जाता है। आत्मा के साथ परमात्मा का मिलन निस्संदेह लोहे और पारस के सम्पर्क में सोना बन जाने वाली किवदन्ती सच्चे अर्थों में सार्थक देखी जा सकती है। अमृत और कल्पवृक्ष के लाभ महात्म्य का जो अलंकारिक वर्णन मिलता है उसे परमात्मा के सान्ध्यि से मिलने वाली भौतिक तथा आत्मिक उपलब्धियों को देखते हुए अक्षरशः सही माना जा सकता है। सिद्धियों का चमत्कारी अलौकिकताओं का जो विवरण सधना ग्रंथों में मिलता है, उसे परमात्म सत्ता के साथ जीवात्म के सानिध्य सम्पर्क को सुनिश्चित प्रतिक्रिया कहा जा सकता है। ईश्वर प्राप्ति को जीवन लक्ष्य की पूर्ति पूर्णता में परिणित परम पुरुषार्थ परम लाभ आदि नामों से पुकारा जाता है। आत्मा को परमात्मा की उच्च स्थिति में विकसित कर लेने वाले व्यक्ति निस्संदेह नर रूप में नारायण कहे जा सकते हैं। उनकी विशेषताओं और विभूतियों का वारापार नहीं रहता। आस्था का तीसरा पक्ष है- सद्ज्ञान। इसे विचार विज्ञान कह सकते हैं। विचारों की प्रचण्ड शक्ति और उनकी प्रतिक्रियाओं से बहुत कम लोग परिचित होते हैं। तथ्य यह है कि हाड़ मांस के पुतले में जितना चेतन चमत्कार देखा जाता है वह सब विचार वैभव का ही परिणाम है। व्यक्तित्व की उत्कृष्टता, निकृटता मनुष्य की प्रतिभा, वरिष्ठता और सर्वतोमुखी दुर्बलता का मूल्यांकन किसी के विचारों का स्तर देख कर ही किया जा सकता है। सफलता और अफलता के कारण साधनों का, परिस्थितियों का नहीं, संकल्प शक्ति और व्यवस्था बुद्धि का ही प्रमुख महत्व रखता है। लोग गलत ढंग से सोचते हैं और गलत विचारों को अपनाते हैं। फलतः जीवन का स्वरूप और भविष्य दोनों की अंधकार से ढ़क जाते हैं। मस्तिष्क को जिस तरह सोचने की आदत है, उसका गुण-दोष के आधार पर विवेचन करते हुए मात्र औचित्य को अपनने की सहसिकता को मनस्विता कहते हैं। मनस्वी लोग ही जीवन का सच्चा आनन्द लेते हैं और दूसरों के श्रद्धा भाजन बनते हैं। स्वाध्याय और सत्संग द्वारा श्रेष्ठ विचारकों से सम्पर्क साधा जाता है और चिंतन, मनन द्वारा आंतरिक उत्कृष्टता को उभार कर उच्च स्तरीय निष्ठाओं पर आरूढ़ हुआ जाता है।

# सावधान गधे आ गये हैं!

व्यंग्यलोक

अब कुत्तों से ही नहीं, गधों से भी सावधान रहना है। यह अच्छी बात है कि लोग कुत्तों से पहले ही सावधान हैं। जहाँ तक गधों का प्रश्न है मैं उनसे सावधान रहने के लिए जन अभियान चला रहा हूँ, क्योंकि गधों ने राष्ट्र का बहुत नुकसान किया है। लोग गधे को सिर्फ सीधा भोला-भाला जीव समझकर अपना समर्थन देते रहें, इसे मैं उचित नहीं मानता। गधों के मानसिक दिवालियेपन के कारण और उनकी सदैव चरते रहने की वृत्ति ने देश का सर्वनाश कर दिया है। इसलिए मैं इस मौसम में देशवासियों से खुली अपील करता हूँ कि गधों से सावधान रहें। गधों के हिमायती सदैव यह तर्क देते रहे हैं कि गधे कुत्तों की तरह काटते नहीं हैं और काट लें तो उनको चौदह इंजैक्शन का प्रावधान नहीं है। गधे जितना खा रहे हैं तथा उससे जो लीद बन रही है, वह हमारी चिन्ता का बुनियादी कारण है। खाने की एक सीमा होती है। जब तक गधे सलीके से खाकर लीदते रहे, मुझे भी परेशानी नहीं रही। लेकिन जबसे उनकी खुराक में इजाफा हुआ है-मेरी चिंतायें सघन हो गयी हैं तथा मैं गधों से देशवासियों को बचाने के लिए सजग हो गया हूँ।



पूरन सरमा

मेरे मित्र हैं मलूकदास। मेरी ही कॉलोनी में वर्षों से रह रहे हैं। आते रहते हैं अक्सर, लेकिन उस दिन आये तो बेहद उदास थे। गहन चिन्ता की लकीरें उनके माथे पर स्पष्ट रूप से देखी जा सकती थीं। मैं घबराया और बोला- क्यों मलूकदास, क्या बात है? तुम कुछ परेशान से दिखायी दे रहे हो? मलूकदास ने चिन्ता की लकीरों को और घना किया और बोला- यार, कॉलोनी में गधों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है। क्या तुम इस बात से चिंतित नहीं हो? मेरे कान खड़े हो गये। दुखती रग पर हाथ धर दिया था मलूकदास ने। मैंने कहा-मैं तो खुद परेशान हूँ गधों से, सारा माल चट कर गये और सारे में गंदगी फैला दी है। हम दोनों मिलकर क्या कर सकते हैं? मलूकदास ने जम्हाई ली, मुँह को पोंछा और कहा- कर तो क्या नहीं सकते हम, लेकिन बाहर गधे जिस तादाद में बढ़ गये हैं उनके खिलाफ जेहाद में हमें कहीं मुँह की न खानी पड़ जाये। 'तुम सही कह रहे हो शर्मा जी। इधर चुनाव सिर पर हैं और गधे पहले से ज्यादा रेंक रहे हैं। रात दिन रेंकते हैं। जीना हराम कर दिया है। मुझे भय है कहीं गधे पहले की तरह ही चुनाव जीत गये तो देश का रहा-सहा और बंटाधार हो जायेगा। इधर गधों के प्रति जनता का क्रेज बढ़ रहा है। घोड़ों को कोई नहीं पूछता। क्या जमाना आ गया है। गधे घोड़े का फर्क ही मिट गया है। घोड़ों की दुर्गति है। मलूकदास वाकई गधों को लेकर खासे परेशान थे।

**क्रमशः**

# नवरात्र उपवास में सेहत का रखवाला है नारियल पानी



स्वास्थ्य

राजकुमार 'दिनकर'

नवरात्रि में जो लोग नौ दिन लगातार उपवास रखते हैं, उनके लिए इन दिनों नारियल पानी पीना, सबसे ज्यादा फायदेमंद है। यह पवित्र है। इससे व्रत खंडित नहीं होता। सबसे बड़ी और जरूरी बात यह है कि व्रत में नारियल पानी पीने से शरीर को जरूरी पोषण तत्व मिल जाते हैं, जिससे कमजोरी नहीं आती।

वैसे नारियल को सिर्फ व्रत के दिनों में ही नहीं बाकी दिनों में भी पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह एक प्राकृतिक ताजगी देने वाला फल है। इसमें स्वास्थ्य के लिए सारे जरूरी गुणों का भंडार है। इसके गुणों की बदौलत ही यह आजकल बड़े बड़े महानगरों से लेकर छोटे छोटे शहरों और गांवों तक में जादुई पेय माना जाने लगा है। पहले आमतौर पर किसी खास मौके पर या गर्मी के दिनों में ही लोग इसका सेवन करते थे। डॉक्टर भी उल्टी और अतिसार की स्थिति में नारियल का पानी पीने की सलाह देते थे। लेकिन अब हर किसी को यह बात मालूम है कि नारियल पानी हर मौसम में सेहत के लिए फायदेमंद है। यही वजह है कि आजकल सभी डायटीशियनों और चिकित्सकों द्वारा इसे सभी को पीने की सलाह दी जाती है। यह सेहत के लिए इसलिए भी फायदेमंद है क्योंकि यह वजन घटाने में सहायक है। अन्य पेय पदार्थों की तुलना में इसमें सबसे कम कैलोरीज होती हैं। नमकीन नींबू पानी और सादे पानी की तरह यह हल्का और प्यास बुझाने के लिए उपयुक्त होता है। नारियल पानी में पोटैशियम काफी मात्रा में पाया जाता है, जो लोग ज्यादा वजन की समस्या से परेशान होते हैं, उनमें निर्जलीकरण की आशंका रहती है। क्योंकि उनके शरीर में सोडियम पानी के रूप में संग्रहीत रहता है। ऐसे में पोटैशियम उनके शरीर के अतिरिक्त पानी को अवशोषित करता है। कुछ चिकित्सकों का मानना है कि नारियल पानी में शरीर के मेटाबोलिज्म के स्तर में वृद्धि करने की क्षमता होती है।

नारियल पानी पाचन क्रिया के लिए फायदेमंद होता है। यह जल्दी पचता है। यही वजह है किसी ऑपरेशन के बाद रोगी को ठोस भोजन देने से पहले नारियल पानी पीने की सलाह दी जाती है। इसमें इलेक्ट्रोलाइट्स, विटामिन, लवण और फ्लोराइड पर्याप्त मात्रा में होते हैं। यह गैस और सीने में जलन के रोगियों के लिए फायदेमंद होता है। उल्टी, दस्त के रोगियों को जब निर्जलीकरण हो जाता है, तब उस स्थिति में चिकित्सक उन्हें नारियल पानी पीने की सलाह देते हैं। इसमें यूरिक एसिड होता है। इसके अलावा यह कोलेस्ट्रॉल और वसा से रहित होता है। नारियल पानी में शरीर से अवशोषित होने वाले विभिन्न टॉक्सिन को निकालने की क्षमता होती है। नारियल पानी गुर्दे के पथरी को शरीर से निकालने में भी सहायक साबित होता है। इसके अलावा इसे पीने से गुर्दों की कार्यप्रणाली सुचारू होती है। इसमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट से शरीर में मौजूद रक्तचाप का स्तर नियंत्रित होता है और यह दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है।

**व्रत के दिनों में नारियल का पानी पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है।**

नारियल के पानी में भले ही कैलोरीज कम होती हैं लेकिन इससे हमें ऊर्जा भी मिलती है और यह एक स्वादिष्ट पेय भी होता है। इसलिए व्रत में जब कुछ न खाने के कारण हमें खाने का बहुत मन होता है, उस समय नारियल का पानी हमारे मन को काबू रखने में सहायक होता है। इसमें मौजूद तत्वों से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। लेकिन जिन लोगों को गुर्दे से संबंधित कोई बीमारी हो, उन्हें व्रत में भी नारियल पानी डॉक्टर की सलाह के बाद ही पीना चाहिए। इसलिए नारियल पानी का उपयोग व्रत के दौरान करना हमारे शरीर और स्वास्थ्य के लिए बहुत ही उपयोगी है। नारियल पानी व्रत के साथ ही उल्टी, दस्त, अतिसार आदि में भी कर सकते हैं। सामान्य दिनों में भी अगर आप नारियल पानी का प्रयोग करते हैं, तो यह हमारे को डिटॉक्स करता है जिससे हमारे तन-मन को एक कुदरती तंदुरुस्ती मिलती है।

## आप की बात

### गरीबी खत्म करने का प्रयास

उत्तर प्रदेश सरकार ने गरीबी निवारण के लिए अनेक प्रयास शुरू किये हैं जो कि जरूरी है। इससे गरीबी खत्म होगी। पहले भी कई योजनाएं संचालित हैं। शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं। एक-एक प्रोजेक्ट पांच-पांच, छह-छह साल तक निर्माणाधीन स्थिति में पड़े रहते हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वह भी तब जब निर्माण गतिविधियों से रोजगार में भारी वृद्धि होती है और अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है तब हाउसिंग प्रोजेक्ट में इतनी देरी समझ से परे है। घरों के निर्माण में इतनी ही देरी होती रही तो लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में हर साल 50 लाख घरों का निर्माण होता रहे तो अगले चार-पांच साल में सभी को घर मिल सकता है। उत्तर प्रदेश में फिलहाल हाल के वर्षों में इस योजना काम तेज हुआ है और लाखों गरीबों को घर मिला है। यह अच्छी बात है लेकिन जिस तरह से सरकारी एजेंसियों नेकी कार्यप्रणाली है उससे लोगों को निराश होना पड़ता है।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### स्वास्थ्य सेवा बीमार

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## 15 तक शोधार्थियों से शिक्षकों के नाम व शोध अन्तर्वस्तु मांगे गये

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्री-पीएचडी कोर्सवर्क परीक्षा सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के उत्तीर्ण शोधार्थियों से प्रस्तावित शोध कार्य के लिए अन्तर्वस्तु एवं शोध शीर्षक मांगे गए। इसके अतिरिक्त उन्हें शोध निर्देशकों की संलग्नक सूची में से तीन शिक्षकों के नाम 15 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय की ई-मेल पर उपलब्ध कराना होगा।

उक्त तिथि के उपरांत शोधार्थियों से मांगे प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर प्री-पीएचडी कोर्स परीक्षा के उत्तीर्ण शोधार्थियों से प्रस्तावित शोध कार्य के लिए अन्तर्वस्तु एवं शोध शीर्षक के साथ शोध निर्देशकों में से तीन नाम 15 अक्टूबर तक मांगे गए है। इस सम्बन्ध में शोधार्थियों को पत्र निर्गत कर दिया गया है।

अपेक्षा की गई है कि उक्त तिथि तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उसके उपरांत शोधार्थियों के प्रपत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि उक्त से सम्बन्धित सूचना विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## नहीं रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रणजीत लाल वर्मा

**अयोध्या।** फैजाबाद-अयोध्या बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता रणजीत लाल वर्मा का गुरूवार को निधन हो गया। उन्होंने अयोध्या स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन पर अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गयी। सरयू घाट पर उनके ज्येष्ठ पुत्र अधिवक्ता ध्रुवजीत वर्मा ने मुखाग्नि दी।

अंत्येष्टि में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से श्रीकांत द्विवेदी, अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जयप्रकाश श्रीवास्तव, व्यापारी नेता सुशील जायसवाल ,वरिष्ठ अधिवक्ता विश्वनाथ त्रिपाठी ,अधिवक्ता सत्यदेव सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता योगेश श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव सहित तमाम अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

# राम मंदिर के शिखर का निर्माण कार्य शुरू

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस पर श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर की प्रथम शिला का पूजन और प्रस्थापन किया गया। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि 161 फुट ऊंचे राम मंदिर के शिखर

● **अगले चार माह में पूरा होने की उम्मीद : नृपेंद्र मिश्र**

का निर्माण अगले चार महीने में पूरा होने की उम्मीद है। मिश्र ने एक बयान में कहा कि मंदिर के शिखर के निर्माण की शुरूआत के साथ ही परिसर में सात ऋषियों को समर्पित सात मंदिरों के निर्माण में भी तेजी आई है और इनके भी अगले चार महीने में बनकर तैयार हो जाने की सम्भावना है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के निर्माण में तेजी लाने के लिए गुरूवार से तीन दिवसीय समीक्षा बैठक की योजना बनाई गई है जिसमें मजदूरों की कमी होने पर उनकी संख्या बढ़ाने के तरीकों और जरूरत पड़ने पर तकनीकी टीम को विस्तार देने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी। बताते चलें कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की गयी थी।

नवंबर 2019 में उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने अयोध्या की विवादित जमीन को राम जन्मभूमि मंदिर बनाने के लिए एक ट्रस्ट को सौंपने का आदेश दिया था। वहीं, शीर्ष अदालत ने सरकार को सुन्नी वक्फ बोर्ड को मस्जिद बनाने के लिए किसी अन्य स्थान पर पांच एकड़ जमीन देने का भी निर्देश दिया था।

## स्कूली बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के ग्राम आदिलपुर मजरे ईश्वर दुबे का पुरवा निवासी एक युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची इनायत नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि ग्राम आदिलपुर मजरे ईश्वर दुबे निवासी सुनील पाल (23) पुत्र स्वर्गीय छब्बर पाल शहर से आ रहे अपने बहनोई राजीव पाल को लाने के लिए इनायत नगर जा रहा था। रास्ते में मवई खुर्द शुक्लन के पुरवा के पास तक उनके जीजा इनायत नगर से आ चुके थे, वहीं मिल गए। वहीं पर सुनील एवं अपने बाइक पर उनकी बैग रखकर रोड के किनारे खड़ा था।

तभी पीछे से आ रही एक निजी स्कूल की बस ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से घायल सुनील पाल को इलाज के सीएचसी मिल्कीपुर ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## दीवानी न्यायालय में मनायी महात्मा गांधी और शास्त्री जी की जयंती



**बहराइच।** जनपद न्यायालय, बहराइच स्थित मीटिंग हाल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती मनाई गयी। जयन्ती कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, बहराइच संजय कुमार तृतीय व प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बहराइच पवन कुमार शर्मा द्वितीय द्वारा माल्यार्पण किया गया। प्रथम अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश श्री शर्मा द्वारा उपस्थित न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारीगण को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। उन्होंने बताया कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही यह भी बताया गया कि पर्सनल हाईजीन के अतिरिक्त अपने परिवेश को भी स्वच्छ रखा जाय। जिससे हम कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों से बच सकते हैं। जनपद न्यायालय एवं आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने हेतु भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायालय बहराइच के न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विराट शिरोमणि द्वारा बताया गया कि न्यायालयों में लंबित वादों के मध्यस्थता हेतु अधिक से अधिक संख्या में वादों को एडीआर भवन में संचालित सुलह समझौता केन्द्र वादों को संदर्भित किया जाय जिससे कि उन वादों को सुलह समझौता के आधार पर उनका निस्तारण किया जा सके।

# ईंट से लदी ट्रैक्टर-ट्राली पलटी चालक समेत मजदूर की मौत



**रुदौली-अयोध्या।** कोतवाली रुदौली क्षेत्र के ग्राम सुलेमपुर के इन्टरलाकिंग ईट कारखाने से ईट लेकर ग्राम विकावल जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से चालक समेत एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल तीन मजदूरों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली से जिला अस्पताल भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह लगभग 9 बजे प्रधानमंत्री सड़क की पटरी के किनारे इंटरलॉकिंग ईट लगाने के लिए ग्राम सुलेमपुर से ग्राम विकावल तेज गति से ट्रैक्टर ट्राली ईट लेकर जा रही थी। इसी दौरान ट्रैक्टर ट्राली विकावल गांव के निकट मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके नीचे चालक भगवत प्रसाद (40) पुत्र संतराम निवासी कुर्मिन पुरवा टीकर और मजदूर रघुवीर उम्र (48) पुत्र राम पाल निवासी सुलेमपुर दब गए। घटना स्थल पर ही दोनों की मौके पर मौत हो गई। वहीं ट्राली पर बैठे मजदूर विक्रांत पुत्र प्रवेश कुमार निवासी सुलेम कोतवाली रुदौली, विष्णु पुत्र राम राज निवासी भेलसर कोतवाली रुदौली, सुनील कुमार पुत्र संतराम निवासी विकावल कोतवाली रूदौली ट्राली के नीचे दबकर घायल हो गए। आस पास के पहुंचे ग्रामीणों ने ट्रैक्टर ट्राली को सीधा कर लोगों को निकाला। सूचना मिलने पर पहुंचे कोतवाल संजय मौर्य ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ मदन बर्नवाल ने बताया विक्रांत, विष्णु और सुनील को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# श्रीमद् भागवत कथा अमृत कथा है: डॉ. स्वामी राघवाचार्य



जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** रामकथा पार्क में तीन कलश तिवारी मंदिर धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ संतो महंतों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कथा के प्रथम दिवस जगद्गुरु रामानुजाचार्य डॉ. स्वामी राघवाचार्य महाराज श्रीमद् भागवत कथा के महात्मा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा अमृत कथा है, जिसके श्रवण से मनुष्य भवसागर के पार हो जाता है। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस पर अयोध्या के पंडित उमापति त्रिपाठी द्वारा प्रतिष्ठित वशिष्ठपीठ पंडित शिवेश्वरपति त्रिपाठी, श्रीषपति त्रिपाठी और महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी के सौजन्य से श्रीअवध धाम में कथा का आयोजन किया गया है। कथा शुभारंभ के पहले मुख्य यजमान पंडित शिवेश्वरपति त्रिपाठी ने व्यासपीठ पर विराजमान जगतगुरु स्वामी. डॉ राघवाचार्य का पूजन अर्चन कर आरती उतारी। उसके उपरांत उपस्थित संत महंतों का पूजन-अर्चन किया। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने सभी संतो महंतो एवं भक्तों का स्वागत सत्कार कर आभार जताया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज के शिष्य महंत कमलनयन दास महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जीवन का कल्याण करती है। अयोध्या धाम में कथा श्रवण से कई गुना पुण्य बढ़ जाता है। रामकथा कुंज पीठाधीश्वर रामानंद दास महाराज ने कहा कि तिवारी मंदिर अयोध्या की प्रतिष्ठित पीठ है। इनके द्वारा श्रीअवध धाम में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जो भी श्रवण करेंगे निश्चित ही उन्हें पुण्य प्राप्त होगा। श्रीमद्भागवत कथा जगत का कल्याण करती है। जब धाम में यह कथा हो तो सबका कल्याण होता हैं। जानकी घाट बड़ा स्थान के महंत जन्मेजय शरण, सुग्रीव किला पीठाधीश्वर विश्वेशपन्नाचार्य, बड़ा भक्तमाल पीठाधीश्वर महंत अवधेश कुमार दास महाराज ने अपने आशीर्वचन प्रदान किया। संचालन रामकथा और भागवत कथा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता आचार्य राधेश्याम शास्त्री ने किया। इस अवसर पर अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, संत एमबी दास, रामनंदन दास, सहित सैकड़ो संत महंत और भक्तगण उपस्थित रहे। तिवारी मंदिर के रुद्रेश तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया।

## चकबंदी प्रक्रियाधीन ग्रामों में आयोजित होगी ग्राम चौपाल

**बहराइच।** बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी सुखेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रदेश के चकबन्दी आयुक्त भानुचन्द्र गोस्वामी एवं जिलाधिकारी मोनिका रानी के आदेश पर चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों में ग्राम वासियों की चकबन्दी सम्बन्धी समस्याओं की सुनवाई एवं निस्तारण हेतु माह अक्टूबर में निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम चैपाल का आयोजन होगा। श्री सिंह ने बताया कि मुख्य राजस्व अधिकारी/उपसंचालक चकबन्दी देवेन्द्र पाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम चैपाल में एस.ओ.सी. सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर ग्रामवासियों की समस्याओं का समाधान कराएंगे ।ग्राम चैपाल आयोजन हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार 04 अक्टूबर को तहसील पयागपुर के ग्राम गांगूदेवर, 07 को उधरना ठकुराईन, 14 को लख्खारामपुर, 16 को मानिकपुर कलां, 23 को राजापुर गिरन्ट में 24 अक्टूबर 2024, तहसील महसी के ग्राम मैकूपुरवा में 09 व बभनौटी उर्फ शहर गोलागंज में 21 अक्टूबर, तहसील कैसरगंज के मंझारा तौकली में 10 अक्टूबर व मीरपुर कोनिया में 28 अक्टूबर तथा तहसील नानपारा के ग्राम बेलामकन में 18 अक्टूबर 2024 को ग्राम चैपाल आयोजित होगी।

## दूसरा तेंदुआ भी पिंजड़े में हुआ कैद



**बहराइच।** जिले के सुजौली रेंज में लगे पिंजड़े में बुधवार रात को पिंजड़े में कैद कर लिया गया है। उसे रेंज कार्यालय ले जाया गया है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग क्षेत्र के गांवों में तेंदुआ हमला कर रहा था। सुजौली रेंज के गांवों में एक बच्ची और बुजुर्ग महिला को तेंदुआ ने घायल कर दिया था। इस पर वन विभाग की ओर बुधवार को पिंजड़ा लगाया गया था ।बीती रात 10 बजे के आसपास तेंदुआ पिंजड़ा में कैद हो गया। सुजौली रेंज के अयोध्यापुरवा गांव में पिंजड़े में कैद हुए तेंदुए को वन विभाग की ओर रेंज कार्यालय लाया गया है। डीएफओ बी0 शिव शंकर ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण के बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी। डब्लूडब्लूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन ने बताया कि देर रात में तेंदुआ को पिंजड़े में कैद किया जा सका है। जिसे स्वास्थ्य परीक्षण के बाद जंगल में छोड़ा जाएगा।

# पंचायती राज विभाग की समीक्षा के लिए डीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न



**बहराइच।** पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के त्वरित क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, सचिव ग्राम पंचायतों के साथ विकासखण्डवार की जा रही समीक्षा की कड़ी में ब्लाक शिवपुर व महसी की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने डीपीआरओ को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायतों में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण व ई-रिक्शा का क्रय न वाले ग्राम पंचायत सचिवों का वेतन आहरित न किया जाय।

डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि अवशेष ग्राम पंचायतों में 15 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से ई-रिक्शा क्रय की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाय। डीएम ने एडीओ पंचायत को निर्देश दिया कि वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक निर्मित स्वच्छ शौचालयों का सत्यापन कर आख्या मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध करा दें। विभागीय योजनाओं को गति प्रदान करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह सचिवों के साथ बैठक पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करें। बैठक के दौरान सीडीओ को यह भी निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन 02-03 जिला स्तरीय को ग्रामों में भेजकर पंचायती राज विभाग द्वारा निर्मित कराये गये पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल व अन्य निर्माण कार्यों स्थलीय सत्यापन कराया जाय। सभी एडीओ पंचायत व सचिवों को निर्देश दिये गये कि ब्लाकों को आवंटित किये गये बजट के सापेक्ष तत्काल निर्माण प्रारम्भ करा दें तथा स्वय अपने स्तर पर मानीटरिंग भी करते रहें।

# पार्टी से बड़ा कोई नहीं, कमल हम सब का प्रत्याशी: गोरखनाथ

जिला संवाददाता(vol)

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने इनायतनगर में एक प्रेस वार्ता कर अपने कार्यकाल में करायें गये विकास कार्यों और भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं एवं उपलब्धियां गिनाईं। पत्रकारों की मांग पर छात्रों के अध्ययन के लिए

● **उपचुनाव में भारी मतों से जीतकर विकास की मुख्य धारा से जुड़ेगा मिल्कीपुर**

तहसील मुख्यालय पर एक पुस्तकालय एवं पत्रकारों के लिए एक प्रेस क्लब बनवाने का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक ने कहा कि अपने कार्यकाल में क्षेत्र की बिजली की समस्याओं के निराकरण हेतु तीन विद्युत सब स्टेशन स्वीकृत कराया था। शीघ्र ही इसका निर्माण शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन को पत्र लिखकर अमानीगंज में लंबित पॉलिटेक्निक का निर्माण कार्य शुरू कराया। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए डीली सरैयां में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया। छुट्टा जानवरों की समस्या के निराकरण के लिए गांव स्तर पर अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का निर्माण कार्य चल रहा है। अंजरौली और कोटिया में स्थाई गोवंश आश्रय स्थलों के निर्माण का भी रास्ता साफ हो गया है जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। मिल्कीपुर के सभी गांव को पक्की सड़क से जोड़ने का काम चल रहा है। जो सड़कें खराब थी सबका नवीनीकरण कराया जा रहा है गड्ढा मुक्ति अभियान भी चल रहा है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम ने हमें निराश किया है लेकिन मिल्कीपुर विधानसभा का अन्य विधानसभा क्षेत्र की अपेक्षा प्रदर्शन अच्छा रहा है और अब जनता बहकावे में नहीं आने वाली है उपचुनाव में भाजपा भारी मतों से विजई होगी, और मिल्कीपुर विकास की मुख्य धारा से जुड़ेगा।

पत्रकारों ने पुस्तकालय और प्रेस क्लब की मांग उठाई तो पूर्व विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर आपकी मांग को पूरा करने का प्रयास करूंगा। उपचुनाव के मद्देनजर जब पत्रकारों ने प्रत्याशी चयन को लेकर सवाल किया तो पूर्व विधायक ने कहा कि हम सब कमल के लिए काम कर रहे हैं हम सबका प्रत्याशी कमल है हमें भरोसा है की पार्टी हमें मौका देगी लेकिन पार्टी से बड़ा कोई नहीं है पार्टी जिसे उम्मीदवार बनाएगी हम सभी उसे जिताएंगे।

## चोरी की चार बाइक जब्त, एक गिरफ्तार



**बहराइच।** नवाबगंज थाने की पुलिस ने अन्तर्जनपदीय बाइक चोरी का खुलासा किया है। पुलिस टीम ने चोरी की चार बाइक संग एक अंतर्जनपदीय बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। जबकि बरामद बाईकों को सीज कर फरार अन्य साथी की तलाश की जा रही है। पकड़ा गया चोर श्रावस्ती, बहराइच, लखनऊ में बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देता था ।पुलिस अधीक्षका वृंदा शुक्ला के निर्देशन में नवाबगंज थानाध्यक्ष शीला यादव द्वारा बाइक चोरों की तलाश की जा रही थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उप निरीक्षक अशोक कुमार जायसवाल, उप निरीक्षक अशोक चतुवेर्दी, रणजीत यादव, हेड कांस्टेबल राधेश्याम यादव, जितेंद्र राज,स्वतंत्र विक्रम सिंह और भोला यादव की टीम ढोढे नहर पुलिया मार्ग पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि वाहन जांच के दौरान पुलिस ने कागजात मांगे तो वह नहीं दिखा सका। काफी सख्ती के बाद बाइक चोरी की बात कही। इस पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम माधव राम पुत्र आज्ञा राम सम्मननगर धर्मनगर नवाबगंज बताया। उसने बताया कि यह बाइक उसने श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाना अंतर्गत भगवानपुर गांव निवासी अर्जुन पासी पुत्र दयाराम से लिया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों मिलकर श्रावस्ती, बहराइच और लखनऊ में बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। अब तक दो बाइक नेपाल में बेचने की बात स्वीकार भी किया गया हैं। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने तीन और बाइक बरामद की। एसपी ने बताया कि बरामद चोरी की बाइक को सीज कर दिया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। फरार सहयोगी की पुलिस तलाश तेजी से कर रही है।

# श्रीराम लीला महोत्सव शोभायात्रा का नगर में भव्य स्वागत



**बहराइच।** नगर में रामलीला की तैयारियां जोर शोर से शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को श्री मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी के तत्वावधान में छावनी स्तिथ पंचायती मंदिर से शोभायात्रा निकाली। जिसकी शुरूआत श्री देवी गुल्लावीर, श्री राम जानकी मंदिर, श्री सिद्धनाथ मंदिर में पूजनोपरांत हुई ।नगर में शोभा यात्रा को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शोभायात्रा का शुभारंभ कमेटी अध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल, कमल शेखर गुप्ता, संतोष अग्रवाल, विनोद कोठारी, राज कमल गुप्ता,जयजय अग्रवाल, राधारमण यज्ञसैनी,दीपक सोनी दाऊ जी,राधेश्याम त्रिपाठी, राहुल राय,सुदामा मिश्रा, श्रवण शुक्ला, पिंटू जैन और समाजसेवी हेमा निगम, राकेश मित्तल, निशा शर्मा, अशोक सैनी ने नारियल तोड़ कर किया ।शहर के कई जगहों पर लोगों ने शोभा यात्रा का फूल मालाएं पहनाकर एवं स्वरूप की आरती कर प्रसाद वितरण के साथ स्वागत किया। शोभा यात्रा छावनी से होते हुए घण्टाघर ,चौक बाजार, मीराखेल पुरा, गुदड़ी बाजार, काजीपुरा, बशीर गंज आदि क्षेत्रों से होती हुई रामलीला ग्राउंड पर जाकर समाप्त हुई। यात्रा में अनेका अनेक मनमोहक झाकियों ने लोगों का मन मोह लिया। यात्रा के साथ चल रहे बैंड, कीर्तन, मंडली पार्टी ने लोगों को आकृषित किया। रामलीला कमेटी में बाहरी एवं स्थानीय कलाकारों में जगदम्बा सोनी, मुरारी लाल भारद्वाज द्वारा मुख्य भूमिका निभाई जाती है। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी मंचीय लीला हो रही है जो कि दर्शकों में अत्यधिक लोकप्रिय रहती है।

# अग्रवाल महिला सभा ने भारतीय संस्कृति के बिखेरे रंग

जिला संवाददाता(vol)



**बहराइच।** भारत को त्यौहारों का देश कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इन त्यौहारों को जिंदा रखने के लिए अग्रवाल महिला सभा ने उत्सव नाम से एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें देश के विभिन्न उत्सवों को नृत्य के रूप में प्रस्तुत किया गया।

अभिनन्दन बैंक्वेट हाल में सम्पन्न इस कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से प्रारम्भ हुई उसके बाद विभिन्न प्रकार की नाट्य प्रस्तुतियां भी पेश की गई बाहुबली की प्रस्तुति ने लोंगों का मन मोह लिया ।इसके अतिरिक्त लोक गीतों पर भी कई नृत्य पेश किए गए तथा बच्चों का फैंसी ड्रेस कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को और अधिक मनोरंजक बनाने के लिए हाउजिंग गेम भी खेला गया।

इस सम्बंध में अग्रवाल महिला सभाध्यक्ष ज्योति बन्सल ने बताया कि श्री श्री अग्रसेन महाराज की जयन्ती के उपलक्ष्य में अग्रवाल महिला सभा हर वर्ष कार्यक्रम करता है उसी परिपेक्ष में इस वर्ष भारतीय सभ्यता व संस्कृति को दिखाने का एक छोटा सा प्रयास किया गया।

उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत भारत के विभिन्न त्यौहार, उत्सव एवम फसल कटाई में भी जो उत्सव होते है वह सभी दिखाने का प्रयास किया गया है तथा कथकली, मोहिनी अट्टम व भांगड़ा आदि विभिन्न प्रकार त्यौहार दिखाने का भी प्रयास किया है ।कार्यक्रम विशेष अतिथि नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने अपने सम्बोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हमारी संस्कृति की शक्ति बढ़ती है।

कार्यक्रम संरक्षक स्नेहा डालमिया, सचिव नेहा अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, शकुन घिड़िया,आशा दोचानिया सुमन गोयल, ईशा केडिया, कुसुम बालाजी आदि ने भी बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।

## खंडासा पुलिस पर लगा तहरीर बदलवाने का आरोप

**अयोध्या।** खंडासा पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट न होने से कंदई कला निवासी एक फरियादी ने पुलिस उपमहानिरीक्षक अयोध्या को पत्र लिखकर पुलिस अभिरक्षा में दुबारा डॉक्टरी करवाए जाने व विपक्षी पर कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

थाना खंडासा क्षेत्र स्थित कंदई कला निवासी राम जी गुप्ता ने पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि विगत 18 सितंबर को गांव के ही मुकेश मिश्रा व आशीष रात्रि 8:30 बजे घर से बाहर बुलाया। जैसे ही घर से बाहर निकला दोनो मिलकर अचानक लात घूसों से जमकर मारने लगे और जब पिता जग प्रसाद गुप्ता बीच बचाव के लिए आए तब उनके सिर पर सरिया व राड से हमला कर दिया।

मां गुहार लगाते हुए बीच बचाव में आई तब उनके कान से सोने की बाली नोच कर उनको भी भद्दी भद्दी गालियां दी। पीड़ित अपने घायल पिता को लेकर पहुंचा तो मौके पर मौजूद खंडासा थाने के एक पुलिसकर्मी ने कहा की जैसा मैं कहूं वैसा लिखो तभी प्राथमिकी दर्ज होगी।

## शारदीय नवरात्र पर 21 कन्याओं का सामूहिक विवाह करायेगी श्री मां समय दुर्गा पूजा समिति

**बहराइच।** श्री मां समय दुर्गा पूजा समिति गायत्री नगर आंख अस्पताल के सामने शारदीय नवरात्र पर 21 कन्याओं का 16वां सामूहिक विवाह समारोह आयोजित कराएगी। इसके अतिरिक्त पूजा स्थल पर अन्य विविध कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है ।यह जानकारी पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि उनकी समिति पिछले 16 वर्षों से शारदीय नवरात्रि के मौके पर 21 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करती आई है। इस बार भी कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर ली गई है।

उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में श्री सिद्धनाथ पीठ के महंत महामंडलेश्वर रवि गिरि जी महाराज नए जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। समारोह की विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी मोनिका रानी तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला होंगी। नए जोड़ों को समिति की गृहस्थी की वस्तुएं उपहार स्वरूप दी जाती हैं।

अन्य कार्यक्रमों में नवरात्र के पहले दिन मां जगदंबे की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा सुंदरकांड एवं प्रसाद वितरण, बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, मां भगवती का विशाल जागरण, फूलों से महाश्रृंगार एवं 101 कन्याओं द्वारा महा आरती शामिल हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महामंत्री हरजीव अग्रवाल, संदीप सोनी मामा, रवि प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार साहू, उपाध्यक्ष हरिमोहन साहू समेत अनेक पदाधिकारियों का सक्रिय योगदान है।

संक्षेप

## श्रीकृष्ण जन्मस्थान के ट्रस्टी डालमिया परिवार का वृक्ष कटान प्रकरण से कोई संबंध नहीं

मथुरा (मधुसूदन शर्मा)। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के ट्रस्टी का कहना है कि वृंदावन क्षेत्र के डालमिया बाग में हरे वृक्ष काटने वाले प्रकरण का उनसे कोई सरोकार संबंध नहीं है। इस संबंध में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव ने पत्र जारी किया है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान के जीर्णोद्धार में विशिष्ट सेवा प्रदान करने सहित, अनेकानेक पुण्य कार्यों से सन्त-वैष्णव का स्नेह प्राप्त, सुप्रसिद्ध डालमिया परिवार अथवा डालमिया औद्योगिक ग्रुप का कोई सम्बन्ध डालमिया फार्म वृन्दावन से नहीं है। श्री शर्मा ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए। वन और ब्रज को पृथक-पृथक नहीं देख सकते, स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज और इसके वन में विशिष्ट लीलाओं के दर्शन कराए एवं इनकी महिमा को उद्घाटित किया है। श्री शर्मा ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकरण से जुड़े डालमिया लोगों से सुप्रसिद्ध डालमिया परिवार के लोगो का कोई लेना देना नही है। ज्ञात रहे की विष्णु हरि डालमिया परिवार के तीन सदस्य जन्म स्थान के ट्रस्टी हैं।

# चित्र-विचित्र के भजनों पर झूमा दीनदयाल धाम

## चार दिवसीय जन्मोत्सव मेला का हुआ समापन



मथुरा। बुधवार की सायं को भजन संध्या में चित्र- विचित्र महाराज के भजन गायन से फरह दीनदयाल धाम मेला में भक्ति की धारा बह निकली। श्रोता भजनों पर मंत्र मुग्ध होकर झूमते रहे। इस भक्ति धारा के साथ ही पं० दीनदयाल उपाध्याय के चार दिवसीय जन्मोत्सव मेला का समापन हो गया। लोक कला और लोक संस्कृति को समर्पित चार दिनी जन्मोत्सव मेला में इस बार चारों दिन जहां एक ओर आध्यात्म की गंगा वहीं तो दूसरी ओर आज के ज्वलंत विषयों वायु प्रदूषण, पर्यावरण, भूमि और जल संरक्षण पर चर्चा करवाकर जनसामान्य खासकर ग्रामीण परिवेश में पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई गई।

भारतीय समाज से विलुप्त हो रहीं भारत की प्राचीन विधा जिकड़ी भजन, रसिया दंगल, लोक गायन और लोक नृत्य को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं जोड़ते हुए पुनर्जीवित करने का महती प्रयास मेला के माध्यम से हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक गायन, बधाई गीत और नौबत के माध्यम से जहां ग्रामीण महिलाओं को मंच के माध्यम से अपनी-अपनी प्रतिभाओं को दिखाने का अवसर मिला। तो वहीं दूसरी ओर राष्ट्र निर्माण में मातृ शक्ति की भूमिका विषय पर गोष्ठी करवाकर नारी सशक्तिकरण को आगे बढ़ाया। कवि सम्मेलन भी युवाओं में राष्ट्रवाद की भावना भरने में भी सफल रहा। जहां एक ओर हवन, संकीर्तन, सुंदर कांड पाठ, भजन और अध्यात्मिक प्रवचन सभा से मेला में अध्यात्म की गंगा बहती रही तो दूसरी ओर गौ पूजन कार्यक्रम से लोगों को गौ पालन और गौ सेवा के लिए प्रेरित किया गया। मेला में जहां संस्कारों की सरिता बही तो संस्कृति, कृषि और गांव संवर्धन की झलक भी दिखाई दी। चार दिनी मेला के दौरान लगभग एक लाख से अधिक लोगों ने मेले का आनंद लिया। दानाखेगा निवासी क्षेत्रपाल शर्मा को जल सेवा देने के लिए समिति द्वारा मंच से सम्मानित किया गया। मेला के आखिरी दिन की शाम चित्र- विचित्र के भजनों पर झूमती रही और श्रद्धालु तालिया बजाते हुए भजनों का आनंद लेते रहे। भजन गायन गायक चित्र-विचित्र की जोड़ी ने ने भजनों की ऐसी तान छेड़ी कि दीनदयाल धाम झूम उठा। कजरारे मोटे-मोटे तेरे नैन.... और सामरे को दिल में बसा कर तो देखो.... भजन की प्रस्तुति पर समूचा मेला पंडाल तालिया की गड़गड़ा से गूंज उठा।

## नवरात्रि व्रत के खान-पान व फलाहार की शुद्धता के लिए टीमों का गठन

फिरोजाबाद। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से प्राप्त नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत व्रत के आहार फलाहार की शुद्धता सुनिश्चित कराये जाने से सम्बन्धित आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी के निर्देशन में सहायक आयुक्त (खाद्य)-2, फिरोजाबाद चन्दन पाण्डेय द्वारा जिले भर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की 02 टीमों का गठन किया है तथा टीम को व्रत आहार कुट्टू का आटा सिंघाड़े का आटा साबूदाना, फलाहार इत्यादि में मिलावट की रोकथाम हेतु मिलावट के श्रोतों को चिन्हित करने तथा व्रत के उपयोग में आने वाले फलों को ठेल पर सड़े गले दूषित फलों को मौके पर ही विनष्ट कराये जाने आदि जैसे कड़ी कार्यवाही के निर्देश निर्गत किये गये हैं।

सहायक आयुक्त (खाद्य)-2, फिरोजाबाद चन्दन पाण्डेय द्वारा आगामी त्यौहारों पर खाद्य पदार्थों में मिलावट पर रोकथाम हेतु मिलावट की अभिसूचनाएं एकत्रित करने के लिये जिलाधिकारी एवं मण्डलीय सहायक आयुक्त (खाद्य), सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी से निर्देश प्राप्त कर एवं विचार विमर्श कर एक अन्य टीम का गठन किया है, जो औचक निरीक्षण कर मिलावट के श्रोतों को चिन्हित करेगी तथा जॉचोपरान्त उन प्रतिष्ठानों पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जाएगी। नवरात्रि एवं आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सहायक आयुक्त (खाद्य)-2, फिरोजाबाद चन्दन पाण्डेय द्वारा समस्त जनपद वासियों से अपील की है कि उपवास व्रत में अत्यधिक तले भुने और गरिष्ठ भोजन से परहेज किया जाए, बाजार में बिकने वाले पैक्ड पदार्थों पर बैच नम्बर निर्माण तिथि एक्सपायरी डेट निमार्ता का पता एफएसएसएआई लाइसेंस नम्बर देखकर ही खरीदा जाए एवं खुले खाद्य पदार्थों में ताजा होने की पुष्टि कर ली जाए। उन्होंने व्यापार मण्डल पदाधिकारियों से भी अपील की है कि वह व्रत की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए खान पान की चीजों में शुद्धता बरकरार रखने के लिये खाद्य कारोबारियों को प्रोत्साहित करने में सहयोग प्रदान करें तथा कारोबारियों को जाने अनजाने में भी लापरवाही न बरतने के लिये जागरुक करें। आम जनमानस की मिलावट पर शिकायतों के निस्तारण हेतु वाट्सअप नम्बर 9458235661 जारी किया गया है। अपराहन 12 से 5 बजे तक मिलावटों की शिकायतें उक्त नम्बर पर प्रेषित की जा सकेंगी। शिकायत जनहित में सही पाये जाने, मिलावट पाने पर शिकायत कर्ता की पहचान गुप्त रखते हुए कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## मिशन शक्ति अभियान फेस-5 के तहत पिंक बूथ का शुभारम्भ



फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के विशेष अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना दक्षिण क्षेत्र की सुहागनगर चौकी पर पिंक बूथ का शुभारम्भ ज्ञानलोक इंटर कालेज की कक्षा 11 की छात्रा एलिश द्वारा फीता काटकर किया गया। अभियान के शुभारंभ के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा बताया गया कि पिंक बूथ पर महिला पुलिसकर्मी नियुक्त होंगी जो कि वन स्टॉप फैसीलिटेड के तहत कार्य करेगा जिसमें महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा से सम्बन्धित समस्याओं का तत्काल निदान करते हुए अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतों को सम्बन्धित विभाग को प्रेषित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने अवगत कराया गया कि मिशन शक्ति फेज -05 के तहत महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा के तहत उनको विभिन्न टोल फ्री नम्बरों, सोशल मीडिया प्लेटफार्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब), साइबर सम्बन्धी अपराध आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा। शुभारम्भ के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक दक्षिण मय पुलिस टीम व ज्ञानलोक इंटर कॉलेज की शिक्षिकाएँ छात्राएँ मौजूद रहीं।

## मथुरा रिफाइनरी ने मनायी गांधी जयंती




मथुरा। स्वच्छता के संदेश को अपनाते हुए आज मथुरा रिफाइनरी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। गांधी जयंती कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख अजय कुमार तिवारी ने इस अवसर पर उपस्थित सभी रिफाइनरी कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि बापू न केवल भारत की स्वतंत्रता के अग्रदूत थे बल्कि उनका पूरा जीवन हमारे लिए एक प्रेरणा है। सत्य के साथ उनके प्रयोग आज भी प्रासंगिक हैं। श्री तिवारी ने कहा कि गांधी जी ने अपना पूरा जीवन भारत और भारतीयों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बिताया और सभी को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बापू का यह कथन की- स्वच्छ्ता भक्ति के समान है- बहुत महत्वपूर्ण है और हमें इसे आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान, मुकेश शर्मा, महामंत्री, मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ व रविन्द्र यादव, सचिव, ऑफिसर्स एसोसिएशन ने सभी को संबोधित कर, राष्ट्रपिता के जीवन के वृतांत साझा करते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आग्रह किया। बापू के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर रिफाइनरी की महिला कर्मियों ने दान उत्सव की शुरूआत की जिसमे जरूरतमंद बैकों के लिए पुस्तकें और स्टेशनरी सामानों को इकठ्ठा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य महाप्रबंधकों, महाप्रबंधकों, विभागाध्यक्षों और रिफाइनरी कर्मियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## बच्चों ने पौधे लगाकर उनको संरक्षित करने का लिया संकल्प

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में देव स्थली एकेडमी स्कूल, सिरसागंज में प्रबंधक विनोद अवस्थी और जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बच्चों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि अत्यधिक प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है। जिसके संतुलन के लिए प्रकृति को संरक्षित करने के लिए पौधारोपण के साथ उनका संरक्षण भी आवश्यक है। वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग समस्त विश्व के लिए अत्यंत घातक समस्या है। जिससे बचाव के लिए पौधारोपण एवं उनका संरक्षण ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने आम जनमानस से आह्वान किया कि आओ पर्यावरण बचाएं, सभी के जीवन को बेहतर बनाएं। उन्होंने बताया कि फ्रेऑन्स ओजोन परत के लिए अत्यंत घातक है।

## ईडी का फर्जी असिस्टेंट डायरेक्टर साथी संग गिरफ्तार

मथुरा। मथुरा महानगर की एक पॉश कालौनी में फर्जी ई.डी अधिकारी बनकर सर्राफ के घर डकैती डालने वाले शातिर अपरधियों के गैंग नेटवर्क को लगातार एसएसपी के तेज तर्रार टीम ध्वस्त करने में लगी हुई है। बीतीरात गोविन्दनगर पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में गैंग के मुख्य सरगना सागर वर्मा उर्फ हनी व साथी तरूण पाल उर्फ चिन्टू मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार किया है। एसएसपी शैलेश पांडे ने बताया कि पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रात्रि में राधापुरम वार्डर तिराहा मथुरा-वृन्दावन रोड थाना गोविन्दनगर क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ में सागर वर्मा उर्फ हनी पुत्र वीरेन्द्र सिह निवासी 2597 एच ब्लाक ग्राउण्ड फ्लोर सेक्टर 49 फरीदाबाद थाना डबुआ कालौनी जिला फरीदाबाद, तरूण पाल उर्फ चिन्टू पुत्र नवरत्न हाल निवासी 367 चाची का मन्दिर पीतमपुर नई दिल्ली मूल निवासी 371 न्यू मुल्तान नगर बागपत रोड थाना ट्रान्सफोर्ट नगर जिला मेरठ को घायल कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से दो अवैध तंमचे और कारतूस बरामद किये है।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर हुआ वृद्ध माताओं का सम्मान



मथुरा। अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर कृष्ण कुटीर वृन्दावन मथुरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप्र. राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डा. बबीता चैहान रही। कृष्ण कुटीर वृन्दावन मथुरा में निवासरत वृद्ध माताओं द्वारा नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से अपनी परिवार से अलग रहने की वेदना को व्यक्त किया गया। इस दौरान श्रीमती श्रुति शुक्ला उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी/उप निदेशक आगरा मण्डल आगरा, नागेन्द्र पाल सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, श्रीमती बुद्धि मिश्रा जिला कार्यक्रम अधिकरी, वन स्टॉप सेन्टर वृन्दावन, सुश्री शिल्पा मुरगई प्रशासनिक अधिकारी कृष्ण कुटीर तथा लगभग 300 वृद्ध माताओं द्वारा उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

उप्र. राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ0 बबीता चैहान ने कहा भारतीय संस्कृति के अनुसार माता-पिता देव तुल्य होते हैं और देवताओं को घर में रखकर पूजा जाता न कि इस तरह समाज में अपमानित होने के लिए छोड़ दिया जाता है। वर्तमान समय में परिवारों में आपसी प्रेम में सामंजस्य की कमी देखी जा रही हैं। जिसके चलते परिवारों में विवाद होते है और इस प्रकार वृद्ध माता पिता को घर से निकाल दिया जाता है।

कृष्ण कुटीर वृन्दावन मथुरा संस्थापक सुशील चन्द्र त्रिवेदी जब उनके द्वारा ऐसी तिरस्कृत वृद्ध महिलाओं को देखा गया। तो उनका मन विचलित हो उठा और विचार करने लगे कि भविष्य ऐसी स्थिति उनके साथ भी उत्पन्न हो सकती है। तब उनके मन में वृद्धा आश्रम संचालन का विचार आया। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र ने कहा जिला प्रशासन सदैव वृद्धजनों के सम्ममान और उनके हित के लिऐ प्रतिबद्ध है। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित मा0 अध्यक्ष जी, समस्त अधिकारीगणों, पत्रकार बन्धुओं, वृद्ध माताओं आदि को प्रतिभाग करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## मिशन शक्ति 5 अभियान शुरू कर बालिकाओं को किया जागरूक



टूंडला। महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति और अपराधों पर नियंत्रण व महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने हेतु 90 दिनों के लिए मिशन शक्ति अभियान गुरुवार से शुरू हो गया है। जिसके क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक रवि शंकर प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकार टूंडला अनिवेश कुमार के नेतृत्व में व थाना प्रभारी टूंडला अनुज कुमार की अध्यक्षता में बीजा देवी छोटेलाल बालिका इंटर कॉलेज ग्राम नगला लल्लू थाना क्षेत्र टूंडला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें निरीक्षक अपराध कृष्णपाल स्वरूप, उ0नि0 महेंद्र सिंह म0उ0नि0 अलवीना पठान व निशा बंसल, है0का0 निशान्त आरक्षी वंदना, भवतोष, ग्राम प्रधान संजय कालेज की प्रधानाध्यापिका अन्य स्टाफ व आंगनवाड़ी द्वारा मिशन शक्ति 5.0 का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं व बालिकाओं को साइबर अपराध से बचने हेतु जागरूक किया गया। बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रही योजनाओं, हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी दी गयी और साथ ही साथ पुलिस विभाग द्वारा एक साथ मिलकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से छात्राओं के साथ रैली निकाली गई? साथ ही साथ छात्राओं से फीडबैक लिया गया तो उन्होंने बताया कि समय-समय पर हमारे स्कूल में भी पुलिस विभाग के द्वारा मिशन शक्ति व ऑपरेशन जागृति आदि कार्यक्रम होते रहते हैं। इनसे हमें हमेशा कुछ ना कुछ नया सीखने को मिलता है।

## झरना नाला को पार करते समय बीच रास्ते में ही रस्सी टूट गयी और दो युवक बह गये

आगरा। एत्मादपुर क्षेत्र के झरना नाला में दो युवक बह गए। मामला कुछ इस प्रकार है। पंचमुखी मंदिर के पास झरना नाला है। नगला मोठ गांव के रहने वाला संजय और राजेश खेत पर काम कर रही पत्नी को खाना देने के लिए जा रहे थे। दोनों रस्सी के सहारे झरना नाला को पार कर रहे थे। अचानक बीच रास्ते में ही रस्सी टूट गई.। बहाव तेज होने पर दोनों नाले में बह गए. संजू की पत्नी ने यह देखकर शोर मचा दिया और वह भी आनन फानन में दोनों को बचाने के लिए नाले में कूद गई. उसने आसपास के लोगों की मदद से नाले में बह रहे राजेश को बाहर निकाल लिया लेकिन संजू तेज बवाहव में बह गया. सूचना पर एसडीएम संगम लाल गुप्ता, तहसीलदार मान्धाता प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे. गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की जा रही है।

## पल्लीवाल जैन महासभा ने मनाया क्षमावाणी पर्व



आगरा। क्षमापर्व का पावन दिन, भव्य भावना का त्योहार, विगत वर्ष की सारी भूलें, देना आप बिसारह्ण्इन वचनों के साथ अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा शाखा आगरा ने आयोजित किया पल्लीवाल जैन मेला, क्षमावाणी पर्व, वृद्धजन सम्मान, प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह एवं रक्तदान शिविर। बुधवार को लोहामंडी स्थित महाराजा अग्रसेन सेवा भवन पर आयोजित समारोह का शुभारंभ विमलेश जैन, उषा जैन और नितिन ने जैन ध्वजारोहण कर किया।

मेले में होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ जगदीश प्रसाद, आकाश, अलंक्रित जैन ने किया। प्रतिभा निखार हेतु दिनभर ड्राइंग- पेंटिंग, मेहंदी, शतरंज आदि प्रतियोगिताएं चलती रहीं। विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ ज्ञान कुमार, सौरभ जैन ने किया। श्रीजी चित्र अनावरण शिखर चंद जैन, संजय कुमार, वीरेंद्र कुमार, अंसुल, वंदना जैन ने किया। दीप प्रज्जवलन राजकुमार, विमल कुमार, मंजीत, रविंद्र जैन ने किया। मंगलाचरण शास्त्री सौरभ जैन और अरुण जैन द्वारा किया गया। दशलक्षण व्रत धारण करने वाले 25 लोगों को सोमा और रेखा जैन द्वारा सम्मानित किया गया। इसके बाद 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर समाज को अपने अनुभवों से दिशा निर्देशित करने वाले 20 बुजुर्गों का सम्मान माया, राहुल, आशिका जैन की ओर से किया गया। गृहस्थ जीवन का त्याग कर सन्यास धारण करने वाले संत और साध्वी जी के परिवार सम्मानित किए गए। जिसमें रिखव चंद जैन, मुन्ना लाल एवं एम पी जैन और विमल एवं अजीत जैन सम्मानित हुए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सहित गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों से भी सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री प्रमेंद्र जैन ने आगामी वर्ष की कार्य योजनाओं पर प्रकाश डाला। दो चरणों में हुए प्रतिभा प्रोत्साहन सम्मान में 28 मेधावी छात्र-छात्राओं को विशाल, दीपक, पंकज और करन जैन के सहयोग से सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत दसवीं, 12 वीं, स्नातक, स्नाकोत्तर, व्यवसायिक पाठ्यक्रम में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

## डिजिटल अरेस्ट के चलते सरकारी स्कूल टीचर की मौत

आगरा। शहर में डिजिटल अरेस्ट के 4 घंटे में ही एक सरकारी स्कूल टीचर की मौत हो गई। साइबर ठग ने सरकारी स्कूल की टीचर को धमकाया। तुम्हारी बेटी को सेक्स रैकेट में पकड़ा गया है। 1 लाख रुपए ट्रांसफर कर दो, नहीं तो वीडियो वायरल कर देंगे। फोन कॉल में पुलिस इंस्पेक्टर की तस्वीर थी।

टीचर परेशान हो गई। उन्होंने बेटे को 1 लाख रुपए ट्रांसफर करने को कहा, लेकिन उससे पहले ही हार्ट अटैक आ गया। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। लेकिन बचाया नहीं जा सका। बेटे ने पूरे मामले में कॉल डिटेल और साक्ष्य पुलिस को सौंपे हैं। अब पुलिस कॉल करने वाले शख्स को ट्रेस करने का प्रयास कर रही है। कहा जा रहा है कि डिजिटल अरेस्ट में यह पहली मौत है। मामला आगरा के शाहगंज अलबतिया का है।

15 मिनट में 1 लाख भेजने को कहा सुभाष नगर में रहने वाली मालती वर्मा राजकीय कन्या जूनियर हाईस्कूल अछनेरा में टीचर थीं। 30 सितंबर की दोपहर 12 बजे उनके मोबाइल पर वॉट्सऐप कॉल आई। कॉल करने वाले ने पुलिस वर्दी में तस्वीर लगा रखी थी। देखकर यही लग रहा था कि यह कॉल किसी थाने से है। मालती ने कॉल रिसीव की। उधर से कहा गया- आपकी बेटी को पुलिस ने सेक्स रैकेट में पकड़ा है। अभी पुलिस ने उसे लिखा-पढ़ी में शामिल नहीं किया है। आपकी बहुत बदनामी हो सकती है। इसलिए आपको कॉल कर रहे है अगर आप चाहती हो की फोटो वीडियो वायरल न हो। अगर आप चाहती है कि केस न दर्ज हो। तो तुरंत 1 लाख रुपए हमें भेज दें। फोन करने वाले शख्स ने इसके बाद एक नंबर भी भेजा। दोबारा कॉल करके 15 मिनट में रुपए भेजने के लिए फिर धमकाया। कहा- रुपए नहीं आए तो बेटी जेल चली जाएगी।

## जमीन पर कब्जा किये जाने को लेकर पीड़ित परिवार सहित तहसील में धरने पर बैठा




टूंडला। दबंगों द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा करने को लेकर पीड़ित परिवार सहित तहसील परिसर में धरने पर बैठ गया जहां पीड़ित ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंप कार्यवाही की मांग की है। पूरा मामला तहसील टूंडला परिसर का है जहां गुरुवार को थाना पचोखरा क्षेत्र के गांव सिकरारी निवासी दिनेश बघेल पुत्र पूरन सिंह बघेल गांव के ही विपक्षियों द्वारा उसकी जमीन पर कब्जा करने और धमकियां देने को लेकर परिवार सहित तहसील परिसर में धरने पर बैठ गया। जहां उपजिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में उसने बताया है कि गांव के ही विपक्षीगण प्रेमशंकर पुत्र अमर सिह, प्रमोद कुमार पुत्र रूस्तम सिंह, सतीश बघेल पुत्र ख्यलीराम अजय धनगर पुत्र हरी किशन रिषीपाल अमोद पुत्र वलवीर सिंह बवलू पुत्र तालेवर सिह महेन्द्रपाल पुत्र हरदेव सिंह उपेन्द्र सिंह पुत्र दिनेश चन्द्र बच्चू पुत्र सोनीराम द्वारा उसकी जमीन गाटा सं० 113 मौजा प्रतापपुर में है। जिसका उसके पक्ष में कोर्ट का आदेश पारित है। फिर भी जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते है। और उस पर प्राण घातक हमला किये है। उक्त लोगों के खिलाफ थाना पचोखरा में तीन मुकदमा दर्ज है। जिसमे कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। वह मजबूर होकर परिवार सहित धरने पर बैठा है। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी से न्याय और विपक्षियों पर कार्यवाही की मांग की है। जिस पर अधिकारियों ने कार्यवाही का आश्वासन दिए जाने पर पीड़ित ने धरना समाप्त किया और कहा कि अगर प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की तो वह परिवार सहित पुनः धरने पर बैठ जाएगा।

## 'नवधा फिल्मोत्सव' का आयोजन 5 को

मथुरा। सिनेमा और संस्कृति परस्पर रूप से जुड़े हुए हैं। यह साझी विरासत है जो दो धाराओं को आपस में बांधती है। भारतीय सभ्यता और संस्कृति के वैश्विक प्रसार एवं प्रचार के लिए सिनेमा एक सशक्त माध्यम है क्योंकि भारतीय अस्मिता की झलकियां सिनेमा में मिलती है और भारतीय सिनेमा भारतीयता की अनूठी पहचान है। सह प्रांत प्रचार प्रमुख कीर्ति कुमार ने बताया कि भारतीय फिल्मों में अपनी संस्कृति और स्वभाव, अपनी समस्याएं और चुनौतियों का समाधान अपने तरीकों से हो, समाज में राष्ट्रभाव जाग्रत हो। ऐसे ही समाज में जागरण उत्पन्न करने वाले कलात्मक लोगों को एक मंच पर लाने के लिए विश्व संवाद केन्द्र, ब्रजप्रांत द्वारा समय-समय पर फिल्म फेस्टीवल का आयोजन किया जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए ह्णगौ-आधारित जीवन-दर्शन तथा गाय के सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक महत्व को समाज में प्रसारित करने हेतु विश्व संवाद केन्द्र, ब्रज प्रान्त के संयोजकत्व में दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति द्वारा बी.एस.ए. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मथुरा में 05 अक्टूबर, 2024 को ह्णनवधा फिल्मोत्सवह्ण का आयोजन किया जा रहा है। कीर्ति कुमार ने बताया कि नवधा फिल्मोत्सव में गाय की पीड़ा, गाय और गांव, आस्था का प्रतीक गाय, अर्थव्यवस्था की रीढ़ गाय, समृद्धि का परिचायक गाय, प्राचीन काल से गाय का महत्व तथा भारतीय संस्कृति में गाय का महत्व, इन विषयों पर इस फिल्मोत्सव में लघु फिल्म निमार्ताओं को आमंत्रित किया था। नवधा फिल्मोत्सव में प्रदर्शित करने हेतु उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड के विभिन्न जिलों से प्राप्त फिल्मों में से 22 लघु फिल्मों का चयन किया गया है। नवधा फिल्मोत्सव में चयनित लघु फिल्मों में से जूरी द्वारा उत्कृष्ट लघु फिल्मों का चयन कर प्रथम पुरस्कार के रूप में 51,000/-, द्वितीय पुरस्कार 11000/-, तृतीय पुरस्कार 5100/- और सांत्वना पुरस्कार 1,000/- की घोषणा की जाएगी। नवधा फिल्मोत्सव के बारे में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 94122 50301 एवं 87917 77345 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## बीएसए इंजी. कॉलेज में हुआ पोषण माह का समापन



मथुरा। जनपद मथुरा में पोषण माह का भव्य समापन समारोह कार्यक्रम बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मॉट विधायक राजेश चैधरी एवं राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर देवेन्द्र शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक राजेश चैधरी ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ता बहुत मेहनत और निष्ठा से कार्य करती है किन्तु उन्हें मिलने वाला मानदेय काफी कम है। राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने भी कार्यकताओं के लिए यही विचार व्यक्त किए। मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने अपने संबोधन में कार्यकताओं के कार्य की प्रशंसा की और उनके द्वारा बच्चों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने मिशन निरंतर सैम और मिशन सुपोषण हंड्रेड के अंतर्गत चिन्हित क्रमशः 143 एवं 645 कुपोषित बच्चों को 3 माह में कुपोषण से मुक्त करने के लिए कार्यकताओं की प्रशंसा की तथा केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया। समापन कार्यक्रम में पोषण रेसिपी प्रतियोगिता, हाथ से बने खिलौनों की प्रतियोगिता तथा पोषण क्विज प्रतियोगिता का फाइनल राउंड भी आयोजित किया गया। रेसिपी प्रतियोगिता में कार्यकताओं ने श्री अन्य से बने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए, जिसका अतिथियों ने स्वाद लिया और भरपूर प्रशंसा की। सभी प्रतियोगिताओं में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता प्रतिभागी ने प्रतिभाग किया। पोषण रेसिपी प्रतियोगिता में बलदेव की कार्यकर्ता सुनीता सक्सेना को प्रथम स्थान एवं नंदगाँव की कार्यकर्ता जय श्री को द्वितीय स्थान मिला। पोषण क्विज प्रतियोगिता में राया परियोजना की कार्यकर्ता रामवती को प्रथम स्थान और शहर परियोजना की रेखा सिंह को द्वितीय स्थान मिला। हाथ से बने खिलौनों की प्रतियोगिता में नंदगाँव की मंजू को प्रथम स्थान और नंदगाँव की हेमलता को द्वितीय स्थान मिला। सभी को प्रशस्ति पत्र के साथ आकर्षक पुरस्कार भी दिए गए। संभव अभियान और पोषण माह के दौरान कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य प्रबंधन में अच्छा कार्य करने वाली कार्यकर्ता शशि बाला ,मुखनवती , सुनीता शर्मा ,रामवती ,मिथिलेश, कृष्णा ,बबीता और भगवती को आज सम्मानित किया गया। पोषण माह में गतिविधियों की सर्वाधिक फीडिंग कराने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी ,जिला पूर्ति अधिकारी ,मुख्य चिकित्साधिकारी ,पंचायत राज अधिकारी और अधिशासी अभियंता जल निगम को सम्मानित किया गया।

## गांधी जयंती पर बैन के बावजूद बिक रहा था मीट, कई दुकानदारों को पकड़ा

आगरा। गांधी जयंती को लेकर अहिंसा दिवस पर प्रतिबंध के बावजूद भी मीट बेचने पर नगर निगम प्रशासन ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक दुकानदारों से दो लाख आठ हजार रुपये का जुमार्ना वसूला है। निगम की कार्रवाई का बोदला में दुकानदारों ने विरोध कर हंगामा भी किया। तो निगम अधिकारियों को पुलिस बुलानी पड़ी। नगर निगम की ओर से की गई इस कार्रवाई से मीट विक्रताओं में हड़कंप मचा रहा। कार्रवाई के कुछ ही समय बाद पूरें शहर में मीट की दुकानें बंद हो गयीं।

संक्षेप

## द ग्रेट इंडियन कपिल शो पर दिखेंगे वर्ल्ड कप चैंपियन

नई दिल्ली। नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो के सीजन 2 के एपिसोड में, वर्ल्ड कप चैंपियन ने कई मजेदार और दिल को छू लेने वाले किस्से सुनाए, जिससे दर्शकों को ऐसा लगा कि मानो क्रिकेट टीम खुद ट्रॉफी पकड़े हुए उनके सामने हैं।हंसी, पुरानी यादों और अविस्मरणीय यादों के बीच, यह एपिसोड टी-20 वर्ल्ड कप जीतने की मजेदार, अप्रत्याशित यात्रा और इन खिलाड़ियों के अपने परिवारों, फैंस और एक-दूसरे के साथ अविश्वसनीय बॉंड का एक सही मिश्रण था। वर्ल्ड कप चैंपियन को देखें द ग्रेट इंडियन कपिल शो पर रात 8 बजे, सिर्फ. नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

## टाटा प्ले बिंज पर दिखायी देगा कई ओटीटी हिट

मुम्बई। टाटा प्ले बिंज पर, एक सब्सक्रिप्शन, एक लॉगइन और एक ही ऐप के अंदर देख सकते हैं, अनन्या पांडे की कॉल मी बे। एक्शन थ्रिलर, तनाव सीजन 2 में देखने को मिला मानव विज और अरबाज खान का दमदार अभिनय। वहीं ताजा खबर सीजन 2, लव सितारा, जट्ट एंड जूलियट 3 ने भी इस माह मनोरंजन करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ये सभी ओटीटी ऐप्स देखने के लिए टाटा प्ले बिंज की सदस्यता लें। टाटा प्ले बिंज प्लेटफॉर्म पर एक ही सदस्यता में 30 से अधिक राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय ओटीटी ऐप्स और खेलों का आनंद लिया जा सकता है। 249/- रुपये प्रतिमाह में 30 से अधिक ऐप्स में से अमेजन प्राइम और किन्हीं भी 6 ऐप्स की सदस्यता मिलती है। टाटा प्ले डीटीएच सदस्य डीटीएच चैनलों के साथ नेटफ्लिक्स की सदस्यता भी ले सकते हैं।

## एसएसएफ और कैपरी ने शुरू किया स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

नई दिल्ली। सिंपली स्पोर्ट फाउंडेशन (एसएसएफ) जो कि भारत में जमीनी स्तर से खेलों का विकास करने वाला गैर-लाभकारी संगठन है, महिला प्रीमियर लीग में प्रतिस्पर्धा करने वाली यूपी वॉरियर्स, भारतीय महिला क्रिकेट टीमके समर्थन करने के लिए और कैपरी स्पोर्ट कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर), जिसने सिंपली पीरियड्स की पहल को सफलतापूर्वक लॉन्च किया, की पहल के लिए धन्यवाद करता है। इस व्यापक पहल का उद्देश्य मासिक धर्म स्वास्थ्य, सांस्कृतिक पाबंदियों जैसी महत्वपूर्ण समस्याओं और वे एथलेटिक के प्रदर्शन को कैसे प्रभावित करते हैं, इसका समाधान करके 1000 से अधिक महिला एथलीटों को सशक्त बनाना है। इस पहल की वर्कशॉप शिक्षा, सहायता और व्यावहारिक उपकरणों पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य राज्य भर में महिला एथलीटों के समग्र कल्याण और एथलेटिक विकास में सुधार करना है।

## पंजाब ग्रिल ने पेश की नवरात्रि थाली

नई दिल्ली। नवरात्रि का नौ दिवसीय त्योहार पर पंजाब ग्रिल की नवरात्रि थाली एक बेहतरीन विकल्प है, जो एक स्वादिष्ट और संतोषजनक दावत पेश करती है। पंजाब ग्रिल के बेहद कुशल शेफ द्वारा तैयार की गई यह थाली सात्विक सामग्री, समृद्ध बनावट और प्रामाणिक उत्सव के स्वादों के बीच एकदम सही संतुलन बनाती है। नवरात्रि थाली के अलावा, पंजाब ग्रिल कानपुर, इंदौर और अहमदाबाद में अपने रेस्तरां में विशेष शुद्ध शाकाहारी मेनू* भी पेश कर रहा है। इस मेनू का प्रत्येक व्यंजन शुद्धता और सरलता के सिद्धांतों को सम्मानित करता है, जिससे भोजन करने वाले एक संपूर्ण पौष्टिक और स्वादिष्ट अनुभव का आनंद ले सकते हैं। व्रत रखने वालों या नवरात्रि के उत्साह को महसूस करने की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए, यह शुद्ध-शाकाहारी मेनू पूरे त्योहार के मौसम में पोषण और स्वाद का एक अद्वितीय मिश्रण प्रदान करता है।

## ए23 का सबसे बड़ा रमी महोत्सव शुरू

नई दिल्ली। ए23 (हेड डिजिटल वर्क्स), जिसके 70 मिलियन से भी ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर्स है, उसने इस त्यौहारों की धूम की शुरूआत करते हुए अ23 रमी महा मेला (लैंडिंग पेज का लिंक) की घोषणा की है। यह सौ दिनों तक चलने वाला ऑनलाइन रमी इवेंट 5 अक्टूबर से 12 जनवरी 2025 तक चलेगा। यह मेला अपने प्रकार का पहला और इस त्यौहार के सीजन का सबसे बड़ा ऑनलाइन रमी इवेंट होगा, जिसमें पूरे भारत के रमी प्रेमियों के लिए कई रोमांचक पुरस्कार और बेहतरीन अनुभव भी होंगे।

# सेंसेक्स में 1,769 अंकों की गिरावट



मुंबई। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से पैदा हुई चिंता के बीच घरेलू स्तर पर शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को चौतरफा बिकवाली हुई और मानक सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक टूट गए। सेंसेक्स में 1,769 अंक और निफ्टी में 547 अंक की भारी गिरावट दर्ज की गई।

विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी कोषों की सतत निकासी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। यह शेयर बाजार में गिरावट का लगातार चौथा दिन रहा। बड़ी गिरावट के बीच निवेशकों की संपत्ति एक ही दिन में 9.78 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 1,769.19 अंक यानी 2.10 प्रतिशत गिरकर 82,497.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,832.27 अंक टूटकर 82,434.02 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 546.80 अंक यानी 2.12 प्रतिशत का गोता लगाते हुए 25,250.10 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, मारुति, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स और एचडीएफसी बैंक में खासी गिरावट दर्ज की गई। बाजार की चौतरफा गिरावट का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से अकेले जेएसडब्ल्यू स्टील ही बढ़त लेने में सफल रही। इजराइल पर ईरान की तरफ से बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने के बाद घरेलू बाजारों में तेज गिरावट आई। दरअसल, अब इजराइल की तरफ से तेल उत्पादक ईरान पर जवाबी कार्रवाई करने की आशंका बढ़ गई है जो इस संघर्ष को बड़ा रूप दे सकता है। वायदा एवं विकल्प खंड के लिए सेबी के नए नियमों ने भी बाजार में सौदों की संख्या कम होने से जुड़ी चिंता बढ़ाने का काम किया है।

### एक ही दिन में निवेशकों को लगी 9.78 लाख करोड़ की चपत

नयी दिल्ली। चौतरफा बिकवाली के बीच शेयर बाजार के दो प्रतिशत से अधिक टूट जाने से बृहस्पतिवार को निवेशकों के 9.78 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन बड़ी गिरावट के बीच 4.65 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से पैदा हुई चिंता के बीच 1,769.19 अंक यानी 2.10 प्रतिशत गिरकर 82,497.10 अंक पर बंद हुआ। यह शेयर बाजार में गिरावट का लगातार चौथा दिन रहा।

# रुपया 14 पैसे टूटकर 83.96 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 14 पैसे टूटकर 83.96 (अस्थायी) पर बंद हुआ। घरेलू मुद्रा में भारी गिरावट अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और घरेलू शेयर बाजार में दो प्रतिशत से अधिक की भारी गिरावट के कारण हुई।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों के अनुसार, मजबूत अमेरिकी मुद्रा तथा चीन के बाजारों में तेजी से विदेशी कोषों की निकासी से रुपये की धारणा कमजोर हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.91 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 83.97 प्रति डॉलर के दिन के निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में 14 पैसे की गिरावट के साथ 83.96 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तीन पैसे की गिरावट के साथ 83.82 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि कमजोर घरेलू बाजारों और मजबूत डॉलर के कारण रुपये में गिरावट आई। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने भी घरेलू मुद्रा पर दबाव डाला। चौधरी ने कहा कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति तथा इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच डॉलर के मजबूत होने से रुपये में मामूली नकारात्मक रुझान के साथ कारोबार हो सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 101.91 हो गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75.13 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर, सेंसेक्स 1,769.19 अंक गिरकर 82,497.10 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 546.80 अंक टूटकर 25,250.10 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को शुद्ध रूप से 5,579.35 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# हिमाचल में एडीबी देगा 16.2 करोड़ डॉलर का कर्ज

नयी दिल्ली। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने हिमाचल प्रदेश में पर्यटन से संबंधित विकास परियोजनाओं के लिए 16.2 करोड़ डॉलर के कर्ज को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी।

एडीबी के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी विवेक विशाल ने कहा कि यह परियोजना विरासत और सांस्कृतिक स्थलों को उन्नत और संरक्षित करके, नई सुविधाओं की स्थापना करके और पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करके राज्य की पर्यटन क्षमता को बढ़ाएगी। एडीबी ने हिमाचल प्रदेश में पर्यावरण अनुकूल और समावेशी पर्यटन विकास परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए 16.2 करोड़ डॉलर के कर्ज को मंजूरी दी है। हिमाचल प्रदेश में पर्यावरण अनुकूल एवं समावेशी पर्यटन विकास परियोजना के तहत मंडी और हमीरपुर जिलों में विरासत और सांस्कृतिक केंद्रों को बढ़ावा दिया जाएगा, कुल्लू में नग्गर कैसल का जीर्णोद्धार किया जाएगा, सार्वजनिक स्थलों और आधुनिक पर्यटक सुविधाओं का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, कांगड़ा में सम्मेलन केंद्र और सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा और कुल्लू, हमीरपुर एवं कांगड़ा में पर्यटन सुविधाओं में सुधार किया जाएगा। इन सुधारों में सौर प्रकाश व्यवस्था और इलेक्ट्रिक वाहन जैसे हरित समाधान शामिल होंगे।

# कोयला उत्पादन पहली छमाही में 32 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। निजी इस्तेमाल वाले तथा वाणिज्यिक दोनों कोयला ब्लॉक से कोयला उत्पादन चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-सितंबर अवधि में 32 प्रतिशत बढ़कर 7.972 करोड़ टन (एमटी) हो गया।

गत वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में निजी इस्तेमाल वाले (कैप्टिव) तथा वाणिज्यिक दोनों कोयला ब्लॉक से कोयला उत्पादन 6.052 करोड़ टन था। कोयला आपूर्ति में सालाना आधार पर 34 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 6.537 करोड़ टन से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 8.786 करोड़ टन हो गई। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही



यानी एक अप्रैल 2024 से 30 सितंबर 2024 के दौरान निजी इस्तेमाल वाले तथा वाणिज्यिक दोनों कोयला ब्लॉक से कोयला उत्पादन व आपूर्ति में सालाना आधार पर उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। कोयला उत्पादन सितंबर 2023 के 1.040 करोड़ टन से 32 प्रतिशत बढ़कर पिछले महीने 1.374 करोड़ टन हो गया। इसी तरह, सितंबर महीने में आपूर्ति में सालाना आधार पर 47 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो पिछले साल के 96.8 लाख टन से बढ़कर इस साल 1.427 करोड़ टन हो गई। कोयला मंत्रालय ने कहा कि वह कोयला कंपनियों और उद्योग भागीदारों सहित सभी हितधारकों के अमूल्य सहयोग के लिए उनके प्रयासों की सराहना करता है। मंत्रालय ने कहा कि वह सभी कोयला ब्लॉक आवंटियों को चुनौतियों से निपटने और उनके संचालन को अनुकूल बनाने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसका प्राथमिक उद्देश्य कोयला उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि करना है।

# पीएनबी का दूसरी तिमाही में कर्ज वितरण 13 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में ऋण वितरण 13 प्रतिशत बढ़कर 10.64 लाख करोड़ रुपये हो गया।

पीएनबी ने शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। 30 सितंबर, 2023 के अंत तक बैंक का कुल अग्रिम 9.41 लाख करोड़ रुपये था। बैंक ने बताया कि कुल जमा राशि 11.41 प्रतिशत बढ़कर 14.59 लाख करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही के अंत में यह 13.09 लाख करोड़ रुपये थी। बैंक का कुल कारोबार 30 सितंबर, 2023 के अंत के 22.51 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़कर 25.23 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस बीच, निजी क्षेत्र के ऋणदाता यस बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसका ञ्ण वितरण सितंबर तिमाही में 13 प्रतिशत बढ़कर 2.36 लाख करोड़ रुपये हो गया जबकि एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में यह 2.09 लाख करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन अवधि में यस बैंक की जमा राशि 18 प्रतिशत बढ़कर 2.77 लाख करोड़ रुपये हो गई। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के अंत में बैंक का तरलता कवरेज अनुपात 131.9 प्रतिशत रहा।

# बिजली निर्यात के त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर

काठमांडू। बांग्लादेश को बिजली निर्यात करने के लिए नेपाल, बांग्लादेश और भारत ने लंबे समय से प्रतीक्षित त्रिपक्षीय समझौते पर बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

समझौते के अनुसार, नेपाल हर साल 15 जून से 15 नवंबर तक भारत के रास्ते बांग्लादेश को अपनी अतिरिक्त बिजली का निर्यात करेगा। भारत, नेपाल से बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति करने की व्यवस्था करेगा। पहले चरण में नेपाल भारतीय भूभाग के रास्ते बांग्लादेश को 40 मेगावाट पनबिजली का निर्यात करेगा। नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) के अधिकारियों ने बताया कि बिजली की प्रति यूनिट दर 6.4 सेंट तय की गई है। बिजली के निर्यात से नेपाल को सालाना करीब 92 लाख डॉलर की आमदनी होगी। समझौते की शर्तों के अनुरूप



एनईए को प्रति यूनिट बिजली पर 6.40 अमेरिकी सेंट मिलेंगे। नेपाल और बांग्लादेश, भारत की पारेषण लाइन का इस्तेमाल अपने क्षेत्र में बिजली वितरण के लिए करेंगे। नेपाल के ऊर्जा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि समझौता ज्ञापन पर काठमांडू में एनईए के कार्यकारी निदेशक कुलमान घीसिंग, एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डीनो नारन और बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन मोहम्मद रिजवान करीम के बीच हस्ताक्षर किए गए। अधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर नेपाल के ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष सईदा रिजवाना हसन भी उपस्थित थीं।

## सूर्य कुमार के साथ उत्सव अभियान लॉन्च

नई दिल्ली। रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने नया अभियान बड़ा जश्न मनाएं पेश किया है। यह अभियान दिखाता है कि आज की युवा पीढ़ी विभिन्न उत्सवों को अपनी अनूठी शैली और ऊर्जा से कैसे संजो कर रखना चाहती है। अभियान का टैगलाइन - 'जनरेशन लार्ज का सेलिब्रेशन लार्ज' इस युवा पीढ़ी की इच्छा को ब्रांड की लिव इट लार्ज फिलॉसफी के साथ बखूबी जोड़ता है। इस अभियान की विशेषता भारत के टी20 क्रिकेट कप्तान सूर्यकुमार यादव है और यह एक एंगेजमेंट-केन्द्रित 360 डिग्री का अभियान है, जिसमें एक इंटरैक्टिव एआई कैंपेन, एक अभिनव एआर -सक्षम उत्सवी कैनवास और भारतीय क्रिकेट सुपरस्टार सूर्यकुमार यादव के साथ मनाने का अवसर शामिल है।

# मजबूत त्योहारी मांग से सोना 200 रुपये उछला, चांदी 665 रुपये चमकी

नयी दिल्ली। चालू त्योहारों के मौसम के लिए स्टॉकिस्टों और खुदरा उपभोक्ताओं की ताजा लिवाली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी लौट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, बहुमूल्य धातु का भाव 200 रुपये बढ़कर 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। मंगलवार को सोना 78,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 665 रुपये की तेजी के साथ 93,165 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम



पर बंद हुई थी। इसके अलवा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये बढ़कर 77,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। मंगलवार को पिछले बंद भाव में यह 77,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर सर्राफा बाजार बंद रहा था। व्यापारियों ने कहा कि नवरात्रि की शुरुआत में मांग बढ़ने से धारणा बेहतर हुई है। नवरात्रि के दौरान बहुमूल्य धातुओं की खरीद को शुभ माना जाता है। त्योहारों के व्यस्त मौसम के बीच आभूषणों की मांग में संभावित वृद्धि और कमजोर भारतीय रुपये ने भी घरेलू बाजार में सोने में तेजी को समर्थन दिया। इस बीच, वायदा कारोबार में, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में दिसंबर डिलिवरी वाले सोने का अनुबंध 440 रुपये या 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। हालांकि, एमसीएक्स में चांदी 225 रुपये या 0.25 प्रतिशत चढ़कर 91,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है।

पेज एक का शेष

## योनेक्स सनराईज

का उद्घाटन 4 अक्टूबर शुक्रवार की दोपहर दो बजे बतौर मुख्य अतिथि उप्र बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास और प्रसार भारती के चेयरमैन व उप्र बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल करेंगे।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री

आतिशबाजी में विस्फोट हो गया था। उसके खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया गया था।

नासिर ने अपने भाई नाजिम की ससुराल कल्याणपुर में पटाखा फैक्ट्री लगा दी। मकान की बेसमेंट व पहली मंजिल पर ससुराल वाले रह रहे थे, दूसरी मंजिल पर पटाखा बनाने का गोदाम बना लिया। बुधवार को नासिर की पत्नी सितारा, नाजिम की पत्नी फातिमा, रहमान शाही की पत्नी फातिमा रहमान शाह व बेटे वाहिद की पत्नी तबस्सुम पटाखा बना रहे थे। इस दौरान जब फातिमा पहली मंजिल पर चाय बनाने गई तो सिलेंडर में आग लगने से लपटें दूसरी मंजिल पर पहुंच गई। वहां रखे पटाखों व बारूद के ढेर में आग लगने से आग और धुएं का गुबार उठने लगा। तेज धमाके से पड़ोसी इसरार, पप्पू शाह मोहम्मद अहमद व रूखसर के कच्ची ईटों के बने मकान भी ढह गए। अचानक हुए धमाके से क्षेत्र में दहशत फैल गई। जिसने भी आवाज सुनी वह कुछ देर के लिए कुछ समझ नहीं पाया और कांप गया। उसके बाद गांव वाले घटना स्थल पर पहुंचे तो नजारा देख कर उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना पर आईजी रमित शर्मा, एसएसपी अनुराग आर्य, समेत पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। देर रात तक मलबे से सभी शवों को निकाल लिया गया।

21 सितंबर को नासिर के घर में छत पर पटाखों मे आग लगने से हादसा होने से बच गया था। उस दौरान नासिर की पत्नी व अन्य महिलाओं ने पानी डालकर आग को बुझा दिया था। उसके बाद पुलिस ने नासिर के खिलाफ मुकदजा तो दर्ज कर लिया लेकिन कार्रवाई नहीं की। अगर उसे पकड़ कर जेल भेज देती या उसके माल को जब्त कर लेती तो यह हादसा नहीं होता। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि इससंदर्भ में सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है, इनमें नासिर शाह, उसके चार भाई, ससुर रहमान शाह, वाहिद पुत्र रहमान शाह के नाम शामिल हैं, जबकि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गई है। घायलों का उपचार चल रहा है।

शहर के कई इलाकों में गुप-चुप ढंग से बनाये जा रहे पटाखे

शहर के कई इलाकों में चोरी चुपे अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे है। सूत्रों की मानें तो फरीदपुर में भी अवैध रूप से पटाखों को बनाने का काम चल रहा है। इसके साथ ही सुभाषनगर, हजियापुर, सतीपुर, पुराना शहर, कटी कुईया आदि जगह अवैध रूप से पटाखे बनाने का काम किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस को कच्चे माल की सप्लाई वालों को भी देखना होगा कि वह किस तरीके से फैक्ट्रियों को सप्लाई करते हैं।

## राष्ट्रीय कृषि

इस बीच, बिहार, असम और पश्चिम बंगाल से भी पाली, प्राकृत, असमिया और बांग्ला को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के प्रस्ताव प्राप्त हुए थे।

## अजहरुद्दीन को

अजहरुद्दीन को आठ अक्टूबर को पेश होने के लिए नया समन जारी किया गया है। यह जांच एचसीए में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी है। ईडी ने इस संबंध में पिछले साल नवंबर में छापेमारी की थी। इसने एचसीए के पूर्व पदाधिकारियों के परिसरों पर छापे मारे थे जिनमें एचसीए के पूर्व उपाध्यक्ष एवं क्रिकेटर शिवलाल यादव, कांग्रेस विधायक एवं एचसीए के पूर्व अध्यक्ष गद्दाम विनोद, एचसीए के पूर्व सचिव अरशद अयूब के परिसरों के अलावा एसएस कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के कार्यालय और इसके प्रबंध निदेशक (एमडी) सत्यनारायण का आवासीय परिसर शामिल थे।

सूत्रों ने बताया कि एचसीए अध्यक्ष के रूप में अजहरुद्दीन के कार्यकाल के दौरान उनकी भूमिका एजेंसी की जांच के दायरे में है। अजहरुद्दीन की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने पिछले साल तेलंगाना विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे। धन शोधन का यह मामला तेलंगाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा एचसीए के 20 करोड़ रुपये के कथित आपराधिक दुरुपयोग के संबंध में दर्ज की गईं तीन प्राथमिकी और आरोपपत्रों से संबंधित है। ईडी ने पहले बयान में कहा था, आरोपपत्र में हैदराबाद के उप्पल में निर्मित राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम के लिए डीजल जेनरेटर, अग्निशमन प्रणाली और छतरियों की खरीद में गंभीर अनियमितताओं के आरोप हैं।

## अमेठी में दो

दहशत फैल गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद वहां स्थानीय लोग भी जमा हो गए। आनन फानन में जख्मी चारों लोगों को सीएचसी सिंहपुर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। खबर मिलने पर आईजी प्रवीन कुमार, डीएम निशा अनंत, एसपी अनूप कुमार सिंह भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच जांच की। फोरेसिंक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए हैं। सूत्रों का कहना है कि शिक्षक सुनील कुमार व उनके परिवार की मुकदमें की रंजिश में हत्या की गई है। एसपी अनूप सिंह का कहना है कि शिक्षक परिवार पर कुछ लोगों ने फायरिंग कर दी, जिससे शिक्षक, उनकी पत्नी व दो बेटियों की मौत हो गई है। प्रथमदृष्टया जांच में पता चला कि सुनील कुमार ने रायबरेली कोवताली में चंदन वर्मा के खिलाफ छेड़छाड़ व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। जांच की जा रही है कि कहीं उस घटना का इस वारदात से कोई संबंध तो नहीं है। पुलिस की टीम लगाई गई हैं। संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। शिवरतनगंज के अहोरवा भवानी कस्बे में शिक्षक, उनकी पत्नी व दो मासूम बेटियों को मौत की नींद सुलाने वाले कातिलों ने अधाधुंध कई राउंड फायरिंग कर वाारदात को अंजाम दिया है। मौके से बरामद नौ खोखा व एक जिंदा कारतूस इसकी गवाही दे रहे हैं। हालांकि हत्यारे कितने और किस वाहन से घटना को अंजाम देने आए थे, इसके सिर्फ कयास लगाए जा रहे हैं। अहोरवा भवानी कस्बे के जिस मकान में शिक्षक परिवार रहता था।,उसके आसपास कई दुकानें हैं। लेकिन कोई घटना को लेकर कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है। पड़ोस में अमित मेडिकल स्टोर संचालित करने वाले राम मनोहन ने बताया कि उन्हें कुछ समझ में नहीं आया। गोलियों की आवाज सुनाई दी। तब वह चौकन्ना हुए। आसपास के लोग भी निकल आए। जिसके बाद इन लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

अब तक की पुलिसिया जांच में यही पता चला है कि रायबरेली कोतवाली में शिक्षक की पत्नी द्वारा दर्ज कराया गया मुकदमा ही घटना की मुख्य वजह है। सूत्रों का कहना है कि 18 अगस्त को चंदन वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। उसके बाद से ही शिक्षक परिवार ने रायबरेली छोड़ शिवरतनगंज के अहोरवा भवानी गांव में अपना ठिकाना बनाया था। इससे पहले शिक्षक सुनील कुमार प्रतिदिन अपडाउन करते थे। सुनील के साथी शिक्षक पवन कुमार ने बताया कि सुनील पहले रायबरेली से आते जाते थे, लेकिन पिछले करीब तीन माह से वह परिवार सहित यहीं रहने लगे थे। माना जा रहा है कि मुकदमा दर्ज कराने के बाद खतरों को देखते हुए शिक्षक ने अहोरवा भवानी में रहना शुरू किया।

## ब्रिटेन ने

में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला डिएगो गार्सिया कम से कम अगले 99 वर्षों तक ब्रिटेन और अमेरिका के अधिकार क्षेत्र में रहेगा। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा, आज का समझौता इस महत्वपूर्ण सैन्य अड्डे के भविष्य को सुरक्षित करता है। उन्होंने कहा, इससे वैश्विक सुरक्षा में हमारी भूमिका मजबूत होगी, हिंद महासागर को ब्रिटेन के लिए खतरनाक अवैध प्रवास मार्ग के रूप में इस्तेमाल किए जाने की किसी भी संभावना को समाप्त किया जा सकेगा। इसके अलावा, मॉरीशस के साथ हमारे दीर्घकालिक संबंध मजबूत होंगे। चागोस द्वीपसमूह के मुद्दे पर कई वर्षों से विवाद जारी था और इसका भविष्य तय करने के लिए कंजरवेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार ने 2022 में वार्ता शुरू की थी। विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा कि मॉरीशस के साथ किया गया समझौता वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य और हिंद महासागर तथा व्यापक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति व समृद्धि के लिए खतरों को टालने की ब्रिटेन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## भेदभावपूर्ण

सीजेआई ने कहा कि कुछ राज्यों में कैदियों की पहचान के आधार पर जेलों के शारीरिक श्रम, बैरकों का विभाजन किया गया है। उन्होंने कहा, हमने कहा है कि औपनिवेशिक काल के आपराधिक कानून औपनिवेशिक काल के बाद के दौर को भी प्रभावित करते हैं, संवैधानिक कानूनों को नागरिकों की समानता और गरिमा को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा, हमने (फैसले में) मुक्ति, समानता और जाति-आधारित भेदभाव के खिलाफ लड़ाई की अवधारणा पर भी चर्चा की है और कहा है कि इसे रातोंरात नहीं हासिल जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह अदालत जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ जारी संघर्ष में योगदान दे रही है और फैसले में संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) के तहत गैर-भेदभाव के पहलुओं पर गौर किया गया है। उन्होंने कहा कि फैसले के विश्लेषण के आधार पर कुछ भेदभाव-रोधी सिद्धांत उभर कर सामने आते हैं और ऐसे उदाहरणै प्रत्यक्ष, परोक्षे और रूढ़बिद्ध दोनों हो सकते हैं, जो इस तरह के भेदभाव को बढ़ावा दे सकते हैं। फैसले में कहा गया है, राज्य का इसे रोकने का सकारात्मक दायित्व है और अदालतों को परोक्ष और प्रणालीगत भेदभाव के दावों पर निर्णय लेना चाहिए...कैदियों को सम्मान प्रदान न करना औपनिवेशिक काल की निशानी है, जब उन्हें मानवीय गुणों से वंचित किया जाता था। संविधान में यह अनिवार्य किया गया है कि कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाना चाहिए और जेलप्रणाली को कैदियों की मानसिक और शारीरिक स्थिति के बारे में पता होना चाहिए। फैसले में कहा गया है कि यदि कैदियों से अमानवीय काम करवाया जाता है और उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है, तो इसके लिए राज्य उत्तरदायी होंगे। सीजेआई ने कहा, जातियों के प्रति घृणा और अवमानना ने ऐसी जातियों के प्रति अंतर्निहित और व्यापक पूर्वाग्रह को दर्शाया। औपनिवेशिक इतिहास से पता चलता है कि उनके प्रशासन में सामाजिक पदानुक्रम को आत्मसात किया गया था। फैसले में कहा गया, अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और विमुक्त जनजातियों के खिलाफ भेदभाव जारी है और अदालतों को सुरक्षात्मक कानूनों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि हाशिए पर पड़े लोगों को तकलीफ न हो। सीजेआई ने कहा, जातियों का इस्तेमाल हाशिये पर पड़े लोगों के खिलाफ भेदभाव करने के लिए नहीं किया जा सकता।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप

पूर्ण रूप से लागू किया जाएगा। केंद्र सरकार की नौकरियों में आरक्षण का नियम इस योजना में भी लागू होगा।

परियोजना के संचालन के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले स्वायत्त निकाय बीआईएसएजी-एन (भास्कराचार्य नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर स्पेस एप्लिकेशंस एंड जियो इंफॉर्मेटिक्स) के साथ भागीदारी की गयी है। सूत्रों ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से भागीदार कंपनियां इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर सकती हैं। पायलट परियोजना के लिए शीर्ष कंपनियों की पहचान पिछले तीन साल में उनके सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व) व्यय के औसत के आधार पर की गई है।




## संक्षेप

### पिकलबॉल चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण सहित चार पदक

मुंबई। वंशिक ने विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप में पुरुष एकल का स्वर्ण पदक हासिल किया जिससे भारत का बाली चरण में अभियान दो स्वर्ण और इतने ही रजत पदक के साथ समाप्त हुआ। खास बात है कि भारत के इन चारों पदक में वंशिक का योगदान रहा। उन्होंने पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद ईशा लखानी के साथ मिलकर 35 से अधिक उम्र के युगल वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। वंशिक ने इसके साथ ही तेजस के साथ पुरुष युगल और वृषाली के साथ मिश्रित युगल में रजत पदक जीत कर अपने अभियान को यादगार बनाया। स्वर्ण पदक विजेता ईशा और वंशिक ने कहा, ऐसे प्रतिष्ठित आयोजन में स्वर्ण पदक जीतना सपने के सच होने जैसा है।

### साद व श्रुति बैडमिंटन चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में

मुंबई। पुणे की शीर्ष वरीय साद धर्माधिकारी ने श्री नंदू नाटेकर मेमोरियल महाराष्ट्र राज्य सीनियर इंटर जिला (टीम) और राज्य बैडमिंटन चैम्पियनशिप में कोल्हापुर की प्रेरणा अल्वेकर की कड़ी चुनौती समाप्त कर महिला एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष एकल के राउंड 32 मैच में पुणे के शीर्ष वरीय वरूण कपूर ने रोहित बोराडे को 21-8, 21-17 से जबकि दूसरे वरीय यश शाह ने शुभम पाल को 21-17, 21-7 से हराकर प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। साद धर्माधिकारी ने प्रेरणा को 18-21, 21-12, 21-12 से हराकर अंतिम आठ में स्थान पक्का किया। दूसरी वरीय श्रुति मुंडाडा को रायगड़ की रक्षा कंदासैमी से वॉकओवर मिला। ठाणे की सिया सिंह ने नागपुर की नेहाल गोसावी पर 19-21, 21-17, 21-10 की जीत से क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

### फिट इंडिया 31 को यूनिटी रन के साथ होगा समाप्त

नयी दिल्ली। महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर शुरू की गई फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर यूनिटी रन के साथ समाप्त होगी। इस दौड़ के पांचवें सत्र की शुरूआत खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी ने मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर की। उन्होंने दिल्ली के विभिन्न स्कूलों से आये 500 से अधिक बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, हम गांधीजी की जयंती मना रहे हैं और हमें उनकी सीख और आदर्शों का भी अनुकरण करना चाहिये। इस मौके पर युवा कार्य और खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारियों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया और पौधे भी लगाये।

### गॉफ चीन ओपन के सेमीफाइनल में

बीजिंग। छठी रैंकिंग की खिलाड़ी कोको गॉफ ने यूक्रेन की क्वालीफायर खिलाड़ी यूलिया स्टारोडुबत्सेवा के खिलाफ पहले सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी करते हुए गुरुवार को यहां जीत के साथ चीन ओपन के सेमीफाइनल में जगह पक्की की। गॉफ ने विश्व रैंकिंग में 115वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी को 2-6, 6-2, 6-2 से हराया। गॉफ अंतिम चार में स्पेन की 19वीं रैंकिंग वाली खिलाड़ी पाउला बाडोसा से भिड़ेंगी। बडोसा ने क्वार्टर फाइनल में स्थानीय दावेदार झांग शुआई को 6-1, 7-6 (4) से शिकस्त दी। शंघाई मास्टर्स टूर्नामेंट में इटली के माटेओ बेरेटिनी ने पहले दौर में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी क्रिस्टोफर ओकॉनेल को दो घंटे और 13 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 7-6, (9) 7-6 (6) से पराजित किया। विंबलडन के पूर्व उपविजेता बेरेटिनी का सामना अगले दौर में 14वें स्थान पर काबिज होल्गर रूने से होगा।

### भारत को अच्छे प्रदर्शन के लिए करना होगा सुधार : भूटिया

नयी दिल्ली। भारत के दिग्गज फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया ने गुरुवार को कहा कि अगर सीनियर राष्ट्रीय टीम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव छोड़ना है तो आयु वर्ग स्तर के खेल में बहुत अधिक सुधार करना होगा। भारत की तरफ से 100 से अधिक मैच खेलने वाले और 42 अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले भूटिया ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ, राज्य संघों, आई-लीग और आईएसएल क्लबों से अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए जमीनी स्तर पर काम शुरू करने के लिए भी कहा।

# टी-20 : बांग्लादेश ने स्कॉटलैंड को हराया

## बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 119 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को सात विकेट पर 103 रन पर रोका

एजेंसी



शारजाह। बांग्लादेश ने महिला टी20 विश्व कप में अपने अभियान का आगाज गुरुवार को यहां स्कॉटलैंड पर 16 रन की जीत के साथ किया। टी20 विश्व कप के इस शुरुआती मुकाबले में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 119 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को सात विकेट पर 103 रन पर रोक दिया।

बांग्लादेश के लिए शोभना मोस्तरी ने 38 गेंदों में 36 रन और सलामी बल्लेबाज शाति रानी ने 29 रन बनाए। कप्तान निगार सुल्ताना ने 18 गेंद में 18 रन का योगदान दिया जबकि फाहिमा खातून पांच गेंदों में 10 रन बनाकर नाबाद रहीं। दाएं हाथ की स्पिनर सास्किया हॉर्ले दो ओवरों में 13 रन पर तीन विकेट लेकर स्कॉटलैंड की सबसे सफल गेंदबाज रही। उन्हें कैथरीन ब्राइस (23 रन पर एक विकेट), ओलिविया बेल (23 रन पर एक विकेट) और कैथरीन फ्रेजर (23 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्कॉटलैंड की सलामी बल्लेबाज साराह ब्राइस ने एक छोर संभाले रखा और 52 गेंदों में 49 रनों की नाबाद पारी खेली। इस विकेटकीपर बल्लेबाज को हालांकि दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। साराह के अलावा कप्तान कैथरिन ब्राइस (11) और प्रियानाज चटर्जी (11) की दहाई के आंकड़े में रन बना पायी। बायें हाथ की मध्यम गति की गेंदबाज रितू मोनी बांग्लादेश की सबसे सफल गेंदबाज रही। मोनी ने चार ओवर में 15 रन देकर दो विकेट लिये। मारुफा अख्तर, नाहिदा अख्तर, फाहिमा खातून और राबेया खान को एक-एक सफलता मिली।

**महिला टी20 विश्व कप: न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत को शीर्ष खिलाड़ियों से एकजुट प्रदर्शन की उम्मीद**

दुबई। भारत शुक्रवार को यहां महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के अपने शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा तो सीनियर स्टार खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की दरकार होगी क्योंकि टीम अतीत में बेहद करीब पहुंचकर चूकने की यादों से उबरने के लिए सकारात्मक शुरुआत के लक्ष्य के साथ उतरेगी। संभवतः अपना आखिरी टी20 विश्व कप खेल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर कई बार खिताब के करीब पहुंचकर चूकने और निराशाजनक क्षणों की गवाह रही हैं जिसमें टी20 विश्व कप 2020 में मेलबर्न में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार भी शामिल है। अतीत की तरह यह भारतीय टीम भी प्रतिभा से भरपूर है और संभवतः केवल ऑस्ट्रेलिया के पास ही इतनी अच्छी टीम है। लेकिन मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के पास छह टी20 विश्व कप खिताब हैं जबकि भारत को पहले खिताब का इंतजार है। तो वैश्विक आयोजनों में भारत क्यों पिछड़ जाता है? ऐसा लगता है कि यह मुश्किल समय में मानसिक कमजोरी का मामला है और महिला टीम ने एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में तैयारी शिविर के दौरान कुछ काउंसिलिंग सत्रों के साथ इस पर ध्यान देने की कोशिश की।

इस तरह के उपाय हालांकि बड़े टूर्नामेंटों में सीमित मदद ही कर पाते हैं क्योंकि यह पूरी तरह से किसी दिन अपनी रणनीतियों को बिना किसी गलती के लागू करने पर निर्भर करता है। न्यूजीलैंड दो बार का उप विजेता है और उनके खिलाफ जीत को रणनीतिक तथा मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में होने का संकेत माना जा सकता है। भारत के लिए जीत के साथ आगाज करना महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इस ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और पाकिस्तान भी हैं। भारत को अपने शीर्ष खिलाड़ियों 35 वर्षीय हरमनप्रीत, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा से महत्वपूर्ण योगदान की उम्मीद होगी। शेफाली और मंधाना शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने जुलाई में श्रीलंका में एशिया कप में अपने पिछले अंतरराष्ट्रीय मैच में रन बनाए लेकिन भारत फाइनल में मेजबान टीम से हार गया था। मंधाना ने पिछली पांच टी20 पारियों में तीन अर्द्धशतक जड़े हैं।

# खुशी को कांस्य, आईएसएसएफ विश्व कप में भारत को 15 पदक



लीमा (पेरू)। भारत की युवा निशानेबाज खुशी ने यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप की महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। बुधवार को खुशी के इस पदक के साथ प्रतियोगिता में भारत के कुल पदकों की संख्या 15 हो गई है जिसमें 10 स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। भारत की युवा निशानेबाज ने फाइनल में 447.3 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। नॉर्वे की सिनोव बर्ग (458.4 अंक) ने स्वर्ण जबकि उनकी हमवतन कैरोलिन लुंड (458.3 अंक) ने रजत पदक जीता।

खुशी की पदक जीतने की राह हालांकि आसान नहीं रही। उन्होंने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वालीफाइंग दौर में 585 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। खुशी के अलावा चार और खिलाड़ियों ने 585 अंक जुटाए थे और अंततः भारतीय निशानेबाज के अलावा इटली की अन्ना शियावोन ने फाइनल में प्रवेश किया। खुशी और शियावोन ने 10 अंक के अंदरूनी हिस्से में 29 जबकि स्विट्जरलैंड की निशानेबाजों एलेक्स टेला और एमेली जेइगी ने 27 निशाने लगाए। काउंटबैक में खुशी ने शियावोव को पछाड़ा। आठ निशानेबाजों के फाइनल में शुरुआती दो पोजीशंस नीलिंग और प्रोन के बाद खुशी चौथे स्थान पर थी। स्टैंडिंग पोजिशंस में हालांकि वह बेहतर प्रदर्शन करते हुए 40वें शॉट में नॉर्वे की पर्निल नोरवोल को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। सिनोव और कैरोलिन के बीच 45 शॉट के फाइनल के दौरान कड़ी टक्कर देखने को मिली।

खुशी 41वें शॉट में 9.1 अंक के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गई थी लेकिन 42वें और 43वें शॉट में वापसी करते हुए क्रमशः 10.7 और 10.4 अंक के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। जूनियर महिला थ्री पोजीशंस की टीम स्पर्धा में साक्षी पेडेकर, मेलविना जोएल ग्लेडसन और प्राची गायकवाड़ की भारतीय तिकड़ी 1757 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रही। अनुष्का ठाकुर ने भी क्वालीफिकेशन में 585 अंक जुटाए थे लेकिन 10 अंक के अंदरूनी हिस्से में 26 निशाने के साथ वह 11वें स्थान पर रहीं।

# बाडोसा ने चीन ओपन में झांग को हराया, बेरेटिनी शंघाई मास्टर्स में जीते



एजेंसी

बीजिंग। स्पेन की 19वीं रैंकिंग वाली खिलाड़ी पाउला बाडोसा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बृहस्पतिवार को यहां चल रहे चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में स्थानीय दावेदार झांग शुआई को 6-1, 7-6 (4) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। बाडोसा ने मई से अब तक अपने 35 में से 28 मुकाबले जीते हैं और वह पिछले पांच टूर्नामेंट में से तीन के सेमीफाइनल में पहुंची हैं। उन्होंने पिछले महीने अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई थी। पैंतीस वर्षीय झांग ने इस प्रतियोगिता में 24 मैचों में हार के बाद वाइल्ड कार्ड धारक के रूप में प्रवेश किया था हालांकि उन्होंने इस सप्ताह अपने चार मैचों में एक भी सेट नहीं गंवाया। झांग के खिलाफ शुरुआती सेट को आसानी से जीतने वाली बाडोसा ने दूसरा सेट में 1-3 से पिछड़ने के बाद वापसी की और क्वार्टरफाइनल के टाईब्रेक में प्रतिद्वंद्वी को शिकस्त दे दी। बाडोसा अब सेमीफाइनल में अमेरिका की कोको गॉफ और यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता नाओमी ओसाका के चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद गॉफ क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। दूसरी ओर शंघाई मास्टर्स टूर्नामेंट में इटली के माटेओ बेरेटिनी ने पहले दौर में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी क्रिस्टोफर ओकॉनेल को दो घंटे और 13 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 7-6, (9) 7-6 (6) से पराजित किया। पूर्व विंबलडन फाइनलिस्ट बेरेटिनी का सामना अगले दौर में 14वें स्थान पर काबिज होल्गर रूने से होगा। पहले दौर के अन्य मुकाबलों में मार्कोस गिरोन, डेविड गोफिन, जैम मुनार, झोउ यी, जैकब मेनसिक और मिओमिर केकमैनोविच ने जीत दर्ज की।

**टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए सीएसए अनुबंध से हटे शम्सी**

जोहानिसबर्ग। बायें हाथ के कलाई के स्पिनर तबरेज शम्सी ने बृहस्पतिवार को क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के केंद्रीय अनुबंध पूल से हटने का फैसला किया ताकि वह दुनिया भर की टी20 लीग में अधिक सक्रिय रूप से हिस्सा ले सकें। हालांकि शम्सी अब भी दक्षिण अफ्रीका के लिए सफेद गेंद के प्रारूपों में बड़े द्विपक्षीय या आईसीसी टूर्नामेंट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# चैंपियन्स लीग में लिली से हारा रीयाल मैड्रिड



एजेंसी

मैड्रिड। काइलियान एमबापे स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे लेकिन गत चैंपियन रियाल मैड्रिड को बुधवार को यहां चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लिली के खिलाफ 0-1 की हार से नहीं बचा पाए। पैर की मांसपेशियों में मामूली चोट के बाद एमबापे को स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतारा गया। लिली के लिए मैच का एकमात्र गोल कनाडा स्ट्राइकर जोनाथन डेविड ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर दागा।

वीडियो समीक्षा में पाया गया कि मिडफील्डर एडवर्डो कैमाविंगा का हाथ गेंद पर लगा था जिसके बाद लिली को पेनल्टी मिली। पिछले सप्ताहांत हैट्रिक बनाने वाले डेविड ने इसके बाद गोलकीपर एंड्री लुनिन को छकाते हुए गोल किया। एमबापे रीयाल मैड्रिड के लिए 57वें मिनट में मैदान पर आए लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए। लीवरपूल ने मिडफील्डर एलेक्सिस मैक एलिस्टर और दिग्गज फारवर्ड मोहम्मद सालाह के गोल से बोलोग्ना को 2-0 से हराया। इस बीच स्थानापन्न खिलाड़ी जॉन डुरान ने अंतिम लम्हों में गोल करके एस्टन विला को बायर्न म्यूनिख पर 1-0 से जीत दिलाई। यूवेंटस ने लेपजिग को 3-2 से हराया जबकि बेनेफिका ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से रौंदा। इटली की टीम अटलांटा ने यूक्रेन के शाख्तर पर 3-0 से जीत दर्ज की जबकि नीदरलैंड के क्लब फेयेनोर्ड ने गिरोना पर 3-2 से जीत हासिल की।

**इंटर मियामी ने एमएलएस सपोर्टर्स शील्ड जीती, मेस्सी की 46वीं ट्रॉफी**

कोलंबस (ओहियो)। इंटर मियामी ने बुधवार को यहां गत चैंपियन कोलंबस क्रू को 3-2 से हराकर मेजर लीग सॉकर सपोर्टर्स शील्ड जीत ली। लियोनल मेस्सी ने पहले हाफ के अंतिम लम्हों में दो गोल दागे जबकि गोलकीपर ड्रेक कैलेंडर ने 84वें मिनट में पेनल्टी किक रोककर टीम की जीत सुनिश्चित की। नियमित सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम को सपोर्टर्स शील्ड दी जाती है। मेस्सी की यह 46वीं ट्रॉफी है जो उन्होंने अपने क्लब या देश के लिए जीती है। उन्होंने पुरुष फुटबॉल के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ी के अपने रिकॉर्ड को और बेहतर किया। बुधवार की जीत के बाद इंटर मियामी के लीग सत्र में 20 जीत, चार हार और आठ ड्रॉ से 68 अंक रहे। अपने अंतिम दो मैच जीतकर इंटर मियामी की टीम कुल अंकों को 74 तक पहुंचा सकती है जो नया रिकॉर्ड होगा। कोलंबस की टीम के 31 मैच में 57 अंक हैं और वह अपने तीनों मैच जीतकर भी इंटर मियामी की बराबरी नहीं कर सकती।

**अनवर अली भारतीय फुटबॉल के लिए अहम खिलाड़ी: छेत्री**

मुंबइ। पूर्व कप्तान सुनील छेत्री ने बृहस्पतिवार को सेंटर बैक अनवर अली को भारतीय फुटबॉल के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी करार दिया जबकि खिलाड़ियों को जितना संभव को विवादों से उतना दूर रहने के लिए कहा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने सितंबर की शुरुआत में अनवर पर चार महीने का प्रतिबंध लगाया था। महासंघ ने अनवर को मोहन बागान के साथ अपने अनुबंध को अनुचित तरीके से समाप्त करने और अपने मूल क्लब दिल्ली एफसी में वापस लौटने के बाद ईस्ट बंगाल के साथ एक नया करार करने का दोषी ठहराया था।



### भारतीय महिला टीम की सबसे बड़ी चुनौती ऑस्ट्रेलिया : हरभजन

नयी दिल्ली। विश्व कप विजेता भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि महिला टी20 विश्व कप में हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। भारतीय टीम विश्व कप में अपना पहला मुकाबला शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। भारत और न्यूजीलैंड के अलावा ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और पाकिस्तान की टीमें है। हरभजन ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी सतर्क रहने की जरूरत है। भारत के ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें है। इस ग्रुप में मुझे लगता है कि भारत-ऑस्ट्रेलिया का मैच थोड़ा मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया मजबूत टीम है। ये मैच दुबई में उपमहाद्वीप की पिचों पर खेले जा रहे हैं जो शायद भारतीय टीम के लिए घरेलू परिस्थितियों जितनी अनुकूल नहीं होगी। ऑस्ट्रेलिया कही भी खेले उन्हें हराना मुश्किल है। हरभजन का यह आकलन गलत भी नहीं है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने 32 टी-20 मैचों में भारत को 23 बार हराया है जबकि भारतीय टीम इस दौरान सात मैच ही जीत सकी है। हरभजन ने कहा कि भारत को श्रीलंका के खिलाफ भी सतर्क रहना होगा। श्रीलंका ने एशिया कप के फाइनल में भारत को हराकर उलटफेर किया था।

# शेष भारत के चार विकेट पर 286 रन

एजेंसी



लखनऊ। फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन ने लगातार तीसरा शतक जड़कर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया जिससे शेष भारत ने बृहस्पतिवार को यहां ईरानी कप में मुंबई के 537 रन के विशाल स्कोर के जवाब में स्टंप तक चार विकेट पर 286 रन बना लिये। इकाना क्रिकेट स्टेडियम में

**मुंबई का 537 रन का विशाल स्कोर**

मैच के तीसरे दिन ईश्वरन ने 212 गेंद में नाबाद 151 रन बना लिये हैं जिसमें 12 चौके और एक छक्का शामिल है।

ईश्वरन के ईरानी कप में दूसरे शतक की बदौलत चार विकेट पर 289 बना चुकी शेष भारत अभी 248 रन से पिछड़ रही है। बंगाल के 29 साल के क्रिकेटर ने मोहित अवस्थी की गेंद पर चौका जड़कर 117 गेंद में अपना शतक पूरा किया। आस्ट्रेलिया के आगामी लंबे दौरे के लिए भारत के रिजर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज के तौर पर तीन खिलाड़ियों की दौड़ में ईश्वरन के साथ शेष भारत के साथी रुतुराज गायकवाड़ और साई सुदर्शन शामिल हैं। यह ईश्वरन का इस सत्र में लगातार तीसरा प्रथम श्रेणी शतक है और यह ऐसे समय पर आया जब उनकी टीम को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी क्योंकि टीम के कप्तान गायकवाड़ (09) सस्ते में पवेलियन लौट चुके थे। वहीं सुदर्शन अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सके और 79 गेंद में नौ चौकों की मदद से 32 रन बनाकर आउट हो गये। देवदत्त पडीक्कल (16 रन) भी उपयोगी योगदान नहीं कर सके और मोहित अवस्थी की गेंद पर आउट हुए। ईशान किशन भी चयनकर्ताओं को प्रभावित करने का शानदार मौका चूक गये। उन्होंने 60 गेंद में 38 रन बनाये और अवस्थी का शिकार हुए जिससे टीम का स्कोर चार विकेट पर 228 रन हो गया। ईश्वरन ने तीन उपयोगी साझेदारियां कीं, उन्होंने सुदर्शन के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रन, किशन के साथ चौथे विकेट के लिए 70 रन और विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के साथ पांचवें विकेट के लिए 61 रन की भागीदारी निभाई। जुरेल स्टंप तक 41 गेंद में 30 रन बनाकर खेल रहे थे। पिछले महीने दलीप ट्रॉफी में भारत बी की अगुआई करने वाले ईश्वरन दो शतक जड़कर 309 रन बनाकर टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर रहे थे। यह ईश्वरन का सत्र का चौथा शतक है जिसमें पिछले साल फरवरी में रणजी ट्रॉफी में बिहार के खिलाफ दोहरा शतक भी शामिल है।

### पुरुष व महिला टीम में नौ खिलाड़ियों को कई साल के अनुबंध : वेस्टइंडीज

सेंट जोन्स (एंटीगा)। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने पहली बार वेस्टइंडीज के नौ पुरुष और महिला क्रिकेटरों को अगले दो वर्ष के लिए बहु वर्षीय अनुबंध दिए। इन नौ क्रिकेटरों में एकदिवसी उप कप्तान अल्जारी जोसेफ, तेज गेंदबाज शमार जोसेफ, महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान हेली मैथ्यूज और उप कप्तान शेमाइन कैंपबेल शामिल हैं।
सीडब्ल्यूआई ने 15 पुरुष क्रिकेटरों को अनुबंध की पेशकश की और उनमें से छह को 2023-2024 मूल्यांकन अवधि के दौरान उनके प्रदर्शन के आधार पर कई साल के अनुबंध दिए गए। सीनियर महिला टीम में 15 में से तीन खिलाड़ियों को बहु वर्षीय अनुबंध मिले। वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों की दुनिया भर की लुभावनी फ्रेंचाइजी आधारित लीग में बढ़ती प्रतिभागिता के बीच यह घोषणा की गई है जिससे कि खिलाड़ियों को वित्तीय सुरक्षा देकर राष्ट्रीय टीम के साथ जोड़े रखा जाए। पुरुष खिलाड़ियों में शाई होप, ब्रेंडन किंग, गुडाकेश मोती और जेडन सील्स जबकि महिला वर्ग में स्टेफनी टेलर को भी बहु वर्षीय अनुबंध मिले। अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार हैः बहु वर्षीय अनुबंध, पुरुषः शाई होप, अल्जारी जोसेफ, शमार जोसेफ, ब्रेंडन किंग, गुडाकेश मोती और जेडन सील्स।

# महिला लीग भारतीय हॉकी के लिए होगी गेम चेंजर : सविता

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने हॉकी इंडिया लीग में महिलाओं के लिये अलग स्पर्धा शुरू करने के हॉकी इंडिया के फैसले की प्रशंसा करते हुए इसे देश में खेल के लिये गेम चेंजर बताया। टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार हॉकी इंडिया लीग में पुरूषों के साथ महिला टीमें भी भाग लेंगी। दिसंबर के आखिरी सप्ताह से फरवरी 2025 तक चलने वाली एफआईएच से मान्यता प्राप्त इस लीग में पुरूष वर्ग में आठ और महिला वर्ग में छह टीमें भाग लेंगी।



सविता ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, महिलाओं के लिये एक अलग लीग गेम चेंजर होगी और भारतीय हॉकी के लिये यह बड़ा कदम होगा। उन्होंने कहा, भारत की युवा महिला खिलाड़ियों के लिये यह मंच उन्हें उच्च स्तर पर खेलने का मौका देगा और बतौर खिलाड़ी निखारने में भी मदद करेगा। उनके पास यह अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मौका है। महिला और पुरूष लीग साथ में होगी और मुझे नहीं लगता कि किसी और खेल में ऐसा कभी हुआ है। उन्होंने कहा, हॉकी इंडिया ने हमेशा सुनिश्चित किया है कि महिला और पुरूष टीमों को समान सुविधायें मिले। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीतने पर ईनामी राशि भी समान होती है। टूर्नामेंट पिछली बार 2017 में खेला गया था।

**वजन का प्रबंधन करना एथलीट की जिम्मेदारी है : मैरीकॉम**

मुंबई। छह बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एम सी मैरीकॉम ने बृहस्पतिवार को पेरिस ओलंपिक में 100 ग्राम से अधिक वजन होने के कारण पहलवान विनेश फोगाट को हुई निराशा को लेकर इस विवाद पर कहा कि निर्धारित सीमा के भीतर वजन बनाये रखना खिलाड़ी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। चार बच्चों की मां और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम (42 वर्ष) ने यहां एक कार्यक्रम के इतर पहली बार विनेश के बारे में बोलते हुए कहा कि पेरिस ओलंपिक में समय सीमा में वजन का प्रबंधन करना एथलीट की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, मैं इतनी निराश हुई थी कि मैंने भी पिछले इतने वर्षों से यही वजन प्रबंधन किया है।

वजन महत्वपूर्ण होता है, यह मेरी जिम्मेदारी है। मैं किसी अन्य को दोषी नहीं ठहरा सकती। मैरीकॉम ने कहा, मैं उसके (विनेश) मामले में यह नहीं कहना चाहती हूं। मैं यह सिर्फ अपने मामले में ही कह रही हूं। अगर मैं अपना वजन ही सही तरह से नहीं घटा पाऊंगी तो मैं कैसे खेलूंगी? मैं वहां पदक जीतने के लिए थी, मुझे ऐसा ही लगता है। मैरीकॉम पहले भी अपने वजन कम करने का रूटीन बता चुकी हैं कि यह प्रक्रिया कितनी मुश्किल हो सकती है। मणिपुर की इस मुक्केबाज ने पिन वेट (46 किग्रा) वर्ग से शुरूआत की और फिर अपने अमेच्योर कैरियर में फ्लाईवेट (51 किग्रा) वजन में खेलने लगीं।

पेरिस में स्वर्ण पदक दावेदार मानी जा रही विनेश ने खाना पीना छोड़कर पूरी रात वर्कआउट किया और अपने बाल भी कटाये लेकिन फिर भी वह 100 ग्राम से चूक गईं। मैरीकॉम खेल मंत्री मनसुख मांडविया से भारतीय मुक्केबाजी पर चर्चा करना चाहती हैं क्योंकि वह पेरिस ओलंपिक में देश के मुक्केबाजी अभियान से अब तक नाखुश हैं। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय महासंघ और खेल मंत्री से मिलकर बात करके समझना चाहती हूं कि किस चीज की कमी हो रही है। भारतीय मुक्केबाजी दल में दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन शामिल थीं लेकिन देश के नाम एक भी पदक नहीं हो सका।

# कुछ लोग स्वार्थ का रास्ता अपनाते है

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल करने में मौजूदा पीढ़ी का योगदान अहम: मुर्मू

जयपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पाने में वर्तमान पीढ़ी का योगदान महत्वपूर्ण है।



उन्होंने कहा कि कुछ लोग स्वार्थ का रास्ता अपनाते हैं, लेकिन सभी के हितों को प्राथमिकता देने से छात्रों की प्रतिभा निखरेगी। राष्ट्रपति उदयपुर में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा सशक्तीकरण का सबसे अच्छा माध्यम है।

उन्होंने कहा, हमने वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। आपकी पीढ़ी के योगदान के बल पर ही यह राष्ट्रीय लक्ष्य प्राप्त करना संभव होगा। मैं आशा करती हूं कि आप राष्ट्र निर्माण में यथाशक्ति का सर्वाधिक योगदान देंगे। उन्होंने कहा, मुझे आशा है कि आप अपने आचरण और कार्यों से अपने परिवार, समाज तथा देश का गौरव बढ़ाएंगे। इसी से आपकी शिक्षा की सार्थकता सिद्ध होती है। बाबा साहेब आंबेडकर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, बाबा साहेब का मानना था कि चरित्र, शिक्षा से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। वह मानते थे कि ऐसा शिक्षित व्यक्ति जिसमें चरित्र और विनम्रता न हो वह हिंसक जीव से भी ज्यादा खतरनाक होता है। उसकी शिक्षा से यदि गरीबों को हानि हो वह व्यक्ति समाज के लिए अभिशाप हो सकता है। उन्होंने कहा, मेरा आप सभी से ये कहना है कि आप जहां भी हों, कोई ऐसा कार्य न करें जिससे आपके चरित्र पर लांछन आये। मुर्मू ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में जब विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव हो रहे हैं ऐसे में विद्यार्थियों की विद्यार्थी की भावना को सदैव बनाए रखना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा, आपको व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा और सामाजिक संवेदनशीलता दोनों का समन्वय बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। संवेदना एक प्राकृतिक गुण है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग स्वार्थ का मार्ग पकड़ लेते हैं लेकिन सबके हित को प्राथमिकता देने की विचारधारा आपकी प्रतिभा और अधिक निखारेगी।

## अहमदाबाद को सबसे स्वच्छ शहर बनाने में मदद करें लोग : अमित शाह



अहमदाबाद। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को गुजरात के अहमदाबाद के निवासियों से आग्रह किया कि वे अगले साल केंद्र के स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नगर निगम के अधिकारियों का सहयोग करें।

शाह अहमदाबाद नगर निगम द्वारा भदज क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में 447 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। अहमदाबाद शहर शाह के गांधीनगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है। वह राज्य के दो दिवसीय दौरे पर हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में मध्यप्रदेश के इंदौर और गुजरात के सूरत को संयुक्त रूप से देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया था। शाह ने कहा, "एएमसी का लक्ष्य शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में शीर्ष पर लाना है। हो सकता है कि हम इस वर्ष यह लक्ष्य हासिल न कर पाएं। लेकिन, अगर हम आज से शुरुआत करें तो अगले वर्ष के सर्वेक्षण में हम देश का सबसे स्वच्छ शहर होने का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।" उन्होंने कहा कि इस संबंध में योजना बनाने के लिए वह नगर निगम के अधिकारियों से मिलेंगे। शाह ने उपस्थित लोगों को बताया कि पिछले पांच वर्षों के दौरान उनके लोकसभा क्षेत्र में 37,000 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्य किए गए, जिनमें गुजरात सरकार द्वारा स्वीकृत 23,951 करोड़ रुपये की लागत के कार्य और केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 14,000 करोड़ रुपये की लागत की परियोजनाएं शामिल हैं।

## संक्षेप

### ईरान में 26 लोगों की मौत

तेहरान। ईरान में मेथनॉल युक्तपेय पदार्थ पीने से कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी है। आधिकारिक आईआरएनए समाचार एजेंसी ने बुधवार देर रात बताया कि जहरीले मेथनॉल के कारण उत्तरी प्रांतों माजंदरान और गिलान तथा पश्चिमी प्रांत हमादान के विभिन्न शहरों और कस्बों में पुरुषों और महिलाओं की मौत हो गई। आईआरएनए ने कहा कि शराब के कारण सैकड़ों लोगों को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। रिपोर्ट में मादक पेय का स्रोत स्पष्ट नहीं था।

### गोलीबारी में छह प्रवासियों की मौत

मैक्सिको सिटी। मैक्सिको के ग्वाटेमाला की सीमा के समीप एक ट्रक पर सैनिकों की गोलीबारी में छह प्रवासियों की मौत हो गई। रक्षा विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। विभाग के एक बयान के अनुसार, सैनिकों ने दावा किया कि जब सोमवार देर रात ट्रक और दो अन्य वाहन दक्षिणी राज्य चियापास में हुइक्सटला शहर के समीप उनके तैनाती स्थल के पास पहुंचे तो उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी। ट्रक मिस्र, नेपाल, क्यूबा, भारत, पाकिस्तान और एक अन्य देश से प्रवासियों को ले जा रहा था।

## भाजपा की नफरत को सफल नहीं होने देंगे: राहुल



नूंह (हरियाणा)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को हरियाणा की जनता से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया तथा कहा कि कांग्रेस धर्म, भाषा और जाति के आधार पर भाजपा द्वारा फैलाई जा रही नफरत को सफल नहीं होने देगी।

गांधी नूंह में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर तीखे हमले किए और कहा कि आज मोहब्बत और नफरत के बीच लड़ाई है। पिछले साल नूंह में विश्व हिंदू परिषद के जुलूस पर भीड़ द्वारा हमला किए जाने के बाद हिंसा भड़क गई थी जिसमें दो होम गार्ड और एक मौलवी सहित छह लोगों की मौत हो गई थी। राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के आखिरी दिन आरोप लगाया कि कि कांग्रेस प्यार फैलाती है जबकि भाजपा नफरत फैलाती है। हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीट के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होगा। मतणना आठ अक्टूबर को होगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण चीज भाईचारा है। भाजपा और आरएसएस के लोग जहां भी जाते हैं, नफरत फैलाते हैं। वे जिस भी राज्य में जाते हैं, कहीं भाषा के बारे में बात करते हैं, कहीं वे धर्म के बारे में बात करते हैं और कहीं वे जाति के बारे में बात करते हैं। गांधी का कहना था, नफरत को खत्म करना होगा। भारत नफरत का देश नहीं है, यह मोहब्बत का देश है। आपने यह पूरे देश को दिखाया है। उन्होंने कहा कि भारत मोहब्बत की दुकान का देश है, नफरत का बाजार का नहीं है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि हम देश में इस नफरत को जीतने नहीं देंगे। देश में प्यार, भाईचारा और एकता की जीत होगी। उनका कहना था, नफरत से देश कमजोर होता है। नफरत से दुख और डर फैलता है।

## कांगो में नौका पलटने से 50 लोगों की मौत

गोमा (कांगो)। मध्य अफ्रीकी देश कांगो के पूर्वी हिस्से में किवु झील में बृहस्पतिवार को सैकड़ों यात्रियों को ले जा रही एक नौका के पलट जाने से कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नौका पर कितने लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने बचाव सेवाओं को पानी से कम से कम 50 शव निकालते देखा। उन्होंने बताया कि 10 लोग बचा लिए गए और उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। नौका पर क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। यह घटना उस वक्त हुई जब नौका किटुकू बंदरगाह से कुछ मीटर की दूरी पर किनारे की तरफ आ रही थी।

## तेज़ हवाओं और बारिश के साथ तूफ़ान क्रैथॉन की ताइवान में दस्तक



काउश्युंग (ताइवान)। तूफान क्रैथॉन ने बृहस्पतिवार को ताइवान के प्रमुख बंदरगाह शहर काउश्युंग में दस्तक दी, जिससे द्वीप के दक्षिणी हिस्से में मूसलाधार बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं। क्रैथॉन की वजह से चली तेज़ हवाओं के कारण पेड़ गिर गए और सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे स्कूल और कारोबारी प्रतिष्ठानों को बंद करना पड़ा। केंद्रीय मौसम प्रशासन ने बताया कि क्रैथॉन ने दोपहर करीब 12:40 बजे काउश्युंग के औद्योगिक सियाओगांग जिले में दस्तक दी। इसमें अधिकतम 126 किलोमीटर प्रति घंटे की हवाएं निरंतर चलीं और उनकी गति बढ़ कर 162 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो गई।

इस तूफान के राजधानी ताइपे पहुंचने से पहले धीरे-धीरे उत्तर की ओर बढ़ने, शुक्रवार तक कमजोर होकर उष्णकटिबंधीय दबाव में बदलने, और फिर ताइवान जलडमरूमध्य से होते हुए चीनी तट की ओर बढ़ने का अनुमान था। ताइपे में बृहस्पतिवार को तेज हवाएं चलीं लेकिन बारिश बहुत कम हुई। काउश्युंग में प्रशासन ने अपने निवासियों से संभावित विनाशकारी हवाओं और बारिश से बचने के लिए सुरक्षित आश्रय लेने का आग्रह किया था। तेज हवाओं के कारण जगह जगह पानी भर गया और कई दुकान और मकान ढह गए। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। धीमी गति से चलने वाला तूफान लगभग 4 किमी प्रति घंटे (2.5 मील प्रति घंटे) की गति से ताइवान के पास पहुंचा। तूफान के कारण पिछले पांच दिनों में द्वीप के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में पानी भर गया जिससे हजारों लोगों को पहाड़ी या निचले इलाकों से निकलने पर मजबूर होना पड़ा। समझा जाता है कि दो दिनों तक कारोबारी गतिविधियां बंद होने से द्वीप की उच्च प्रौद्योगिकी वाली अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण असर पड़ा है।

## चक्रवात किर्क मजबूत हो कर श्रेणी तीन के तूफान में बदला

मियामी (अमेरिका)। अटलांटिक महासागर में उठा चक्रवात किर्क बुधवार को मजबूत होकर श्रेणी तीन के तूफान में तब्दील हो गया और इसके तेजी से प्रचंड तूफान में बदलने की आशंका है। विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी। हालांकि तटीय क्षेत्रों में कोई निगरानी या चेतावनी जारी नहीं की गई थी तथा तूफान प्रणाली को अब तक मैदानी भाग के लिए खतरा नहीं माना गया था। मियामी स्थित यूएस नेशनल हरिकेन सेंटर ने कहा कि किर्क मजबूत हो कर श्रेणी तीन के तूफान में तब्दील हो गया है। तूफान का प्रभाव लेसर एंटिलीज से लगभग 1,855 किलोमीटर पूर्व-उत्तरपूर्व में था तथा इसकी अधिकतम गति 195 किलोमीटर प्रति घंटा थी।

तूफान 19 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। इस सप्ताह इसके उत्तर-उत्तर-पश्चिम और उत्तर की ओर धीरे-धीरे बढ़ने की उम्मीद है। यूएस नेशनल हरिकेन सेंटर ने कहा कि चक्रवात के कारण समुद्र में विशाल लहरें उठ सकती हैं जिससे सर्फिंग करना जानलेवा हो सकता है। चक्रवात सप्ताहांत तक लीवार्ड द्वीप समूह और बरमूडा के कुछ हिस्सों को प्रभावित कर सकता है।

## भारतीय मूल के पूर्व मंत्री को 12 माह की जेल

सिंगापुर। सिंगापुर उच्च न्यायालय ने भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस ईश्वरन को दो व्यापारियों से करीब 403,300 सिंगापुर डॉलर के उपहार प्राप्त करने के सात साल पुराने मामले में बृहस्पतिवार को 12 माह जेल की सजा सुनाई। ईश्वरन व्यापारियों अपना दोस्त बताते थे।

ईश्वरन (62) ने 24 सितंबर को मुकदमे की सुनवाई के पहले दिन उपहार प्राप्त करने और न्याय में बाधा डालने से जुड़े चार आरोपों में अपना जुर्म कबूल किया। अभियोजन पक्ष के 56 गवाहों के बयान दर्ज कराने के लिए इस सुनवाई को लंबा चलना था लेकिन इसे संक्षिप्त कर दिया गया। न्यायमूर्ति विंसेंट हुंग ने सजा सुनाते हुए कहा कि उन्होंने सजा के अनुरोध पर अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष दोनों की दलील पर गौर किया, लेकिन अंततः दोनों पक्षों के रुख से सहमत नहीं हो पाए। न्यायमूर्ति हुंग ने इस बात पर जोर दिया कि सार्वजनिक संस्थाओं में भरोसा और विश्वास प्रभावी शासन का आधार है।

न्यायमूर्ति ने कहा कि पूर्व मंत्री ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए लगभग 403,300 सिंगापुरी डॉलर (313,200 अमेरिकी डॉलर) के उपहार स्वीकार किए। न्यायमूर्ति ने कहा कि अहम बात यह है कि ईश्वरन ने सार्वजनिक बयान देकर आरोपों को झूठा बताया था। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर में न्यायमूर्ति के हवाले कहा गया, प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में ईश्वरन ने कहा था कि उन्होंने आरोपों को खारिज किया है और वे निर्दोष हैं, तथा उन्हें विश्वास है कि उन्हें बरी कर दिया जाएगा। इसलिए, मेरे लिए यह विश्वास कर पाना मुश्किल है कि उन्हें पश्चाताप है। न्यायमूर्ति हुंग ने कहा कि अपराधी का लोक सेवक के रूप में पद जितना उंचा होगा, उसकी दोषसिद्धि का स्तर उतना ही अधिक होगा। ईश्वरन के अधिवक्ता दविंदर सिंह ने आठ-सप्ताह से अधिक की सजा न दिए जाने की दलील दी थी, जबकि डिप्टी अटार्नी जनरल ताई वेई श्योन्ग ने छह से सात माह की सजा अनुरोध किया था।

## इंटरटेनमेंट...

### अमिताभ की पहली तमिल फिल्म 'वेट्टैयन' का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की अगली फिल्म 'वेट्टैयन' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। खास बात यह है कि इस फिल्म में रजनी के साथ अमिताभ बच्चन भी नजर आएंगे। यह अमिताभ की पहली तमिल फिल्म है। वहीं इसके जरिए वो रजनीकांत के साथ 33 साल बाद काम करते नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी बार 1991 में रिलीज हुई फिल्म 'हम' में साथ काम किया था।

बतौर लीड एक्टर साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की यह 170वीं फिल्म है। ट्रेलर में दिखा रजनी का एक्शन अवतार 2 मिनट 39 सेकेंड के इस ट्रेलर में भरपूर सस्पेंस, थ्रिलर और एक्शन है। कहानी एक ऐसे ऑफिसर की है जो मुजरिम को सजा दिलाना चाहता है। ट्रेलर में सुपरस्टार रजनी अपने पुराने एक्शन अंदाज में गुंडों को पीटते नजर आए। उनके अलावा इसमें अमिताभ बच्चन, फहाद फासिल और राणा दग्गुबाती भी अहम रोल में नजर आएंगे। इसमें मंजू वारियर, रितिका सिंह, दुशारा विजयन और किशोर जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। फिल्म में रजनी अपने वही पुराने अंदाज में एक्शन करते दिखेंगे। चर्चा है कि राणा दग्गुबाती इस फिल्म में विलेन के रोल में नजर आएंगे। वहीं फहाद फासिल के रोल को लेकर भी सस्पेंस बना हुआ है। अमिताभ के बर्थडे से एक दिन पहले होगी रिलीज यह फिल्म अमिताभ बच्चन के 82वें जन्मदिन से एक दिन पहले 10 अक्टूबर को वर्ल्डवाइड थिएटर्स में रिलीज होगी। इसे तमिल, तेलुगू, हिंदी और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फिल्म का निर्देशन टी.जे. गनानावेल ने किया है। अमिताभ के किरदार की भी खास अपडेट सामने नहीं आई है। मेकर्स ने इसे सीक्रेट रखा है। वर्कफ्रंट पर जहां अमिताभ को 'वेट्टैयन' के अलावा 'आंख मिचौली 2' में देखा जाएगा। वहीं रजनीकांत के पास इसके अलावा 'कुली' टाइटल फिल्म है।

### एनिमेटेड फिल्मों का मेकिंग प्रोसेस

**मुंबई।** 2007 में रिलीज हुई फिल्म माय फ्रेंड गणेशा एनिमेशन वाली फिल्म थी। इसमें गणेश जी के कैरेक्टर को 2ऊ एनिमेशन से तैयार किया गया था। टीवी पर आने वाले कार्टून कैरेक्टर्स एनिमेशन के जरिए तैयार किए जाते हैं। जब टेक्नोलॉजी विकसित नहीं थी, तब स्केच के जरिए ये कैरेक्टर्स बनाए जाते थे। जैसे टॉम एंड जेरी का उदाहरण लीजिए। टॉम एंड जेरी के सारे कैरेक्टर्स को हाथ के जरिए कागज पर डिजाइन किया गया था। उठने-बैठने, दौड़ने-खेलने और खाने-पीने सहित सारे एक्शंस को एक पेपर पर उतार लिया जाता था। फिर कलर करने के बाद उसे स्कैन किया जाता था। स्कैनिंग के बाद इसे रील पर कॉपी करके अंत में रिलीज कर दिया जाता था।

यह 2डी एनिमेशन के तहत होता था। ऐसे हजारों स्केच बनते थे, तब जाकर एक सीन क्रिएट होता था। बाद में समय के साथ टेक्नोलॉजी बेहतर हुई। इसके बाद 3डी एनिमेशन आया। इसे कंप्यूटर की मदद से तैयार किया जाने लगा। रील टु रियल के नए एपिसोड में एनिमेटेड फिल्मों की मेकिंग प्रोसेस पर बात करेंगे। इसके लिए हमने कई एनिमेटेड फिल्में बनाने वाले डायरेक्टर राजीव एस रुइया और सुमन देब से बात की।

### सलमान खान एक बार फिर होस्ट करेंगे 'बिग बॉस-18'



मुंबई। 'बिग बॉस 18' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। 6 अक्टूबर से यह पॉपुलर रियलिटी शो टीवी पर लौटने वाला है। सलमान खान एक बार फिर बतौर होस्ट नजर आएंगे। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस बार शो में कौन-कौन सेलेब्रिटी बतौर कंटेस्टेंट दिख सकते हैं। आइए जानते हैं उन सेलेब्स के बारे में, जो इस बार 'बिग बॉस' के घर में नजर आ सकते हैं। अर्फीन खान और उनकी पत्नी सारा लेखक और लाइफ कोच अर्फीन खान और उनकी पत्नी सारा 'बिग बॉस 18' में शामिल हो सकते हैं। अर्फीन और सारा ने ऋतिक रोशन, करीना कपूर खान और टाइगर श्रॉफ जैसे एक्टर्स के साथ काम किया है। अर्फीन एक टीईडी स्पीकर, लाइफ कोच और लेखक हैं, जबकि सारा एक एक्ट्रेस और बिजनेस वुमन हैं। अर्फीन और सारा, जो दुबई में रहते हैं, आज यानी की 2 अक्टूबर को मुंबई आएंगे, ताकि वे 'बिग बॉस 18' में हिस्सा ले सकें।

### सात को रिलीज होगा 'सिंघम अगेन' का ट्रेलर

मुंबई। सिंघम अगेन 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। रोहित शेट्टी की इस फिल्म के ट्रेलर का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 7 अक्टूबर को एक ग्रैंड इवेंट में सिंघम अगेन के ट्रेलर को रिलीज जा सकता है। हालांकि, अब तक इसको लेकर कोई भी ऑफिशियल स्टेटमेंट सामने नहीं आया है।



इस फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर के साथ-साथ कई स्टार्स नजर आने वाले हैं। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई में 7 अक्टूबर को नीता-मुकेश अंबानी के कल्चरल सेंटर में एक इवेंट के दौरान फिल्म सिंघम अगेन के ट्रेलर को लॉन्च किया जा सकता है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस मौके पर अजय देवगन, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, जैकी श्रॉफ, रणवीर सिंह और अक्षय कुमार भी मौजूद रहेंगे। मेकर्स चाहते हैं कि ट्रेलर फिल्म जितना ही ग्रैंड हो। पिंकविला रिपोर्ट्स की मानें तो सिंघम अगेन के सैटेलाइट, डिजिटल और म्यूजिक राइट्स ने 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com